RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 61
नई दिल्ली, बुधवार, 4 जनवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ने को तैयार
स्पोर्ट्स-12

# अभिव्यक्ति की आजादी पर अतिरिक्त पाबंदी नहीं: कोर्ट

● शीर्ष अदालत ने कहा-किसी मंत्री के बयान को अप्रत्यक्ष रूप से सरकार से जोड़ा नहीं जा सकता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**सुप्रीम** कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि सामूहिक जिम्मेदारी के सिद्धांत को लागू करने के बावजूद, किसी मंत्री द्वारा दिए गए बयान को अप्रत्यक्ष रूप से सरकार के साथ नहीं जोड़ा जा सकता। न्यायालय ने यह भी कहा कि सार्वजनिक पद पर आसीन व्यक्ति के लिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर कोई अतिरिक्त पाबंदी नहीं लगाई जा सकती।

न्यायमूर्ति एसए नजीर की अगुवाई वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 19(2) के तहत उल्लिखित पाबंदियों के अलावा किसी सार्वजनिक पदाधिकारी के भाषण एवं अभिव्यक्ति के अधिकार पर कोई अतिरिक्त पाबंदी लागू नहीं की जा सकती। पीठ में न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी. रामसुब्रमण्यम भी शामिल हैं। पीठ ने कहा, सामूहिक जिम्मेदारी के सिद्धांत को लागू करने के बावजूद किसी मंत्री द्वारा दिए गए बयान को अप्रत्यक्ष रूप से सरकार के साथ नहीं जोड़ा जा सकता, फिर भले ही वह बयान राज्य के किसी मामले को लेकर हो या सरकार की रक्षा करने वाला हो। न्यायालय ने कहा, अनुच्छेद 19(1) के तहत मौलिक अधिकार का प्रयोग राज्य के अलावा अन्य व्यवस्था के खिलाफ भी किया जा सकता है। पीठ में शामिल न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना ने इस बात पर सहमति जताई कि अनुच्छेद 19 के अलावा स्वतंत्र अभिव्यक्ति पर वृहद पाबंदी नहीं लगाई जा सकती। हालांकि, उन्होंने कहा कि यदि कोई मंत्री अपनी आधिकारिक क्षमता में अपमानजनक बयान देता है तो ऐसे बयान को अप्रत्यक्ष रूप से सरकार से जोड़ा जा सकता है।

उच्चतम न्यायालय उस व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई कर रहा है जिसकी पत्नी तथा बेटी से जुलाई 2016 में बुलंदशहर के समीप एक राजमार्ग पर कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया गया। वह इस मामले को दिल्ली स्थानांतरित करने तथा उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मंत्री आजम खान पर उनके विवादित बयान के लिए प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध कर रहा है। आजम खान ने कहा था कि सामूहिक ( शेष पेज 8 )

### 'आधिकारिक क्षमता में मंत्री के बयान के लिए सरकार को ठहरा सकते हैं जिम्मेदार'

**नई दिल्ली।** नफरती भाषण के संविधान के मूलभूत मूल्यों पर प्रहार करने का उल्लेख करते हुए उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना ने मंगलवार को कहा कि अगर कोई मंत्री अपनी आधिकारिक क्षमता में अपमानजनक बयान देता है तो इस तरह के बयानों के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। न्यायमूर्ति एस.ए. नजीर, न्यायमूर्ति बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति ए.एस. बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमण्यन की एक संविधान पीठ ने एक अलग फैसले में कहा कि एक मंत्री के बयान के लिए सरकार को अप्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। इस ( शेष पेज 8 )

# पोस्टमार्टम में दुष्कर्म की पुष्टि नहीं, चोटों से हुई मौत

**कंझावला घटना**

● पोस्टमार्टम से खुलासा, लड़की के सिर, रीढ़ की हड्डी और निचले अंगों में गहरी चोटें

● चश्मदीद सहेली ने कहा-आरोपी जानते थे कि उनकी गाड़ी में युवती फंसी है, लेकिन वे रुके नहीं

● कड़ी सुरक्षा में हुआ अंतिम संस्कार, परिवार के साथ लोगों ने की न्याय दिलाने की मांग



कार की टक्कर से मरी युवती के परिजनों से बात करते मीडियाकर्मी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राजधानी** के कंझावला इलाके में जिस 20 वर्षीय युवती को कार से टक्कर मारने के बाद कई किलोमीटर तक घसीटा गया, उसकी मौत सिर, रीढ़ की हड्डी और निचले अंगों में चोट लगने से हुई। युवती के साथ दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई है। यह जानकारी पोस्टमार्टम की प्राथमिक रिपोर्ट के हवाले से सामने आई है।

इस बीच, मंगलवार शाम को भारी सुरक्षा के बीच युवती का अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस चश्मदीद गवाहों, सीसीटीवी फुटेज और घटना स्थल से मिले तथ्यों के आधार पर केस की कड़ियां जोड़ रही है। दिल्ली पुलिस ने पीड़िता की सहेली का बयान दर्ज किया है, जो उसके साथ स्कूटी पर पीछे बैठी थी और डर के मारे दुर्घटना स्थल से भाग गई थी। पुलिस ने कहा कि चश्मदीद के बयान आरोपियों को सजा दिलाने में महत्वपूर्ण सबूत होंगे तथा कुछ और सीसीटीवी फुटेज बरामद किए गए हैं जो रविवार रात की घटनाओं के क्रम को स्थापित करने में मदद कर सकते हैं।

इस बीच, दुघर्टना के समय साथ रही अंजलि की दोस्त निधि ने दावा किया कि कार के अंदर मौजूद आरोपी यह जानते थे कि महिला उनकी गाड़ी के नीचे फंसी हुई है, लेकिन इसके बावजूद वे उसे घसीटते रहे और उसे बचाने के लिए एक बार भी नहीं रुके। उसने यह भी दावा किया कि अंजलि नशे में थी और स्कूटी चलाने के लिए जोर दे रही थी। मालूम हो कि सीसीटीवी में दिख रहा है कि पहले निधि स्कूटी चला रही थी और अंजलि पीछे बैठी थी, बाद की फुटेज ( शेष पेज 8 )

### पीड़ित परिवार को 10 लाख, केस का भी खर्च उठाएगी सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कंझावला इलाके में हुई घटना में जान गंवाने वाली युवती के परिवार को 10 लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की मंगलवार को घोषणा की। साथ ही उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार इस मामले के लिए सर्वश्रेष्ठ वकील नियुक्त करेगी। सीएम ने युवती की मां से भी बात की और वादा किया कि सरकार उनके इलाज का पूरा खर्च उठाएगी। युवती परिवार में अकेली कमाने वाली थी। उसकी मां गुर्दा संबंधी बीमारी से पीड़ित हैं और उनका डायलिसिस होता है। सीएम ने कहा कि सरकार भविष्य में भी पीड़ित परिवार की हर जरूरत का ख्याल रखेगी।

# आत्मनिर्भर भारत बनाने को आगे आए विज्ञान शोधार्थी

● प्रधानमंत्री मोदी ने किया भारतीय विज्ञान कांग्रेस का उद्घाटन

● ज्ञान का विस्तार कर रोजमर्रा की जिंदगी में बदलाव लाने का आह्वान



**पायनियर समाचार सेवा।** नागपुर

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को अगले 25 वर्षों के लिए विज्ञान के दृष्टिकोण को रेखांकित किया। उन्होंने शोधकर्ताओं से देश को आत्मनिर्भर बनाने और रोजमर्रा की जिंदगी में बदलाव लाने का आह्वान करते हुए अपने ज्ञान का विस्तार पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया।

मोदी ने नागपुर में 108वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस का उद्घाटन करते हुए वैज्ञानिक प्रक्रियाओं को मजबूत करने, क्वांटम प्रौद्योगिकी, डेटा विज्ञान, नए टीकों के विकास जैसे उभरते क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने, नई बीमारियों के लिए निगरानी के प्रयासों को तेज करने और युवाओं को अनुसंधान के लिए प्रोत्साहित करने पर भी जोर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि विज्ञान के प्रयास, बड़ी उपलब्धियों में ( शेष पेज 8 )

### मोदी व किंग चार्ल्स की फोन पर हुई बातचीत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को किंग चार्ल्स से फोन पर वार्ता की। इस बातचीत में भारत और ब्रिटेन के द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा के साथ वैश्विक मुद्दों पर चर्चा हुई। ब्रिटेन की राजगद्दी संभालने के बाद किंग चार्ल्स से प्रधानमंत्री मोदी की यह पहली वार्ता है। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी ने किंग के सफल कार्यकाल की शुभकामना दी। फोन पर वार्ता के दौरान दोनों देशों के साझा हित के मुद्दों के साथ पर्यावरण एक्शन, जैव विविधता और वित्त, ऊर्जा और अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने ट्वीट में कहा कि महामहिम किंग चार्ल्स तृतीय से ( शेष पेज 8 )

# थियेटर मालिक बाहर से खाना लाने पर लगा सकता है रोक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● सुप्रीम कोर्ट ने कहा, सिनेमा हॉल मालिकों की निजी संपत्ति है

**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को व्यवस्था दी कि सिनेमाघर मालिकों को खानपान की सामग्री बेचने के नियम और शर्तें निर्धारित करने का अधिकार है और वे तय कर सकते हैं कि थिएटर परिसर में बाहरी खाद्य पदार्थों को लाने की अनुमति दी जाए या नहीं।

शीर्ष अदालत ने जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय के एक आदेश को रद्द कर दिया, जिसने जुलाई 2018 में राज्य के मल्टीप्लेक्स तथा सिनेमाघर मालिकों को निर्देश दिया था कि दर्शकों को थिएटर में उनकी खाद्य सामग्री और पानी लाने से नहीं रोका जाए। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ ने कहा कि सिनेमाघर उसके मालिक की निजी संपत्ति है, जिसे तब तक नियम और शर्तें तय करने का अधिकार है जब तक वे जनहित, सुरक्षा और कल्याण के प्रतिकूल नहीं हों। पीठ ने कहा, दर्शक मनोरंजन के लिए सिनेमाघर में आते हैं। हमारा स्पष्ट मत है कि उच्च न्यायालय ने राज्य को आदेश देकर संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत अपने न्याय क्षेत्र की सीमाओं का उल्लंघन किया, जिसमें कहा गया कि दर्शक को सिनेमाघर परिसर में बाहर से खानपान की सामग्री लाने पर कोई रोक नहीं होनी चाहिए। शीर्ष अदालत जम्मू कश्मीर उच्च न्यायालय के निर्देश के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

पीठ ने कहा कि फिल्म देखनी है या नहीं, यह पूरी तरह दर्शक की पसंद का विषय है और यदि वह सिनेमाघर में प्रवेश करता है या करती है तो उसे नियम शर्तों का पालन करना होगा। उसने कहा, यह तय करने के लिए थिएटर मालिक स्वतंत्र हैं कि उनके परिसर में ( शेष पेज 8 )

# हर प्रकार के धर्मांतरण गैरकानूनी नहीं: कोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को एक मामले पर सुनवाई के सहमति जताने के साथ ही कहा कि हर प्रकार के धर्मांतरण को गैर कानूनी नहीं कहा जा सकता। न्यायालय ने मध्य प्रदेश सरकार की एक याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति जताई जिसमें जिलाधिकारी को सूचित किए बिना शादी करने वाले अंतरधार्मिक जोड़ों पर मुकदमा चलाने से रोकने वाले उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी। न्यायालय ने कहा कि हर तरह के धर्मांतरण को अवैध नहीं कहा जा सकता। न्यायमूर्ति एम.आर. शाह और न्यायमूर्ति सी.टी. रविकुमार की पीठ ने मामले में नोटिस जारी किया और मामले की सुनवाई सात फरवरी के लिए स्थगित कर दी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने की मांग की लेकिन शीर्ष अदालत ने कोई निर्देश पारित करने से इनकार कर दिया। मेहता ने कहा कि शादी का इस्तेमाल अवैध धर्मांतरण के लिए किया जाता है और ( शेष पेज 8 )

# 28 बुनियादी ढांचा परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित की गईं



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● रक्षामंत्री ने किया लोकार्पण, लद्दाख, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और जम्मू-कश्मीर के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों में स्थित हैं से परियोजनाएं

● कहा, हम युद्ध में विश्वास नहीं रखते, लेकिन अगर यह हम पर थोपा गया तो हम लड़ेंगे

**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने सैन्य तैयारियों और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए मंगलवार को लद्दाख, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और जम्मू कश्मीर के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों में पुलों और सड़कों समेत 28 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को देश को समर्पित किया।इस मौके पर उन्होंने कहा, हम युद्ध में विश्वास नहीं रखते, लेकिन अगर यह हम पर थोपा गया तो हम लड़ेंगे। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि राष्ट्र सभी खतरों से सुरक्षित रहे। हमारे सशस्त्र बल तैयार हैं और यह देखकर खुशी हो रही है कि बीआरओ उनके साथ ( शेष पेज 8 )

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,294 | ↑ 126 | |
| निफ्टी | 18,232 | ↑ 35 | |
| सोना | 55,940 | ↑ 506 | /10g |
| चांदी | 71,224 | ↑ 1374 | /kg |

### क्विक न्यूज

**भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 16 और 17 को**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक यहां 16-17 जनवरी को होगी और इसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के कार्यकाल में विस्तार को मंजूरी दी जा सकती है। पार्टी सूत्रों ने कहा कि पार्टी के प्रमुख संगठनात्मक निकाय की बैठक में विभिन्न राज्यों के आगामी विधानसभा चुनावों के लिए रणनीति पर विचार किया जाएगा। इसके साथ ही अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों का भी जायजा लिया जाएगा। पार्टी प्रमुख के रूप में नड्डा का तीन साल का कार्यकाल इस महीने के अंत में पूरा हो रहा है और इस बात की पूरी संभावना है कि आगामी चुनावों को देखते हुए उनका कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है। सूत्रों ने बताया कि भारत को मिली जी-20 की अध्यक्षता के मौके पर सरकार द्वारा आयोजित देशव्यापी कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श बैठक के मुख्य आकर्षण में से एक होने की संभावना है।

# कार की टक्कर से जख्मी बीटेक की छात्रा कोमा में




हादसे में जख्मी छात्रा स्वीटी।

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● ग्रेटर नोएडा की घटना, साथियों के साथ सब्जी लेकर लौट रही थी

● पटना निवासी परिवार वाले इलाज कराने में अक्षम, साथी छात्रा की चिकित्सा के लिए जुटा रहे चंदा

**ग्रेटर** नोएडा में कार की टक्कर से तीन छात्र-छात्राएं जख्मी हो गए। इनमें से गंभीर रूप से घायल एक छात्रा कोमा में चली गई है। इन सभी का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। तीनों बाजार से लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। घटना के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। कोमा में जाने वाली छात्रा के परिवार का कहना है, वे लोग बहुत गरीब ( शेष पेज 8 )

# हेरिटेज ट्रेनों के इंजन उगलेंगे भाप, बजाएंगे पुराने सायरन

● नए लुक में दिखेंगी सभी पर्यटन सेक्टरों की ट्रेनें, हाइड्रोजन ईंधन से चलेंगी

● पर्यटन क्षेत्रों को प्रदूषण से बचाने व विरासत को पुनः जीने की पहल कर रहा रेलवे

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली



**विरासत** प्रेमियों को नए साल का तोहफा देते हुए भारतीय रेलवे कालका-शिमला, दार्जिलिंग हिल्स, नीलगिरी माउंटेन समेत अन्य विरासत क्षेत्रों में चलने वाली हेरिटेज ट्रेनों में हरित क्रांति की शुरुआत करेगा। इसके तहत इन ट्रेनों को अब पारंपरिक कोयले और डीजल इंजनों के बजाय हाइड्रोजन ईंधन से चलाया जाएगा, लेकिन इनमें वही पुराना वाला लंबा बजने वाला सायरन होगा और काली भाप भी उठती दिखेगी। पर्यावरण को बचाने एवं विरासत स्थलों को सुरक्षित करने के साथ-साथ यहां पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रेलवे भाप के इंजनों को नए अवतार में पेश करने की दिशा में काम कर रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि बिजली और हाइड्रोजन से चलने वाले इंजनों को इस प्रकार विकसित किया जाएगा कि जब वे चलें तो पुराने जमाने जैसे भाप से चलने वाले इंजनों की तरह लगें। उसी तरह की काली भाप दिखे जो पर्यटकों को आकर्षित करे। इन नए इंजनों की खासियत यह भी होगी कि इनमें पुराने इंजनों की तरह ही सायरन भी सुनाई देगा।

यह इंजन समय-समय पर प्रदूषण रहित भाप की बौछार करता चलेगा। ऐसे कई क्षेत्र हैं, जहां पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इन नए तरह के इंजनों को ट्रेनों में जोड़ा जा सकता है। इस पहल का उद्देश्य आज के बच्चों को अपने अतीत को फिर से जीने का मौका देना है। क्योंकि वे पुराने भाप के इंजन अब केवल संग्रहालयों, पाठ्य पुस्तकों और तस्वीरों में ही देखते हैं। वह हर किसी को आकर्षित करने वाला लंबा और तेज बजने वाला सायरन तो ख्यालों तक ही सीमित है। वैष्णव ने द पायनियर को बताया कि हम जल्द ही ट्रेनों की इन पुरानी खूबसूरती को फिर से जीएंगे। तमिलनाडु में रेलवे के द गोल्डन रॉक्स वर्कशॉप में ऐसे स्टीम इंजन के प्रोटोटाइप मॉडल को आकार दिया जा रहा है। इसके अलावा, अजमेर में रेलवे वर्कशॉप में भी ऐसी सुविधाएं दी जा सकती हैं जो पुराने जमाने जैसे इंजन मौजूदा प्रदूषण रहित जरूरतों को ध्यान में रखकर विकसित किए जा सकें। वैष्णव ने कहा कि सभी आठ हेरिटेज ट्रेनों की वर्षों तक उपेक्षा की गई, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेलवे को इन्हें पुनः नया रूप देने का निर्देश दिया, ताकि आकर्षण के साथ-साथ पर्यटन को भी पंख लगें। मंत्री के अनुसार, हेरिटेज ट्रेनों के केबिन या कोच को हाइड्रोजन प्रोपल्शन मैकेनिज्म के साथ रेट्रो-फिट किया जाएगा। इन ट्रेनों में विस्टाडोम कोच होंगे जहां से यात्री पर्यटन क्षेत्रों के प्राकृतिक नजारे का लुत्फ उठा सकेंगे। जिन नए हेरिटेज ट्रेन रूट की पहचान की गई है, उनमें माथेरान हिल, कांगड़ा, बिलमोरा वाघई, महू पातालपानी और मारवाड़ देवगढ़ मदरिया रेलवे शामिल हैं। हाइड्रोजन से चलने वाले इंजन इस साल के अंत तक ट्रेनों में जोड़ दिए जाएंगे। वैष्णव ने कहा कि इससे भारत जर्मनी, फ्रांस और चीन जैसे चुनिंदा देशों में आ जाएगा, जो हाइड्रोजन इंजन का निर्माण कर रहे हैं।

पायनियर

नई दिल्ली, बुधवार, 4 जनवरी, 2023



# नोएडा में आईटी पार्क में बार खोलने की इजाजत

● 208वीं बोर्ड में नोएडा प्राधिकरण ने नीति को किया लागू

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



जिम, रेस्तरां और स्पोर्ट्स क्लब के साथ-साथ नोएडा में आईटी और आईटीईस पार्क अब कर्मचारियों के लिए बार भी संचालित कर सकते हैं। ऐसे कंपनियों में जहां रेस्टोरेंट खोलने की इजाजत है। वहां बार के लिए अब तक इजाजत नहीं दी गई थी।

नोएडा प्राधिकरण की 208वीं बोर्ड बैठक में इस नीति को पास कर दिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि ये फैसला कई कंपनियों आईटी, आईटीईएस द्वारा शराब बार संचालित करने के लिए प्राधिकरण से अनुरोध करने के बाद लिया गया, जिसमें कहा गया था कि दुनिया भर की आईटी कंपनियों को अपने कर्मचारियों के लिए बार संचालित करने की अनुमति है। आईटी पार्क चलाने वाली कई संस्थाओं ने बार और रेस्टोरेंट चलाने की अनुमति के लिए प्राधिकरण को आवेदन दिया है।

कंपनियों ने कहा कि चौबीस घंटे काम करने वाले आईटी पार्क में बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिला है। उनके कर्मचारी भारत और विदेशों में ग्राहकों के लिए काम करते हैं। लगातार कई घंटे उनके डेस्क पर बितते हैं। कई बार काम का यह माहौल उनके लिए एकरसता का कारण बन जाता है।

इसे ध्यान में रखते हुए, आईडी परिसर में जिम, रेस्तरां, खेल के मैदान और यहां तक ??कि छोटे पार्क भी हैं। विदेशों के कई प्रतिष्ठित आईटी ग्राहकों ने सुझाव दिया कि आईटी पार्क के रेस्तरां में भी बार की सुविधा होनी चाहिए। नोएडा में करीब 18 ऐसे आईटी, आईटीईएस भूखंड है जो 20 हजार वर्गमीटर से बड़े भूखंड है।

इन पर आईटी पार्क बने हुए है। यहां चल रहे कैंटीन और रेस्टोरेंट में बार खोला जा सकता है। हालांकि इसके लिए उन्हें बार लाइसेंस के सभी गाइडलाइन का पालन करना होगा। जिसमें उनके पास करीब 1 हजार वर्गमीटर का एरिया होना जरूरी है।

वहीं दो से तीन और भूखंड है जिनकी योजना चल रही है। गौतमबुद्ध नगर के आबकारी अधिकारी आरबी सिंह ने कहा, मौजूदा रेस्तरां में बार की अनुमति देना नोएडा प्राधिकरण का एक अच्छा कदम है। यह अब एक वर्जित विषय नहीं है। गुरुग्राम और बेंगलुरु जैसी जगहों पर पहले से ही उनके आईटी हब में बार की अनुमति है।

नोएडा में आईटी और आईटीईएस प्लॉट में कई रेस्तरां हैं और वे बार लाइसेंस चाहते हैं, लेकिन प्राधिकरण के प्रतिबंधों के कारण, हम उन्हें अनुमति नहीं दे सके। लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में बताते हुए, सिंह ने कहा कि अंतिम निर्णय जिला शराब बार समिति द्वारा लिया जाता है, जिसके अध्यक्ष जिला मजिस्ट्रेट होते हैं, जबकि प्राधिकरण, पुलिस और आबकारी के अधिकारी इसके सदस्य होते हैं।

### अभी तक मिलती है 18 सुविधाएं

*वेटिंग और ट्रांजिट एरिया, पब्लिक यूटिलिटी, ट्रैवल सर्विस, टेलीफोन एक्सचेंज, इलेक्ट्रिक सब स्टेशन, वाटर वर्कए, क्सपोर्ट रिलेटड सुविधा, कैंटीन और रेस्टोरेंट, क्रेंच और डे केयर सेंटर, ट्रेनिंग सेंटर और लाइब्रेरी, हेल्थ क्लब जिम, गेम्स, बेकिंग और फाइनेंशियल सर्विस, बिजनेस और फाइनेंशियल सर्विस, कॉन्फ्रेंस सुविधा, शॉपस और ओपन ईटिंग क्योस्क शामिल है। इसमें कैंटीन और रेस्टोरेंट में बार को एड कर दिया गया है।*

## 7 जनवरी को होगी नगर निगम बोर्ड की बैठक

**गाजियाबाद।** नगर निगम बोर्ड की बैठक 7 जनवरी को होगी। इसके लिए मेयर आशा शर्मा ने नगर आयुक्त को पत्र लिखा है। नगर निगम बोर्ड की यह बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है। बोर्ड की बैठक ऐसे वक्त हो रही है जब नगर निकाय चुनाव को लेकर आरक्षण पर घमासान मचा है।

हाईकोर्ट के फैसले को प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। सुप्रीम कोर्ट में इस पर अब जल्द सुनवाई होने जा रही है। गाजियाबाद नगर निगम के मौजूदा बोर्ड का कार्यकाल भी 23 जनवरी को समाप्त होने जा रहा है। इसके लिए पहले ही प्रदेश सरकार की ओर से निर्देश जारी कर दिए गए हैं। ऐसे में मौजूदा बोर्ड की सात नवंबर को होने वाली बैठक अंतिम बोर्ड बैठक होगी। इस बैठक में कई खास प्रस्ताव पेश किए जाने की संभावना है। बोर्ड की यह बैठक इसलिए भी खास है क्योंकि इस बैठक के बाद सभी पार्षदों की नगर निगम सदन से विदाई हो जाएगी। इसके बाद हो सकता है कि कुछ पार्षद दोबारा चुनाव जीत कर आएं।

## नाले की सफाई के दौरान दीवार गिरने से दो मजदूर घायल

● दो मजदूरों की हालत नाजुक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण की बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहां सेक्टर.100 में लोटस बुलवर्ड के गेट नंबर.1 के पास नाले का निर्माण कार्य चल रहा था। इस दौरान नाले से सटी दीवार भरभराकर नीचे काम कर रहे मजदूरों के ऊपर गिर गई। इसकी चपेट में दो मजदूर आ गया। दोनों को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एडीसीपी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि नाले के निर्माण कार्य के दौरान मजदूर अजीत कुमार पुत्र जय सिंह निवासी बुलंदशहर और हरी किशोर पुत्र हर कुशल निवासी दुमका निवासी झारखण्ड नाले की दीवार के नीचे आने से दब गये। मजदूरों के नाले में दबने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने दोनों मजदूरों को नाले से बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया। दोनों का इलाज किया जा रहा है।

बताया गया कि दोनों खतरे से बाहर है। प्राधिकरण ने बताया कि सेक्टर.100 के सामने नए नाले का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए वहां खुदाई की जा रही है। जो दीवार पहले से वहां थी वो पूरी तरह से कमजोर है। बताया गया कि नीचे से खुदाई करने पर दीवार गिर गई। जिसमें मजदूर दब गए।

गनीमत रही कि किसी की मौत नहीं हुई। 20 सितंबर को नोएडा के सेक्टर.25 में नाला बनाने के दौरान दीवार गिर गई थी। जिसमें चार मजदूरों की दब कर मौत हो गई थी। इस मामले की जांच प्राधिकरण में अब तक चल रही है। वहां भी यहीं लापरवाही देखने को मिली थी। उस समय भी कमजोर दीवार के नीचे बिना प्रिकाशन लिए मजदूर खुदाई कर रहे थे और उन पर दीवार गिर गई थी।

# नए साल पर होटल में युवती से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

● गाजियाबाद में दोस्त दूसरे कमरे में कर रहे थे शराब पार्टी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां न्यू ईयर में होटल के कमरे में लौटी नशे में धुत लड़की से होटल के ही कर्मचारी ने रेप किया। लड़की को पता तब चलाए जब आंख खुली और शरीर पर कपड़े नहीं थे।

लड़की ने आरोपी होटलकर्मी की पहचान की। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। वसुंधरा निवासी 29 वर्षीय लड़की के मुताबिक, वो अपने 5 दोस्तों के साथ न्यू ईयर मनाने के बाद 1 जनवरी की सुबह लिंक रोड थाना क्षेत्र स्थित एलिगेंट होटल पहुंची। यहां उन्होंने 3 रूम बुक किए। कमरा नंबर 113 में पार्टी करने के बाद लड़की सोने के लिए चली गई। जबकि उसके बाकी दोस्त कमरा नंबर 112 में ड्रिंक पार्टी करने लगे। लड़की का कहना है कि अधिक शराब पीने की वजह वो ज्यादा नशे में थी। इसलिए अपने कमरे में आकर सो गई।



पीड़िता ने पुलिस को बताया कि इस दौरान उसे महसूस हुआ कि स्वैट शर्ट पहने कोई लड़का उसके बगल में आकर लेटा है और गंदा काम कर रहा है। लड़की के उठ जाने पर आरोपी फरार हो गया। पीड़िता ने जब अपने रूम की लाइट जलाई तो कपड़े अस्त.व्यस्त थेए चादर पर खून के निशान थे।

सुबह करीब साढ़े 4 बजे लड़की ने दोस्तों को कॉल करके अपने रूम में बुलाया और सारी घटना बताई। इसके बाद वे सभी रिसेप्शन पर पहुंचे। उन्होंने कैमरे की फुटेज दिखाने के लिए कहा तो कैमरा खराब बता दिया गया। इसके बाद लड़की के दोस्तों ने कॉल करके पुलिस बुलाई। पुलिस ने होटल के सभी कर्मचारियों को इकट्ठा करके एक लाइन में खड़ा किया और फिर पीड़िता से उसकी शिनाख्त परेड कराई। इस दौरान पीड़िता ने आरोपी होटल कर्मचारी को पहचान लिया। उसकी शिनाख्त सुबोध के रूप में हुई। लड़की के दोस्तों ने आरोपी की पिटाई कर दी। पुलिस ने आरोपी को वहीं से अरेस्ट किया और थाने पर ले आई। 2 जनवरी को पीड़िता ने सुबोध के खिलाफ सेक्शन 376 में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने होटल के कमरे की बेडशीट को भी अपने कब्जे में लिया है, जिसकी जांच कराई जाएगी।

## बच्ची के साथ की गलत हरकत, मामला दर्ज

**नोएडा।** थाना कासना क्षेत्र के कस्बा कासना में रहने वाली एक 11 वर्षीय बच्ची को एक व्यक्ति अपने कमरे में ले गया, तथा उसके साथ अश्लील हरकत करनी शुरू कर दी।

आरोपी ने जब बच्ची के कपड़े उतारने शुरू किया तो बच्ची ने चीखना चिल्लना शुरू कर दिया। आसपास के लोगों ने बच्ची को बचाया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर नोएडा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम दीपू 26 वर्ष है। वह बिहार का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया जा रहा है, जहां से उसे जेल भेज दिया।



ठंड में ड्यूटी दे रहे पुलिसकर्मियों को गर्म कपड़े देती नोएडा के पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Ashok Singla is the owner of Built up Property bearing No. F-299, built on Plot No. 13, area measuring 100 Sq., Yds., out of Khasra No. 667 & 668, Situated in the revenue estate of Village Basai Darapur, Delhi State delhi, colony known as Sudershan Park, New Delhi, vide GPA, Will and ATS dated 08.03.2010. All persons are hereby informed that above mentioned owner want to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said floor, its sale/mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, Nandita Gantayet D/o Gokulananda Mishra, Cont. 9266774505, Email: subbendu.gl@yahoo.com, R/o. Flat no. = D- 701, The Jagaran CGHS Ltd., plot No. - 17 , Sector -22, Dwarka, New Delhi, has applied for the conversion of aforesaid property. The documents like original Member's Share Certificate, issued by Society, of aforesaid property have been lost. An F.I.R to this effect has been lodged in police station on dated 28.10.2022. Any person(s) claiming any right, having any objection or found in possession of original document may write/contact with above named person at above address within 15 days from the date of publication of this notice & can personally contact- Deputy Director (GH) C-block, 2nd floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

**PUBLIC NOTICE**

**Invite for Prequalification Application**

Pre-qualification applications are invited from experienced, qualified financially sound Civil Contractors to undertake the work of extension in existing 79 Flats of a Group Housing Society in Dwarka, New Delhi. The said contractor must have completed successfully minimum five C.G.H.S in Dwarka. Please apply with full infrastructure eg. Qualified experience Site Staff, Machineries & Site Equipments and profile to, The President, New Adarsh C.G.H.S. Ltd., Plot No-22, Sector-10, Dwarka, New Delhi-110075 within 10 days.

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बाफना हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड/ सुनील सुमतिलाल मुथा/ LBFDB00005418759 | संपत्ति संख्या एस-141, ब्लॉक-एस, छत सहित छत पर तीसरी मंज़िल पंचशील पार्क, दिल्ली/ 30 दिसंबर, 2022 | 18 जून, 2022 रु. 4,41,00,705/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | रोहित भारद्वाज/ शिवानी/ LBDEL00005234578 | फ्लैट नंबर 904, 9वीं मंज़िल, ब्लॉक नंबर 01, टाइप ट्यूलिप, चार्म्स सॉलिटेयर, खसरा नंबर 519 एम और 537, गाँव मोहिद्दीनपुर, कनावनी, उत्तर प्रदेश, गाज़ियाबाद/ 31दिसंबर, 2022 | 30 जुलाई, 2022 रु. 4,291,340/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : जनवरी 04, 2023**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा अचल आस्तियों की बिक्री हेतु यह ई-नीलामी बिक्री सूचना (दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित अधोवर्णित समूह के संबंध में) डीएचएफएल तथा निम्नलिखित कर्जदार(रों) के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत जारी की जा रही है। एतद् द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, ''जैसी है जहाँ है'', ''जैसी है जो भी है'' तथा ''जो भी है वहाँ है'' आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी :

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्री देवेंद्र सिंह (कर्ज़दार), श्रीमती डिंपल कुशवाह (सह-कर्ज़दार) ऋण खाता संख्या QZGRN00005009725 | हाउस नंबर 1447-सी/13, पहली मंज़िल, रियर एलएचएस, खसरा नंबर 600/93, गली नंबर 13, गोविंदपुरी, कालकाजी, नई दिल्ली क्षेत्र का परिमाप 360 वर्गफीट | रु. 12,67,551/- (दिसंबर 29, 2022 तक) | रु. 10,53,000/- / रु. 1,05,300/- | जनवरी 09, 2023 को दो. 01:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | जनवरी 27, 2023 को दो. 12:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **जनवरी 25, 2023** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस संरक्षित संपत्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी ई संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में **जनवरी 25, 2023** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज सहित **जनवरी 25, 2023** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **जनवरी 25, 2023** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9599281817** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, 2. ओगीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु संलग्न हैं।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

**तिथि : जनवरी 04, 2023**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**

## अमेजान कंपनी में हुई लाखों की लूट का खुलासा

**नोएडा।** अपर पुलिस उपायुक्त जोन द्वितीय साद मियां खान ने बताया कि एक जनवरी की रात को थाना सूरजपुर में स्थित अमेजॉन कंपनी के वेयरहाउस पर धावा बोलकर बदमाशों ने कंपनी में मौजूद सिक्योरिटी गार्ड छोटेलाल को बंधक बनाकर वहां रखी तिजोरी लूट ले गए थे।

तिजोरी में 12 लाख रुपया रखा था। उन्होंने बताया कि इस मामले की जांच कर रही थाना सूरजपुर पुलिस ने राजकुमार, सचिन तथा राजा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से तीन तमंचे, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, हेलमेट आदि बरामद किया है।

# पंचशील ग्रीन्स सोसाइटी में पानी की किल्लत, लोगों का हंगामा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेनो वेस्ट में बिसरख थाना क्षेत्र के अंतर्गत पंचशील ग्रीन्स टू सोसाइटी में पानी की किल्लत को लेकर सोसाइटी के निवासियों ने जमकर हंगामा किया।

सोमवार की देर शाम सोसायटी के निवासियों बड़ी तादाद में गेट पर इकट्ठा हो गए। जिसके बाद गेट पर लोगों ने ताला जड़ दिया और प्राधिकरण के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया। दरअसल, ग्रेटर नोएडा वेस्ट की पंचशील ग्रीन्स टू सोसाइटी के कई टॉवरों में पिछले 2 दिनों से पानी की दिक्कत आ रही थी, लेकिन सोमवार को कई टॉवरों में पानी का सप्लाई आना बंद हो गया। जिसकी वजह से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सोसायटी के लोगों ने इसकी शिकायत मेंटेनेंस विभाग से की लेकिन उन्होंने वही टालमटोल वाला रवैया अपनाया और कहा कि थोड़ी देर में सप्लाई शुरू हो जाएगी, लेकिन सप्लाई फिर भी शुरू नहीं हुई। इन लोगों के द्वारा प्राधिकरण से इसकी शिकायत की गई।

# टोकने से नाराज कर्मी ने साथियों संग सुपरवाइजर पर किया हमला

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध जिले के ग्रेटर नोएडा स्थित ईकोटेक- 3 थाना क्षेत्र की कंपनी में काम के दौरान टोका टोकी से नाराज कर्मचारी द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर सुपरवाइजर की पिटाई करने का मामला सामने आया है।

इस मामले में नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ईकोटेक -3 थाना के थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि हिमाचल प्रदेश के रहने वाले राकेश कुमार सूरजपुर कस्बे में रहते हैं। वह ईकोटेक-3 औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत हैं।

उन्होंने बताया कि सोमवार शाम को राकेश कुमार ऑटो रिक्शा में सवार होकर कंपनी से घर जा रहे थे, तभी पुलिस लाइन के पास बाइक सवार कुछ युवकों ने ऑटो को रुकवा कर उन्हें नीचे उतारा और उनके साथ कथित मारपीट की। उन्होंने बताया कि इस मामले में कार्वाई करते हुए पुलिस ने ललित राघव, वरुण, आकाश, कृष्ण, हिमांशु, गोविंद, जितेंद्र, रज्जू सहित लोगों को गिरफ्तार किया है।

## मोदीनगर में 25 हजार का इनामी बदमाश पकड़ा गया

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में लिफ्ट देकर सवारियों से लूट करने के मामले में 10 माह से फरार चल रहे 25 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। बदमाश पर विभिन्न थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। एसीपी मोदीनगर सुनील सिंह ने बताया कि दिल्ली रेलवे स्टेशन से कार चालक चार सवारियों को बैठाकर लाया था।

गंगनहर पटरी पर चालक ने 4 सवारियों से मोबाइल व नकदी लूट ली। लूट का विरोध करने पर सवारियों के साथ मारपीट की थी। निवाड़ी थाने में लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

# 'ऊंची इमारतों पर हो इलेक्ट्रिक सेफ्टी ऑडिट'

● आग सुरक्षा एवं जीवन रक्षा के लिए अग्निशमन आपात सेवाएं महानिदेशक ने अधिकारियों संग की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

आग सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत आग सुरक्षा एवं जीवन रक्षा को और मजबूत किए जाने के लिए अविनाश चन्द्र महानिदेशक उप्र अग्निशमन आपात सेवाएं ने नोएडा के सी.डेक सेक्टर.62 में बैठक की। इस बैठक में कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर एवं कमिश्नरेट गाजियाबाद के अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के साथ उद्यमियों, हॉस्पिटल, व्यवसायिक भवनों, मॉल मल्टीप्लेक्स, विद्यालय आदि के प्रबंधक मौजूद रहे।

जिसमें हाईराइज इमारतों में आग से बचाने व संवेदनशील इमारतों में विद्युत सुरक्षा, इलेक्ट्रिक सेफ्टी ऑडिट कराए जाने व भवनों के स्केप रूट को अवरोध मुक्त रखने के लिए कहा गया। साथ ही इमारतों को अग्निशमन मानकों के अनुरूप फायर उपकरण रखने और उनके संचालन के लिए ट्रेंड स्टॉफ रखने के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भवनों में समय.समय पर मॉक ड्रिल एवं इवेक्यूएशन ड्रिल कराई जाए। महानिदेशक ने नए उप्र अग्निशमन एवं आपात सेवाएं अधिनियम-2022 के प्राविधान के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दीं संवाद में उपस्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों के मालिकों और प्रतिनिधियों से भी उनकी समस्याएं एवं सुझाव पूछे गये।

उप निदेशक अग्निशमन एवं आपात सेवाएं मेरठ, सहारनपुर परिक्षेत्र अमन शर्मा एवं सीएफ ओ गौतमबुद्धनगर प्रदीप कुमार व गाजियाबाद राहुल पाल ने फॉयर सर्विस का प्रेजेंटेशन दिया।

इस मौके पर अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था रवि शंकर छवि एवं अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय भारती सिंह व अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा अग्नि सुरक्षा जागरूकता संवाद में ललित ठुकराल अध्यक्ष गारमेन्ट एसोसिएशन, राजीव बंसल जनरल सेक्रेटरी, कमल कुमार सचिव, हेमंत भारद्वाज, राजीव सिंह आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सैलरी लेकर घर जा रहे इंजीनियर से लूट

**नोएडा।** जिले में बदमाशों के हौसले बुलंद है। जिसके बाद वह किसी भी लूट की घटना को अंजाम देते हैं और मौके से फरार हो जाते हैं। थाना ईकोटेक 3 क्षेत्र में कंपनी से सैलरी लेकर घर जा रहे इंजीनियर के साथ बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया। इंजीनियर से 25 हजार रुपये बदमाशों ने लूट लिए और विरोध करने पर जमकर मारपीट की। लूट करने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। दरअसल, ग्रेटर नोएडा में थाना ईकोटेक 3 क्षेत्र के उद्योग विहार में वीडियोटेक्स इंटरनेशनल कंपनी में काम करने वाले इंजीनियर राकेश के साथ सोमवार देर शाम बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया। राकेश उद्योग विहार की कंपनी में काम करते थे और वहां से ऑटो के द्वारा सूरजपुर अपने घर जा रहे थे, तभी पुलिस लाइन के गेट के पास ऑटो रोका और तभी 5 से 6 लोग वहां पर आए और इंजीनियर को ऑटो से उतार कर उससे 25 हजार की लूट की।

### 18 साल बाद धरा गया हत्या का आरोपी



आरोपी मुकेश

**नोएडा।** सेक्टर-20 नोएडा पुलिस ने 18 साल से हत्या के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी मुकेश पुत्र स्व वीरेन्द्र सिंह निवासी बिहार को गिरफ्तार किया है। इसके ऊपर 25 हजार का इनाम घोषित था। पुलिस टीम ने मुखबीर से सूचना मिलने पर इसे निवास स्थान पोस्टल पार्क कॉलोनी, जनपद पटना के पास से गिरफ्तार किया है। एडीसीपी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि 28 व 29 मार्च 2004 में सेक्टर.1 नोएडा के कृभको कार्यालय के पास इंडियन ओवरसीज बैंक के एटीएम मशीन को काट कर लूटने के प्रयास के दौरान कृभको के गार्ड बुद्ध सेन पुत्र रघुवीर प्रसाद निवासी गाजियाबाद की सिर पर चोट पहुंचाकर हत्या कर दी थी।

### दमखम से निकाय चुनाव लड़ेगी रालोद: मदन भैया



**गाजियाबाद।** मुरादनगर में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को याद किया गया। इसी के तहत मंगलवार को जलालपुर रोड पर अमन गार्डन में रालोद की सभा हुई। सभा की अध्यक्षता पूर्व सभासद आस मोहम्मद और संचालन पूर्व महानगर अध्यक्ष अरुण चौधरी भूल्लन ने किया। मौके पर खतौली के विधायक मदन भैया ने कहा कि रालोद का मजबूत संगठन है। रालोद निकाय चुनाव पूरे दमखम के साथ लड़ेंगी। उन्होने कहा कि आज देश का जनता महंगाई व बेरोजगारी से जूझ रही है। विधायक ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था बिगड़ रही है। इस मौके पर कुवंर अय्यूब अली, अजयपाल सिंह, असलम पठान, संजीव चौधरी, रहीस कुरेशी, अखिल पठान, शहजाद कुरैशी, अलीमूद्दीन कस्सार हाजी फारुख सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### संभव दिवस पर नगर आयुक्त ने सुनी जन समस्याएं

**गाजियाबाद।** नगर निगम में संभव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्वयं नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना। अपर नगर आयुक्त अरूण कुमार यादव, शिवपूजन यादव, हेल्थ अफसर डॉ मिथिलेश कुमार, चीफइंजीनियर एनके चौधरी, जीएम जलकल आनंद त्रिपाठी आदि भी इस दौरान मौजूद रहे। बता दें कि संभव दिवस मंगलवार दस बजे से लेकर दो बजे तक आयोजित किया जाता है। आज भी सुबह से ही शिकायत दर्ज कराने वालों का सिलसिला शुरू हो गया। दस लोगों ने शिकायतें दर्ज कराई थीं। इन में सबसे अधिक शिकायतें हाउस टैक्स को लेकर सामने आई हैं। इसके अलावा चार शिकायतें हाउस टैक्स को लेकर दर्ज कराई गईं। जलकल, हेल्थ, उद्यान विभाग आदि विभागों की भी शिकायते दर्ज कराई गईं। संपत्ति विभाग में भी इस दौरान कई शिकायतें दर्ज कराई गई हैं। नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ ने सभी अधिकारियों को निर्देश जारी किया कि शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध किया जाए।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# दिल्ली से उप्र तक भारत जोड़ो यात्रा में उत्साह का ज्वार

**● राहुल ने जैनियों, सिखों व वाल्मीकि समाज के तीन प्रतिनिधिमंडलों से की मुलाकात**

**संजय राय/रिंकू यादव।** नई दिल्ली-गाजियाबाद

नौ दिन के विश्राम के बाद पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण मंगलवार को बजरंग बली का आशीर्वाद लेकर शुरू किया। मंदिर के महंत वैभव शर्मा ने ने उन्हें गदा भेंट कर आर्शिवाद दिया और करीब 20 मिनट मंदिर में रहने के बाद उन्होंने यात्रा शुरू की। यह यात्रा दोपहर करीब एक बजे लोनी बार्डर होते हुए उत्तर प्रदेश में प्रवेश की। लगभग तीन घंटे के सफर में राहुल कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ लगभग 11 किलोमीटर का सफर तय किया।

पहले से तय कार्यक्रम के तहत राहुल गांधी मंगलवार सुबह ठीक 10 बजे काफिले के साथ हनुमान मंदिर पहुंचे थे। यहां तक वह गाड़ी से आए। यहां सुबह आठ बजे से ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चौधरी, प्रभारी शक्ति सिंह गोहिल, प्रदेश महिला अध्यक्ष अमृता धवन व पूर्व सांसद जयप्रकाश अग्रवाल, बुराड़ी ब्लाक अध्यक्ष रविंद्र त्यागी सहित सैकडों कार्यकर्ता पहुंचने लगे थे। सोमवार की रात रामलीला मैदान में अपने कंटेनरों में ठहरे सभी यात्री भी यमुना बाजार स्थित मरघट वाले हनुमान मंदिर पर जमा हुए।

मंदिर परिसर के आसपास राहुल के स्वागत में बैनर, पोस्टर, होर्डिंग और कटआउट पट गए थे। यात्रा के दौरान रिंग रोड पर कई स्थानों पर भारी जाम लगा। यातायात पुलिस ने आईएसबीटी से राजघाट और राजघाट से आईएसबीटी जाने वाले यात्रियों को जाम से बचने के लिए रिंग रोड पर नहीं जाने की सलाह दी।

मंदिर से निकलकर राहुल की अगुवाई में भारत जोड़ो यात्रा लोहे का पुल पार करते हुए पूर्वी दिल्ली में प्रवेश हुई। यहां पर उनके साथ भीड़ बढ़ती गई। जब वह शास्त्री पार्क पहुंचे तो वहां अच्छी खासी भीड़ देखकर गदगद हो गए। सीलमपुर, जाफराबाद, वेलकम की ओर बढ़ने पर राहुल गांधी का काफिला और लंबा हो गया। पूरे रास्ते में जगह- जगह लोगों ने राहुल का गर्मजोशी से स्वागत किया। पूर्वी दिल्ली में राहुल संग राष्ट्रीय नेता दिग्विजय सिंह, जयराम रमेश, अंबिका सोनी के साथ साथ पूर्व मंत्री अरविंदर सिंह लवली, पूर्व अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा, उत्तराखंड प्रभारी देवेंद्र यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष मुदित अग्रवाल, जयकिशन ने भी कदमताल किया।

इस दौरान वह सीलमपुर के पूर्व विधायक चौधरी मतीन अहमद और घोंडा के पूर्व विधायक भीष्म शर्मा से भी मिले। जाफराबाद रोड पर क्रिसेंट स्कूल में कुछ देर रूककर राहुल ने चाय की चुस्कियां लेते हुए पार्टी नेताओं से हल्की फुल्की चर्चा की। सैकड़ों कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता हाथ में झंडे और बैनर लिए भारत जोड़ो के नारे लगाते और लोग देशभक्ति गीत गाते हुए व ढोल की थाप पर झुमते हुए लोनी से गाजियाबाद में दाखिल हुई जहां प्रियंका गांधी ने भाई राहुल गांधी का गर्मजोशी से स्वागत किया।

भाई-बहन गाजियाबाद में करीब 6 किलोमीटर पैदल चलने के बाद एक ही कार से दिल्ली लौट गए। यूपी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने बताया कि राहुल गांधी का मंगलवार को पैदल चलने का लक्ष्य 25 किलोमीटर था। दिल्ली और गाजियाबाद मिलाकर उन्होंने यह दूरी पूरी कर ली है। बुधवार सुबह बागपत के मावी कलां से फिर से यात्रा में जुड़ेंगे। इससे पहले नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला भी भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के साथ शामिल हुए। अब्दुल्ला कुछ देर के लिए इसका हिस्सा बने। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा को गले भी लगाया।

इसके अलावा शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी और रॉ के पूर्व प्रमुख ए एस दुलत भी यात्रा का हिस्सा बने।

इस बीच राहुल गांधी ने यात्रा से जुड़ी कुछ फोटो साझा करते हुए ट्वीट किया, गंगा-जमुनी तहजीब की जन्मभूमि, जिसका इतिहास और बलिदान उसकी देशभक्ति का प्रमाण है, और जो क्रांति की नई मिसाल कायम करने में सक्षम है उत्तर प्रदेश की पावन धरती को मेरा प्रणाम।



बजरंग बली का आशीर्वाद लेकर शुरू हुई भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के साथ बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता और समर्थक। फोटो: रंजन डिमरी



## राहुल गांधी ने यमुना बाजार से बजरंग बली का आशीर्वाद लेकर शुरू की दूसरे चरण की यात्रा

### कांग्रेस नेता के आसपास रहा सख्त सुरक्षा घेरा

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे चरण में दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। यमुना बाजार स्थित मरघट वाले हनुमान मंदिर के परिसर और आसपास दिल्ली पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बल के जवान तैनात थे। यात्रा के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रस्सी का घेरा बनाया था। जिसके अंदर भारत जोड़ो यात्रा के यात्री चल रहे थे। इस घेरे के चारो तरफ बड़ी संख्या में बीएसएफ और सीआरपीएफ के जवानों व कमांडो तैनात थे। जगह-जगह बैरिकेडिंग की गई थी। वहीं इस सख्ती को लेकर कुछ कांग्रेसी कार्याकर्ता नाराज नजर आए। हालांकि गत 24 दिसंबर को भारत जोड़ो यात्रा के प्रवेश करने के दौरान कांग्रेस के नेताओं ने राहुल गांधी की सुरक्षा को लेकर सवाल उठाए थे।

### तीन समुदाय के प्रतिनिधिमंडलों ने दिया ज्ञापन

पूर्वी दिल्ली में तीन समुदायों के प्रतिनिधिमंडलों ने राहुल गांधी को अपना ज्ञापन सौंपा। शास्त्री पार्क में जैन समाज के लोगों ने सम्मेद शिखर जी तीर्थ को लेकर ज्ञापन सौंपा तो सीलमपुर में गुरुद्वारे के पास और उससे कुछ पहले वाल्मीकि समाज और सिखों ने भी राहुल को अपनी-अपनी मांगों का ज्ञापन दिया।

## भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए नोएडा के कार्यकर्ता

**नोएडा।** नोएडा महानगर कांग्रेस के तत्वाधान में कार्यकर्ताओं का दल कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए लोनी बार्डर पहुंचा। कार्यकर्ता लोनी से बागपत तक राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के साथ चले। यात्रा अगुवाई अनिल यादव और पंखुड़ी पाठक के कीं। पूर्व कांग्रेस नोएडा महानगर अध्यक्ष साहबुद्दीन ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य दिनेश अवाना व पूनम पंडित, जिला अल्पसंख्यक कांग्रेस चेयरमैन जावेद खान, राज कुमार भारती, वीरेंद्र मुखिया, जीशांन चौधरी आदि शामिल रहे। वहीं दूसरा दल सेक्टर-58 के बिशनपुरा स्थित नोएडा महानगर कार्यालय से, ये दल लोनी बार्डर पहुंचा। इसका नेतृत्व नोएडा महानगर के अध्यक्ष राम कुमार तंवर कर रहे है। इनके साथ भी बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे।

### भाई-बहन का प्यार



## सत्य का कवच पहन कर चल रहे भाई कोई नहीं खरीद सकता: प्रियंका गांधी

प्रियंका के कंधे पर हाथ रखकर राहुल गांधी आगे बढ़ते गए। लोनी बॉर्डर पर बने मंच पर राहुल और प्रियंका एक साथ नजर आए। मंच से प्रियंका ने भाई को योद्धा बताया। उन्होंने कहा मेरे बड़े भाई, इधर देखो, सबसे ज्यादा गर्व आप पर है। प्रियंका गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने सत्ता का पूरा जोर लगाया गया। यात्रा रोकने और राहुल की छवि खराब करने के लिए हजारों करोड़ रुपए खर्च किए। लेकिन राहुल डरे नहीं। आप योद्धा है। उद्योगपति अडाणी-अंबानी ने बड़े.बड़े नेताओं को खरीद लिए। देश की सरकारी संपत्ति मीडिया हाउस खरीद लिया लेकिन मेरे भाई को नहीं खरीद पाए। उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया कि किसी ने उनसे पूछा था कि आपके भाई को ठंड नहीं लगती। डर नहीं लगता। राहुल की सुरक्षा को लेकर मेरा जवाब यह है कि सत्य का कवच पहनकर चल रहे हैं। भगवान उनको सुरक्षित रखेगा। सब साथ चलिए। एकता, सद्भावना, प्यार का पैगाम लेकर चलिए। इसके बाद दोनों ने लोगों का अभिवादन किया। हालांकि मंच पर राहुल गांधी ने कोई भाषण नहीं दिया।

## कुत्ते के काटने के मामले में मालिक पर नहीं चलेगा केस

**● पीड़ित परिवार ने लगाया था हमले का आरोप, प्राथमिकी रद्द**

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दोनों पक्षों के बीच सुलह हो जाने का संज्ञान लेते हुए एक कुत्ते के मालिक के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द कर दी है। दरअसल, पालतू कुत्ते ने पड़ोस में रहने वाली एक महिला की बेटी को काट लिया था। कुत्ते के मालिक ने इस मुद्दे पर कहा-सुनी होने के बाद पीड़िता और उसके परिवार पर कथित तौर पर हमला किया था। अदालत ने याचिकाकर्ता एवं कुत्ते के मालिक द्वारा दाखिल किए गए इस शपथपत्र पर गौर किया कि वह कुत्तों की देखभाल में सावधानी बरतेगा। अदालत ने कहा कि सुलह होने के बावजूद आपराधिक कार्यवाही को आगे बढ़ाने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा। हालांकि, अदालत ने याचिकाकर्ता पर 20,000 का जुर्माना लगाया और उसे यह रकम दिल्ली उच्च न्यायालय के अधिवक्ता कल्याण कोष में दो हफ्तों के अंदर जमा करने को कहा। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने एक आदेश में कहा, मौजूदा मामला पड़ोसियों के बीच एक विवाद का है। शिकायतकर्ता ने कहा था कि दोनों पक्ष करीब 20 वर्षों से एक दूसरे के अगल-बगल में रह रहे हैं।

# सीसीटीवी फुटेज ने खोले खौफनाक रात के कई राज


**कंझावला घटना**

### एक होटल के बाहर लड़की से झगड़ा करते हुए नजर आई पीड़िता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कंझावला घटना में पुलिस को मिली सीसीटीवी फुटेज में 31 दिसंबर की खौफनाक रात के कई सुराग हाथ लगे हैं। नए साल का जश्न मनाने के लिए युवती जिस होटल में दोस्तों के साथ गई थी। वहां वह होटल के बाहर एक अन्य युवती से झगड़ा करते हुए नजर आई है।

पुलिस के मुताबिक, युवती के कंधों पर अपना परिवार चलाने की जिम्मेदारी थी। घटना के बाद उसका निर्वस्त्र शव कंझावला में एक सड़क पर पाया गया था। सुल्तानपुरी निवासी युवती एक कार्यक्रम प्रबंधन फर्म में अंशकालिक आधार पर काम करती थी और नव वर्ष की पूर्व संध्या पर काम के सिलसिले में बाहर थी, जब यह घटना हुई। कार में कथित तौर पर सवार पांच लोगों के खिलाफ सोमवार को गैर इरादतन हत्या समेत अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है, जबकि पुलिस पर मामले की ढुलमुल जांच करने का भी आरोप लगाया जा रहा है। दिल्ली पुलिस ने विशेष आयुक्त शालिनी सिंह के नेतृत्व में एक जांच समिति गठित की है और उसे यथाशीघ्र जांच रिपोर्ट सौंपने को कहा है।




मंगलवार को अंजलि सिंह की शव यात्रा में शामिल लोग

# दिनभर छाई रही कोहरे की चादर, बढ़ेगी ठंड

**● दृश्यता घटने से रेल -हवाई यातायात प्रभावित**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में मंगलवार को सुबह हल्का कोहरा छाने की वजह से दृश्यता घट गई, जिससे वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई।

सिंधु-गंगा के मैदानी क्षेत्र और देश के मध्य व पूर्वी हिस्सों से सटे इलाकों में घना कोहरा छाने से रेल और हवाई यातायात प्रभावित हुआ। रेलवे के एक प्रवक्ता ने बताया कि दिल्ली आने वाली कम से कम 21 ट्रेनों में कोहरे के कारण डेढ़ से पांच घंटे का विलंब हुआ। हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली में खराब मौसम के कारण सोमवार की रात पांच उड़ानों का मार्ग जयपुर की ओर परिवर्तित किया गया।

सफदरजंग वेधशाला में मंगलवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान के 17 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। अगले दो दिन तक मध्यम से घना कोहरा छाने की संभावना है। सप्ताहांत में एक बार फिर शीतलहर चलेगी और तापमान चार डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने पर शीत लहर की घोषणा की जाती है। न्यूनतम तापमान के दो डिग्री सेल्सियस रहने या सामान्य से 6.4 डिग्री सेल्सियस से कम रहने पर भीषण शीतलहर की घोषणा की जाती है। दिल्ली में मंगलवार को पूर्वाह्न 11 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 384 दर्ज किया गया। वायु प्रदूषण के स्तर में बढ़ोतरी के मद्देनजर सोमवार को ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान के तीसरे चरण के तहत पाबंदी लागू की थी।

## डीयू में दो छात्रों को पाठ्यक्रम सीट बदलने की अनुमति नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने डीयू में दाखिले के लिए दो सफल उम्मीदवारों को आपस में अपने चुने हुए पाठ्यक्रम और सीट की अदला-बदली करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया, लेकिन अधिकारियों से कहा कि वे उनकी शिकायत पर एक अलग मामले के रूप में गौर करें।

न्यायमूर्ति विभु बखरू ने उनके इस दावे को भी खारिज कर दिया कि इस वर्ष की सामान्य सीट आवंटन प्रणाली (सीएसएएस) असंवैधानिक थी और कहा कि याचिकाकर्ताओं द्वारा सीट में बदलाव का अनुरोध आवंटन प्रणाली के संदर्भ में स्वीकार्य नहीं है।

# बीमारियों से बचाव को भोजन में बढ़ाएं मोटे अनाज

### खनिज लवणों और फाइबर की कमी से होता है मधुमेह, रक्तचाप, एनीमिया जैसी बीमारी



डॉक्टर आरपी पाराशर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भोजन में खनिज लवणों और डायटरी फाइबर की कमी के कारण जीवन शैली से संबंधित मधुमेह, एनीमिया, उच्च रक्तचाप, कैल्शियम की कमी, गुर्दों और हृदय रोगियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

अगर भोजन में मोटे अनाज ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का (मिलेट)को शामिल किया जाए तो इन बीमारियों से बचा जा सकता है। यह दावा दिल्ली नगर निगम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद) डॉक्टर आरपी पाराशर ने किया है। आयुर्वेदिक पंचकर्मा हॉस्पिटल प्रशांत विहार में मंगलवार को 'जीवन शैली से संबंधित रोगों से बचाव में मोटे अनाज की भूमिका' पर आयोजित एक कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए डॉ. पराशर ने कहा कि मिलेट (मोटे अनाज) में मौजूद पोषणीय एवं औषधीय गुणों के आधार पर इन्हें भविष्य के भोजन के रूप में देखा जा रहा है।



यह जीवन शैली से संबंधित रोगों से बचाव, खाद्य सुरक्षा और पोषण की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। उपरोक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने इस वर्ष को इंटरनेशनल मिलेट इयर (अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष) घोषित किया है। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज की बढ़ती आबादी, खास तौर पर युवाओं व बच्चों की पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने और मधुमेह, कैंसर, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप आदि जीवनशैली से संबंधित बीमारियों की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। गेहूं और चावल की तुलना में मोटे अनाजों में मिनरल्स, विटामिन, एंजाइम और फाइबर अधिक मात्रा में पाया जाता है। मोटे अनाजों में ज्वार, बाजरा, रागी, कोदों, सांवा, आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि बाजरा पेट को दुरुस्त रखने के साथ हड्डियों को मजबूत बनाता है और पाचन बेहतर होने के कारण वजन को नियंत्रित करता है। रागी में प्रचुर मात्रा में कैल्शियम पाया जाता है और यह डायबिटीज के मरीजों के लिए भी फायदेमंद है। ज्वार वजन को कंट्रोल में रखने के साथ कब्ज को भी दूर करता है और कैल्शियम का अच्छा स्रोत होने के कारण यह हड्डियों को मजबूती प्रदान करता है।

इसमें मौजूद आयरन एनीमिया को दूर करने में मदद करता है। वहीं, मक्का में विटामिन-ए और फॉलिक एसिड पाया जाता है. यह कोलेस्ट्रॉल को कम करके दिल के मरीजों को फायदा पहुंचाता है।

## महिलाओं के खिलाफ अपराध रोकने को समिति बनाए गृह मंत्रालय : आयोग

**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग ने केंद्रीय गृह सचिव को पत्र लिखकर महिलाओं के खिलाफ अपराध से निपटने के लिए समन्वित नीति हेतु उच्च स्तरीय समिति बनाने की मांग की है।

राजधानी में युवती को सड़क पर टक्कर मारने के बाद करीब 12 किलोमीटर तक घसीटने की हुई वारदात की पृष्ठभूमि में डीसीडब्ल्यू ने यह पत्र लिखा है। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला को पत्र लिखकर केंद्रीय गृहमंत्री के नेतृत्व में समिति बनाने की सिफारिश की है, जिसमें उप राज्यपाल, मुख्यमंत्री और पुलिस आयुक्त सदस्य के तौर पर शामिल हों।

इस समिति की महीने में कम से कम एक बैठक होनी चाहिए और लड़कियों के खिलाफ अपराध से निपटने के लिए समन्वित राणनीति बनाई जाए। मालीवाल ने कहा, यह नए साल की रात हुआ जघन्य अपराध है और इससे राष्ट्रीय राजधानी की पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल पैदा होते हैं।



### पुलिस आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

*आप ने पुलिस आयुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि पुलिस उपायुक्त की ओर से आरोपियों को बचाया जा रहा था, ऐसे में डीसीपी को बर्खास्त किया जाए। उस मार्ग पर जितने भी पुलिसकर्मी तैनात थे, उन सभी को बर्खास्त किया जाए। जिस व्यक्ति ने एफआईआर दर्ज की और हल्की धाराएं लगायी, उसको बर्खास्त किया जाए। इस मामले को रेयर ऑफ रेयरेस्ट मानते हुए सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। इस घटना के आरोपियों का राजनीतिक रसूख है। पुलिस राजनीतिक दवाब में आए।*

## दुर्घटना के बाद कार की गति कभी कम नहीं हुई : प्रत्यक्षदर्शी

**नई दिल्ली।** कंझावला में नए साल से पहले सड़कों पर कार के साथ घिसटने के कारण मरी युवती की सहेली मित्र का कहना है, उस रात जो हुआ वह उसे कभी नहीं भूल सकती। स्कूटी चलाने को लेकर उसकी मरने वाली लड़की से लड़ाई भी हुई थी। वह स्कूटी चलाने के लिए जबरदस्ती करती रही, इसलिए उसे दुपहिया चलाने दिया।

पहले स्कूटी एक ट्रक से टकराते से बची थी लेकिन कुछ ही मीटर की दूरी पर दूसरे वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में वह सड़क की दूसरी तरफ जा गिरी। जिससे उसकी आंखों पर हल्की चोटें आईं लेकिन वह कार के नीचे फंस गई। दोस्त ने कहा कि टक्कर के बाद उसकी मित्र अंजली सिंह कार के नीचे फंस गई और उसके साथ घिसटती रही, वहीं कार में बैठे लोगों ने कार की गति कम की और नहीं उसे बचाने का कोई प्रयास किया। अंजली की सहेली ने कहा कि वह दुर्घटना से बहुज ज्यादा डर गई थी और उसे लगा कि सभी उसे दोषी ठहराएंगे इसलिए उसने किसी को दुर्घटना के बारे में नहीं बताया। प्रत्यक्षदर्शी ने मीडिया से बातचीत में बताया कि दोस्तों के साथ एक होटल में नए साल की पार्टी के बाद स्कूटी चलाने को लेकर उसकी अंजली से लड़ाई भी हुई थी।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 4 जनवरी, 2023



# 15 दिन में पूरे हों सीवर, पानी और सड़कों के काम : सुधीर सिंगला

## विधायक सुधीर सिंगला ने अशोक विहार में किया कार्यों का शुभारंभ

## अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी लाने के दिए आदेश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



अशोक विहार क्षेत्र में विकास कार्यों का शुभारंभ करते विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने मंगलवार को अशोक विहार क्षेत्र मे सीवर, पानी व सड़कों के काम की शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने आदेश दिए कि ये सभी काम 15 दिन में पूरे हो जाने चाहिए, ताकि आमजन को ज्यादा दिन तक परेशानी ना झेलनी पड़े।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि कई बार शिकायतें आती हैं कि ठेकदार किसी जगह पर काम शुरू करके दूसरे जगह पर जाकर काम करने लग जाती है। ऐसे में पहले वाला काम अधूरा ही रहता है। लोग परेशानी झेलते रहते हैं। खासकर सड़कों, गलियों के मामले में ऐसी लापरवाही सामने आती है। उन्होंने कहा कि चाहे अधिकारी हों या ठेकेदार, अपनी कार्यशैली में बदलाव लाएं। जो काम शुरू होते हैं, उन्हें पूरे करके जनता को राहत पहुंचाएं। अगर कहीं से भी इस तरह से काम अधूरा छोड़ने की शिकायत मिलती है तो संबंधित अधिकारी, ठेकेदार के खिलाफ कड़ा संज्ञान लिया जाएगा। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की बात को यहां फिर से दोहराते हुए कहा कि निर्माण सामग्री में किसी तरह की कमी नहीं होनी चाहिए। गुणवत्ता में सही हो, ताकि सड़कें, गलियां लंबे समय तक चल सके। विधायक सुधीर सिंगला ने आम जनता से भी आग्रह किया कि निर्माण कार्य के लिए अगर किसी भी तरह का शक उन्हें लगे तो इसकी सूचना उन्हें दें, ताकि साथ-साथ जांच कराई जा सके। इस अवसर पर पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया, जुगल रैना, वरुण, प्रेम यादव, मदन मोहन, जयपाल, ईश्वर, खेसारी लाल, अनूप, श्रीराम, सुभाष, आरडी मौर्या, रत्न सिंह, लाल चंद, बिजेंद्र सिंह, बीडी सिंह, शिव शंकर, पन्ना सिंह, मोहित चौहान, प्रवीण कुमार, महा सिंह, मनोज तिवारी, धर्मेंद्र , रविंद्र, अशोक कुमार, आरडी यादव व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों से आमजन दुखी : सुखबीर तंवर



आप नेता सुखबीर तंवर।

**गुरुग्राम।** आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता सुखबीर तंवर ने कहा कि परिवार पहचान पत्र में त्रुटियों से आमजन दुखी है। परिवार पहचान पत्र में वर्णित गलत सूचनाओं के आधार पर सरकार ने प्रदेश के 5 लाख से ज्यादा बुजुर्गों विधवाओं और विकलांगों की पेंशन काट दी।

विगत दिनों परिवार पहचान पत्र के आधार पर गरीबी की रेखा से नीचे के राशन कार्ड काट दिये। इसके अलावा परिवार पहचान पत्र के आधार पर बड़ी संख्या में आयुष्मान कार्ड भी निरस्त कर दिये। इसके अलावा अनेक किसानों को किसान सम्मान निधि के तहत मिलने वाली राशि पिछले करीब छह महीने से नहीं मिली है। सरकार परिवार पहचान पत्र का सहारा लेकर अनेक वर्गों को मिलने वाली सहायता को समाप्त करके गरीबों के हितों पर कुठाराघात कर रही है। पीड़ित आमजन परिवार पहचान पत्र की सूचनाओं को ठीक करवाने के लिए दर दर भटक रहे हैं, लेकिन सर्वर डाउन होने की वजह से सूचना अपडेट नहीं हो पा रही है। पीड़ित परिवारों को राशन भी नही मिल पा रहा है। सुखबीर तंवर ने सरकार को चेतावनी दी है कि एक सप्ताह के अंतराल में परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को ठीक करें। जब तक परिवार पहचान पत्र की त्रुटियां ठीक नही हो, तब तक विभिन्न वर्गों को मिलने वाली सुविधायें जारी रखी जायें। अन्यथा आम आदमी पार्टी को विरोध/प्रदर्शन को मजबुर होना पड़ेगा। मीडिया वार्ता के दौरान महेंद्र यादव नंबरदार गढ़ी नत्थे खां एवं पवन सैनी, काले पहलवान उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### डिपोधारक के खिलाफ सरकारी राशन के गबन का मामला दर्ज

**सोहना।** सोहना सदर थाना पुलिस ने सीएम उड़नदस्ता प्रभारी के आदेश पर सरमथला में डिपोधारक के खिलाफ सरकारी राशन के वितरण कार्य में गबन करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मालूम रहे कि सोमवार को खंड के गांव सरमथला में डिपोधारक भारत भूषण द्वारा 31 दिसम्बर 2022 से पूर्व पात्र उपभोक्ताओं को वितरण नहीं किया। दिसम्बर माह के राशन को डिपोधारक भारत भूषण सोमवार को वितरण कर रहा है। सीएम उड़नदस्ता टीम के प्रभारी एसआई विनय कुमार ने मौके पर पहुंच छापा मारा। छापे के दौरान टीम को 293 किलो गेहूं कम मिला तथा 15 किलो 50 ग्राम चीनी तथा किलोग्राम बाजरा अधिक मिला। एसआई विनय कुमार ने पुलिस को बताया कि डिपोधारक द्वारा सरकारी राशन में गबन करने के कारण राशन क्षमता से कम और अधिक मिला। मौके पर पहुंचे पात्र उपभोक्ताओं ने भी डिपोधारक पर राशन वितरण में गड़बड़ करने का आरोप लगाया है।

### पुलिस ने बदमाश को अवैध हथियार समेत गिरफ्तार किया

**सोहना।** अपराध शाखा पांच पुलिस टीम ने बदमाश को अवैध हथियार समेत गिरफ्तार किया है। बदमाश से बरामद अवैध हथियार में लोड एक जिन्दा कारतूस मिला है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ शहर थाना पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर लिया है। अपराध शाखा पांच के प्रभारी एसआई राजकुमार ने बताया कि एएसआई कमलसिंह के नेतृत्व में सोमवार को गश्त कर रही टीम सूचना मिली कि गांव चिलावली निवासी हाकम उर्फ जर्रा अवैध हथियार लेकर तावडू जाने वाले मार्ग के अंसल मोड़ पर खड़ा है। वह अपने हथियार के बल पर किसी भी प्रकार की आपराधिक वारदात को अंजाम दे सकता है। पुलिस टीम ने तुरन्त प्रभाव से मौके पर पहुंच बदमाश को दबोच लिया। जिसके पास से तलाशी के दौरान अवैध हथियार व उसमें लोड 315 बोर का जिन्दा कारतूस बरामद किया है।

### सम्मेद शिखरजी के सम्मान में गुरुग्राम में आज गरजेगा जैन समाज

**गुरुग्राम।** झारखंड के गिरीडीह में सम्मेद शिखर जी के मुद्दे पर देशभर में जैन समाज एकजुट होकर झारखंड सरकार के खिलाफ आंदोलन कर रहा है। दिल्ली में भी धरना जारी है। इसी कड़ी में बुधवार को गुरुग्राम में भी जैन समाज गरजेगा। सम्मेद शिखरजी को पर्यटन से धार्मिक स्थल के रूप में घोषित करके विकसित करने की मांग को लेकर जैन समाज बुधवार को शहर में महारैली निकालेगा। जैन समाज के प्रवक्ता के मुताबिक महा रैली चार जनवरी बुधवार की सुबह 9.30 बजे से पुलिस लाइन के सामने स्थित महावीर पार्क से निकाली जाएगी। समाज के अग्रणी लोगों ने जैन समाज के हर आम और खास से अपील की है कि वे इस रैली में जरूर शिरकत करें। यह अपने धार्मिक स्थल को बचाने का समय है। समाज के जो लोग सरकारी सेवाओं में हैं या अपने निजी काम करते हैं, वे सभी आधे दिन की छुट्टी लेकर इस रैली में शामिल हों। इस रैली का मुख्य उद्देश्य यही है कि हमारे शाश्वत तीर्थ सम्मेद शिखर जी का अस्तित्व बचाया जाए। यह हम सबकी धार्मिक आस्था का बड़ा केंद्र है। महावीर पार्क से रैली शुरू होगी, जो कि सदर बाजार होते हुए लघु सचिवालय पहुंचेगी। वहां डीसी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### कंपनी से शटर तोड़कर हजारों रुपये के सामान की चोरी

**फरीदाबाद।** चोरों ने सेक्टर-69 स्थित एक कंपनी का शटर तोड़कर हजारों रुपये कीमत का सामान चोरी कर लिया। थाना सदर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक सेक्टर 16 ए निवासी सक्षम चोपड़ा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी सेक्टर 69 स्थित एनर्जी इंस्ट्रूमेंट प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री है। दो जनवरी की रात को अज्ञात व्यक्ति ने कंपनी के पीछे से शटर तोड़कर स्टोर रूम में रखे कंप्यूटर, सीपीयू, मॉनिटर और यूपीएस और प्रिंटर को चोरी करके ले गए। इसके अलावा 6 बंडल बिजली वायर के भी ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### फरीदाबाद मंगलवार को एक्यूआई 359 पहुंचा

**फरीदाबाद।** जिले में प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को जिले का एक्यूआई 359 दर्ज किया गया, जोकि सामान्य से सात गुना अधिक था। 359 एक्यूआई सोमवार की तुलना में मंगलवार को 34 अंकों की वृद्धि दर्ज की गई है। फरीदाबाद में पिछले दो दिनों से हवा की गति थोड़ा कम हुई है, जिससे प्रदूषण के स्तर में वृद्धि देखने को मिली है। एक जनवरी को फरीदाबाद का एक्यूआई 210 रह गया था, लेकिन पिछले दो दिनों में इसमें लगभग 150 अंकों की वृद्धि दर्ज की गई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की तरफ से जारी एयर बुलेटिन के अनुसार मंगलवार को फरीदाबाद का एक्यूआई 398 दर्ज किया गया। अलग-अलग क्षेत्रों की बात करें तो मंगलवार को सेक्टर 16 क्षेत्र में 398, सेक्टर 11 क्षेत्र में 356, सेक्टर 30 क्षेत्र में 323 व बल्लभगढ़ क्षेत्र में 278 एक्यूआई दर्ज किया गया।

### बच्चे को पुलिस ने परिवार जनों से मिलाया

**बल्लभगढ़।** पुलिस टीम ने दो घंटे के अंदर बल्लभगढ़ बस स्टैंड पर मंगलवार को लावारिस हालात में रोते हुए घूम रहे चार साल के बच्चे को उसके परिवार वालों से मिलवा दिया। यह बच्चा पास में ही स्थित कॉलोनी से घूमता हुआ बस स्टैंड पर आ गया था। बस अड्डा पुलिस चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने बताया कि मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे 4 साल का लड़का बस स्टैंड पर लावारिस हालत में रोता हुआ घूम रहा था। बच्चे को रोते हुए देख किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस टीम ने पहुंचकर बच्चे से उसके माता-पिता का नाम और पता पूछना चाहा। मगर बच्चा अपनी माता पिता का नाम व घर का पता नहीं बता सका। जिसके बाद पुलिस टीम ने बच्चे एक ऑटो में बैठकर बस स्टैंड के आस पास बनी सभी कॉलोनी की गलियों में घुमाया। करीब दो घंटे तक घूमने के बाद उसको जब फ्रेंड्स कॉलोनी लेकर गए तो उसने अपने घर की पहचान की। जिसमें उसके पिता दीपक थे। दीपक को उनका बच्चा सकुशल पहुंचा दिया। जिसने पुलिस को आभार जताया।

### वाहन चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक मामलों में संलिप्त फरार चल रहे आरोपियों की धर पकड़ के दिए गए दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए वाहन चोरी करने वाले दो आरोपियों को क्राइम ब्रांच उंचागांव प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में कर्मवीर उर्फ लक्की और मोहित का नाम शामिल हैं। आरोपी लक्की सोनीपत जिले के गन्नौर की विश्वकर्मा कॉलोनी का तथा आरोपी मोहित उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के गांव मलकपुर का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने दोनों आरोपियों को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना सदर बल्लभगढ़ के चोरी के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ के दौरान टाटा 407 गाड़ी, डीजे, जनेटर और डीजे की 6 मशीन के साथ 4000 रुपये नगद बरामद किए गए है। आरोपी डीजे का काम करते है। आरोपी अपने डीजे के काम को अधिक फैलाना चाहता है। इस लिए आरोपियों ने चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

# गुरुग्राम में 18वीं नेशनल आइस स्केटिंग चैम्पियनशिप का आगाज



18वीं नेशनल आइस स्केटिंग चैम्पियनशिप को लेकर अभ्यास करती खिलाड़ी।

## पहले दिन ट्रेनिंग कैम्प में 22 राज्यों के 3 खिलाड़ियों ने सीखे गुर

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**यहां** एम्बियंस मॉल स्थित आईस्केट रिंग (बर्फ का मैदान) में 18वीं नेशनल आइस स्केटिंग चैंपियनशिप के लिए मंगलवार को विशेष ट्रेनिंग कैंप शुरू हुआ। दो दिन तक चलने वाले इस कैंप में बच्चे, किशोर खिलाड़ियों ने बर्फ के मैदान पर खूब करतब दिखाए।

चैम्पियनशिप का औपचारिक शुभारंभ चार जनवरी से होगा, जबकि मुकाबले पांच जनवरी सुबह सात बजे से होंगे। इस पांच दिवसीय नेशनल चैंपियनशिप में देश भर से खेल जगत की नामी हस्तियां शिरकत करने की संभावना है, जिसमें भारतीय ओलम्पिक एसोसिएशन की अध्यक्ष पीटी उषा एवं टेनिस स्टार पीवी सिंधु का नाम भी शामिल है। आइस नेशनल ट्रेनिंग कैम्प का शुभारंभ आइस स्केटिंग ऑफ इण्डिया के अध्यक्ष अभिताभ शर्मा एवं महासचिव जगराज सिंह साहनी ने संयुक्त रुप से किया। नेशनल मीडिया कॉर्डिनेटर एवं हरियाणा आइस स्केटिंग एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव नरेश सेलपाड़ ने बताया कि 18वीं नेशनल आइस स्केटिंग चैम्पियनशिप में तेलंगाना, दिल्ली, आंध्रप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, लदख, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु, पंजाब, राजस्थान, कर्नाटक, झारखण्ड, केरल, मध्य प्रदेश, गुजरात, पश्चिमी बंगाल, छत्तीसगढ़, चण्डीगढ़ सहित कुल 22 राज्यों की टीमें के 300 आइस स्केटर्स हिस्सा ले रहे हैं।

**खिलाड़ियों ने किया कड़ा अभ्यास** : 18वीं नेशनल आइस स्केटिंग चैम्पियनशिप के ट्रेनिंग कैम्प में स्पीड आइस स्केटिंग श्रेणी में अंडर-10, 10 से 13, 13 से 15, 15 से 17, 17 से 19 आयु वर्ग व सीनियर वर्ग में 19 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के स्केटर्स ने अभ्यास किया। इसी प्रकार फिगर आइस स्केटिंग में अन्डर-8, 8 से 11, 11 से 13, 13 से 15, 15 से 19 एवं 19 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के स्केटर्स ने हिस्सा लिया।

**हरियाणा के खिलाड़ियों को मिलेगा कैश अवार्ड** : हरियाणा आइस स्केटिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह के अनुसार 18वीं नेशनल आइस स्केटिंग चैम्पियनशिप के दौरान प्रदेश को मेडल दिलवाने वाले खिलाड़ियों को एसोसिएशन की तरफ से कैश अवार्ड दिया जाएगा। यह ईनाम राशि प्रदेश सरकार, केन्द्र सरकार या इंडियन आइस स्केटिंग एसोसिएशन से मिलने वाले ईनाम राशि या सहयोग राशि से अलग होगी।

# नप ने अतिक्रमण के खिलाफ चलाया अभियान

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



मंगलवार को शहर में अतिक्रमण करने वालों के सामान को हटवाती नगर परिषद की टीम।

**नगर** परिषद ने शहर में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाते हुए 30 दुकानदारों के चालान काटे। दुकानदारों को फिर से अतिक्रमण न करने की चेतावनी भी दी गई। नगर परिषद प्रशासन ने साल के पहले ही सप्ताह में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाते हुए अपने तेज तेवर दिखा दिखाने शुरू कर दिए है। परिषद की टीम ने शहर के पुराना अलवर मार्ग, पुराना लेबर चौक, खेल चौक और सामान्य बस स्टैंड मार्ग पर अतिक्रमण करके बैठे दुकानदारों का सामान अंदर कराया। दुकानदारों ने परिषद की टीम को अपना सामान पहले से पहले सड़क से हटा लिया।

**30 दुकानदारों के काटे चालान** : अतिक्रमण हटाने के दौरान परिषद की टीम ने 30 दुकानदारों पर 500-500 रुपये के चालान काटते हुए जुर्माना लगाया। जिससे आस-पास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। चालान से बचने और अपना सामान सुरक्षित करते हुए नजर आए।

**दुकानदारों से हुई तू तड़ाक** : परिषद से अतिक्रमण हटाने गए कर्मचारी और पुलिस कर्मियों से दुकानदारों बहस भी हुई। दुकानदार टीम पर उंगलियां उठाते हुए नजर आए। जिसका कारण परिषद का हमेशा अभियान एक ही मार्ग पर चलता है। दुकानदारों ने अग्रसैन चौक, पुरानी सब्जी मंडी, गुरुद्वारा मार्ग, बाईपास चौक, तावडू मार्ग और बालूदा मार्ग पर कभी भी अतिक्रमण हटाने का अभियान न चलाने का आरोप लगाया।

> **अतिक्रमण** करने वालों को बक्सा नहीं जाएगा। दुकानदारों द्वारा सड़क और आम रास्तों पर रखा सामान जब्त किया जाएगा।
>
> **सतेन्द्र यादव**
> **( सफाई निरीक्षक नप )**

# एक बेटी पर होती है दो घरों को संवारने की जिम्मेदारी

## सावित्री बाई फुले की जयंती पर उत्कृष्ट महिला शिक्षिका व खिलाड़ी सम्मान कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




गुरुग्राम में माता सावित्री बाई फुले की जयंती पर आयोजित उत्कृष्ट महिला शिक्षिका व खिलाड़ी सम्मान कार्यक्रम में महिलाओं को सम्मानित करने के बाद सामूहिक चित्र में मुख्य अतिथि सुनीता सिंगला।

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला की धर्मपत्नी सुनीता सिंगला ने कहा कि अगर हम एक बेटी को शिक्षित करते हैं तो वह दो घरों को शिक्षित बनाती है, संवारती है। इसलिए जरूरी है कि समाज में हर वर्ग, हर घर-परिवार बेटियों को उच्च शिक्षा दिलाकर उन्हें कामयाबी की राह पर चलाए।

ये बातें उन्होंने मंगलवार को प्रथम भारतीय महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले की जयंती पर सैनी चौपाल जैकबपुरा में आयोजित उत्कृष्ट महिला शिक्षिका व खिलाड़ी सम्मान समारोह में कही। सुनीता सिंगला ने कार्यक्रम की शुरुआत में माता सावित्री बाई फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित करके उन्हें नमन किया। सैनी समाज (महिला विंग) द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह में सुनीता सिंगला ने कहा कि एक बेटी पर दो घरों को संवारने की जिम्मेदारी होती है। एक बेटी शिक्षित होकर दो (मायका व ससुराल) घरों को शिक्षित करती है। उन्होंने कहा, यह सच है कि 19वीं सदी तक नारी को केवल मात्र भोग की वस्तु ही समझा गया। समाज में उसे दूसरी पहचान नहीं मिली। वह घर की चारदिवारी में कैद होकर रह गई थी। आत्मसम्मान के नाम पर महिलाओं का कुछ नहीं था। वे शोषित होती रही। अज्ञानता के अंधकार, कर्मकांड, वर्णवाद, जातिवाद, बाल विवाह, विधवा विवाह न होना, मुंडन एवं सती प्रथा आदि कुप्रथाओं में नारी को बांधकर रख दिया गया। शिक्षा ग्रहण करने का अधिकार को कोसों दूर था। उस दौर में महात्मा ज्योतिराव फुले ने समाज में फैली रूढ़िवादी और गैर मानवतावादी परंपराओं से लड़ाई लड़ी। उन्होंने बेटियों की शिक्षा के लिए कन्या विद्यालय खोले।

श्रीमती सिंगला ने कहा कि नारी शक्ति को शिक्षित करने के लिए पहले प्रयास में महात्मा ज्योतिराव फुले ने अपनी धर्मपत्नी सावित्री बाई फुले को ही शिक्षित किया। फिर उन्होंने सावित्री बाई की मदद से समस्त नारी जाति के लिए शिक्षा की अलख जगाई। समाज में स्त्री शिक्षा के प्रति जागरुकता फैली। सावित्री बाई फुले को पहली भारतीय महिला अध्यापिका बनने का गौरव हासिल किया। यह हमारे समाज में बदलाव की बड़ी शुरुआत थी। इस कार्यक्रम में समाजसेविका कल्पना गोयल, सैनी समाज से सरोज सैनी, सविता सैनी, रेखा सैनी, कमलेश, लक्ष्मी समेत अनेक महिलाएं मौजूद रहीं।

# अवैध कालोनियों को नियमित कराने के लिए करें आवेदन, फिर चलेगा बुलडोजर

## नगर निगम, पालिका क्षेत्रों से बाहर अवैध कालोनियां की जा रहीं नियमित

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम




**नगर** निगम क्षेत्रों के बाहर स्थित अनधिकृत या अवैध कॉलोनियां सरकार द्वारा वैध यानी नियमित करने की प्रक्रिया शुरू की है। इन कालोनियों को नियमित कराने के लिए डेवलपर आरडब्ल्यूए 18 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। अभी तक जिले में 38 आवेदन जमा हुए हैं। खास बात है कि जिन अवैध कालोनियों को नियमित कराने का आवेदन नहीं किया जाएगा, उन्हें तोड़ने की कार्यवाही शुरू होगी।

हरियाणा नगरपालिका क्षेत्र के बाहर नागरिक सुविधाओं और बुनियादी ढांचे की कमी वाले क्षेत्रों के प्रबंधन (विशेष प्रावधान) अधिनियम 2021 के तहत नियमितीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन कॉलोनी विकसित करने वाले डेवलपर या रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) द्वारा किया जा सकता है। सरकार ने अनधिकृत या अवैध कॉलोनियों को नियमित करने का अवसर दिया है। इस उद्देश्य के लिए गठित जिला स्तरीय जांच समिति (डीएलएससी) के अध्यक्ष उपायुक्त निशांत कुमार यादव के अनुसार गुरुग्राम जिले में अब तक 38 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 19 आवेदन समिति के समक्ष रखे जा चुके हैं और वे आगामी कार्यवाही के लिए सरकार को भेजे जा रहे हैं, बाकि 18 अन्य कॉलोनियों के मामलों में आवेदकों को आवश्यकताओं या शर्तों को पूरा करने के लिए कुछ और दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है।

**सुविधा के लिए बनाई गई चार श्रेणियां** : नियमितीकरण के उद्देश्य से सरकार ने अवैध कॉलोनियों की सुविधा के लिए उन्हें चार श्रेणियों में बांटा है। 25 प्रतिशत तक निर्मित क्षेत्र वाली कालोनियों को श्रेणी ए में रखा गया है और 25 प्रतिशत से अधिक किंतु 50 प्रतिशत तक निर्मित क्षेत्र वाली कालोनियों को श्रेणी बी में रखा गया है। इसी प्रकार श्रेणी सी में उन अवैध कालोनियों को शामिल किया गया है जिनमें 50 प्रतिशत से अधिक लेकिन 75 प्रतिशत तक निर्माण हुआ है और श्रेणी डी में 75 प्रतिशत से लगभग 100 प्रतिशत तक निर्मित क्षेत्र वाली कॉलोनियों को रखा गया है। डीटीपी (ई) मनीष यादव ने विभिन्न श्रेणियों का विवरण देते हुए बताया कि श्रेणी ए कॉलोनियों के मामले में सभी अनिर्मित भूखंड सड़क/गली के चौड़ीकरण, पार्कों/सुविधाओं के लिए जगह, जल कार्य और सामुदायिक भवन आदि के अधीन होंगे।

**नौ सदस्यीय डीएलएससी समिति का गठन** : अधिनियम के तहत अवैध कॉलोनियों को नियमित करने के उद्देश्य के लिए उपायुक्त की अध्यक्षता में 9 सदस्यीय डीएलएससी समिति का गठन किया गया है।

# दो आरोपी अवैध हथियार सहित गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा निर्देश पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-85 प्रभारी जोगिन्द्र की टीम ने अवैध हथियार सहित 2 आरोपियों गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में रवि उर्फ मलखान और कमल उर्फ खटुल का नाम शामिल है।

आरोपी रवि उर्फ मलखान मूल रुप से उत्तर प्रदेश के नोएडा सेक्टर-37 के गांव जामापुर का तथा आरोपी कमल उर्फ खटुल मूल रुप से राजस्थान के अलवर जिले के गांव नून नगर का रहने वाल है। क्राइम ब्रांच टीम ने दोनों आरोपियों को थाना सदर बल्लभगढ़ के एरिया से गिरफ्तार किया। आरोपियों से एक देसी कट्टा के साथ 3 जिन्दा रोंद बरामद कर थाना सदर में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों को अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया गया, आरोपियो से पूछताछ में 6 मामलों का खुलासा हुआ है। जिसमें आरोपियो से थाना पल्ला के चोरी के मुकदमें में 2 बैट्री, 7000/-रु, थाना सैन्ट्रल के चोरी के मुकदमें में 10 बैट्री 30000/-रु, थाना सदर बल्लभगढ़ के चोरी के मुकदमें में 167 बण्डल बिजली के तार, 07 बिजली के कम्बाईन बॉक्स, 01 कार की चाबी आदि बरामद किए हैं।

# शिक्षा विभाग करेगा ड्रोप ऑउट बच्चों का सर्वे

## आज सौ शिक्षकों को तय क्षेत्रों के सर्वे करने की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

> **ब्लॉक** के सभी 15 क्लेस्टर के अधीन आने वाले 131 राजकीय स्कूलों के शिक्षक ड्रोप ऑउट बच्चों का सर्वे करेंगे। 6 से 14 वर्ष की उम्र वाला बच्चों को इस सर्वे में शामिल किया है। सरकारी या गैरसरकारी स्कूल से पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चों को वापस पढ़ाई कराने के लिए लाया जाएगा।
>
> **फिरदोस**
> **( बीईओ सोहना )**

**नगर** परिषद सीमा क्षेत्र के दो राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूलों के 100 शिक्षक ड्रोप ऑउट (बीच सत्र में पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चे) की सर्वे करेंगे। गुरुवार से शिक्षकों को अपने-अपने क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

प्रदेश सरकार और शिक्षा विभाग के आदेशानुसार शिक्षक अब ड्रोप ऑउट (बीच सत्र में पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चे) की सर्वे करने के लिए शहर के चौक-चौराहों से लेकर गली कूचों में खेलने वाले और होटल, ढाबा सहित दुकान-गोदाम पर कार्य करने वाले बच्चों को तलाशा जाएगा। ताकि शिक्षा का अधिकार के तहत ऐसे बच्चों को वापस स्कूल में लाया जा सके। उन्हें शिक्षा दी जाए। शहर के दो बड़े राजकीय स्कूल संस्कृति मॉडल व राजकीय कन्या वष्ठि माध्यमिक स्कूल गर्ल्स के अधीन 32 स्कूल आते हैं। इन 32 स्कूलों के 100 के लगभग शिक्षकों को ड्रोप ऑउट बच्चों की सर्वे करने के कार्य में गुरुवार से जिम्मेदारियों सौंपी जाएगी। इसके लिए गुरुवार को शहर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक गर्ल्स स्कूल में एक बैठक होगी। इस बैठक में शिक्षकों जिम्मेदारी दी जाएगी। राजकीय संस्कृति मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल के प्रधानचार्य सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि सर्वे के दौरान शहर के चौक-चौराहों से लेकर अनाज मंडी, बस स्टैंड, नागरिक अस्पताल, तहसील परिसर सहित ऐसे स्थानों पर तलाश की जाएगी। जहां पर बच्चा अपना पूरा दिन व्यतीत करता है। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल के प्रधानाचार्य जयसिंह ने बताया कि सर्वे के लिए शिक्षकों की बताया जा चुका है। गुरुवार होने वाली क्लेस्टर स्तर की बैठक के बाद शिक्षक अपने-अपने क्षेत्र में सर्वे करने का कार्य शुरू कर देंगे।

# कोरोना : मात्र तीन निजी अस्पतालों में कोविशिल्ड उपलब्ध

**कविता । फरीदाबाद**

**जिले** में जहां एक तरफ स्वास्थ्य विभाग तथा जिला प्रशासन की तरफ से दावे किए जा रहे हैं कि कोरोना को लेकर वह सभी सतर्क हैं और सभी तरह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। लेकिन इन तैयारियों के अलावा जो सबसे अहम है, कोरोना से बचाव के लिए कोविड वैक्सीन वह जिले में पिछले 15 दिनों से समाप्त है।

ऐसे में लोग वैक्सीनेशन सेंटरों के चक्कर काटने को मजबूर हो रहे हैं। वहीं जिले में मौजूद निजी अस्पतालों में भी उन्हें स्लॉट नहीं मिल पा रहे हैं। पायनियर की तरफ से जब ऑनलाइन स्टेटस जांच की तो पता चला कि शैड्यूल जांच वाली वेबसाइड पर मात्र पांच निजी अस्पतालों में से तीन में ही कोविशिल्ड उपलब्ध है। उसकी एक स्लॉट की कीमत 386.25 रुपये है।

जानकारी के मुताबिक देशभर में जहां एक तरफ कोरोना के बढ़ते मामले सामने आ रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ शहरवासी अपनी बची हुई वैक्सीन लगवाने के लिए सेंटरों पर पहुंच रहे हैं, लेकिन जिले में मौजूद कोविड वैक्सीनेशन सेंटरों पर वैक्सीन समाप्त है। जिसके कारण






डॉ. मान सिंह

लोगों को यहां से वहां भटकना पड़ रहा है। लेकिन सरकारी अस्पतालों समेत सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर मौजूद वैक्सीनेशन सेंटरों पर वैक्सीन समाप्त है।

जिले में पता किया गया तो मालूम हुआ कि मात्र ऑनलाइन तीन ही निजी अस्पतालों में स्लॉट बुक हो रहे हैं। वैसे पांच अस्पताल दर्शाये जा रहे हैं। जिसमें पहला अर्श अस्पताल, दूसरा एशियन अस्पताल, सर्वोदय अस्पताल, संस्कार मेडिकल सेंटर, सुप्रीम हॉस्पीटल शामिल है। इसमें अर्श अस्पताल, संस्कार और सुप्रीम अस्पताल में ही कोविशिल्ड की स्लॉट उपलब्ध है। जिसमें कोविशिल्ड के लिए 386.25 रुपये का एक इंजेक्शन बताया जा रहा है।

करीब 15 दिनों से मात्र कोवैक्सीन ही लोगों को जिले के सरकारी केन्द्रों पर उपलब्ध हो रही है। वहीं जिले में वैक्सीनेशन सेंटरों की संख्या ऑनलाइन 13 दर्शाई जा रही है। जिसमें छह सरकारी और सात निजी सेंटर उपलब्ध है।

**नहीं हो रही उपलब्ध :** कोविड-वैक्सीनेशन सेंटरों पर मात्र को कोवैक्सीन ही उपलब्ध है। इस विषय में जब जिला कोविड वैक्सीनेशन अधिकारी डॉ. मान सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि 15 दिन पहले वैक्सीन समाप्त होने से पहले डिमांड उन्होंने भेज रखी है। लेकिन अभी तक वैक्सीन वेयर हाउस में नहीं आई है। करीब एक हफ्ते पहले भी उन्होंने रिमाइंडर भिजवाया है। वहीं मंगलवार को भी फोन करके अपडेट लिया था। जिस पर उन्हें सोमवार तक वैक्सीन उपलब्ध करवाने की बात कही गई है।

# चाकुओं से गोद कर अज्ञात लोगों ने युवक की हत्या कर शव फेंका

### दुर्घटना के एक अन्य मामले में हत्या की अफवाह फैलाने के आरोप में केस दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा । फरीदाबाद**

**अज्ञात** बदमाशों ने एक युवक की चाकुओं से गोद कर हत्या करने के बाद शव को सेक्टर 25 स्थित गुरूग्राम नहर के पुल के पास फेंक दिया। सुबह करीब आठ बजे सड़क से गुजर रहे लोगों ने शव को देखते ही डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। थोड़ी ही देर में पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने मृतक की पहचान के लिए आसपास के लोगों को मौके पर बुलाया। लेकिन कोई भी व्यक्ति मृतक की पहचान नहीं कर पाया। फिलहाल पुलिस ने शव पहचान एवं पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल में रखवा दिया है। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।



घटनास्थल पर छानबीन करते पुलिस अधिकारी व डॉग स्क्वायड।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार सुबह सेक्टर 25 स्थित गुरुग्राम नहर पुल के पास सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा हुआ था। तभी वहां से गुजर रहे किसी व्यक्ति की नजर शव पर पड़ गई। उसने इस बारे में अन्य लोगों को बता दिया। थोड़ी ही देर में मौके पर लोगों की भीड़ लगा गई। तभी घटना की सूचना किसी ने डायल 112 पर पुलिस को दे दी। थोड़ी ही देर में थाना सेक्टर 58 के प्रभारी जयवीर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। मृतक के शरीर पर घाव के कई निशान बने हुए थे। जांच पड़ताल के दौरान पुलिस को पता चला कि चाकू अथवा किसी नुकीले हथियार से गोद कर युवक की हत्या की गई है। मृतक की उम्र करीब 30 वर्ष बताई जा रही है। मृतक की पहचान न होने पर शव मोरचरी में रखवा दिया है। पुलिस आरोपियों का सुराग लगाने और मृतक की पहचान करने के लिए आसपास के इलाकों के लोगों से पूछताछ करने के साथ ही इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटैज भी खंगाल रही है। पुलिस को आशंका है कि अज्ञात लोगों ने युवक की हत्या करने के बाद मृतक की पहचान छिपाने के लिए यहां फेंक दिया है।

### हत्या की अफवाह का केस दर्ज

**दो** दिन पूर्व बल्लभगढ़ बस अड्डे के पास सड़क दुर्घटना में घायल हुए गाजीपुर निवासी सुदामा ने बीती रात सफदरजंग अस्पताल में दम तोड़ दिया। घटना के दौरान किसी व्यक्ति ने पुलिस कंट्रोलरूम में फोन कर 15-20 लोगों द्वारा सुदामा से मारपीट करने की सूचना दी थी। इस सूचना के बाद पुलिस सक्रिय हुई तो पता चला कि सुदामा सड़क दुर्घटना में घायल हुआ था। लोगों ने उसे बीके अस्पताल पहुंचाया था। जहां उसे सफदरजंग अस्पताल रैफर किया गया था। इस मामले में झूठी शिकायत देने वाले के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

# राशन कार्ड सूची से काटे गए सही पात्रों के नाम : ललित



राशन कार्ड में नाम कटने को लेकर पूर्व विधायक ललित नागर को ज्ञापन देते स्थानीय निवासी।

**पायनियर समाचार सेवा । फरीदाबाद**

**तिगांव** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कई कालोनियों के लोगों के नाम राशन कार्ड सूची से बिना सूचना के हटाने के चलते लोग दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर हो रहे है। गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले इन लोगों को राशन कार्ड से नाम कट जाने के चलते न तो राशन मिल पा रहा है और न ही अन्य प्रकार की सुविधाएं, जिसके चलते यह लोग परेशानी से जूझ रहे है।

इसी को लेकर क्षेत्र की ओम एंक्लेव, राशन नगर, सूर्या विहार, विनय नगर, भट्टा कालोनी, सरस्वती कालोनी, दीपावली कालोनी आदि कालोनियों की अनेकों महिला-पुरुष ने पूर्व विधायक ललित नागर से मुलाकात कर उनके समक्ष अपना दुखड़ा रोया। पीड़ित लोगों ने बताया कि पिछली सरकार में उनके राशनकार्ड बने थे और उन्हें राशन डिपो से चावल, गेहूं, चीनी इत्यादि सामग्री मिलती थी, लेकिन पिछले दो-तीन महीनों के दौरान सरकार ने बिना जांच पड़ताल किए, बिना नोटिस के सैकड़ों लोगों के नाम राशन कार्ड से काट दिए है, जिसके चलते उन्हें राशन नहीं मिल पा रहा, और उनके घर का गुजारा करना मुश्किल हो गया है।

राशनकार्ड कटने के बाद लोग कभी एडीसी कार्यालय जाते है तो कभी नगर निगम तो कभी खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं होती, कोई भी उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं दे रहा, जिससे वह परेशान है। लोगों की समस्याएं सुनने के बाद पूर्व विधायक ललित नागर ने कहा कि मनोहर सरकार केवल कागजों में विकास की बातें कर रही है।

# सर्दियों में हड्डी और जोड़ों की देखभाल जरूरी: डॉ. हरीश

**पायनियर समाचार सेवा । फरीदाबाद**

**सर्दियां** आ चुकी हैं और हर दिन तापमान नीचे जा रहा है, जिसके चलते लोगों के लिए हड्डियों और जोड़ों के दर्द को झेलना मुश्किल हो जाता है। सर्दियों में जोड़ों में दर्द का कारण एक या अधिक जोड़ों में सूजन है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि शरीर के इन हिस्सों तक रक्त का प्रवाह कम हो जाता है जिसकी वजह से जोड़ों में कड़ापन आ जाता है जो कि जोड़ों तथा हड्डियों में दर्द का कारण बनता है।

डॉ हरीश घूटा, एडिशनल डायरेक्टर-ऑर्थोपिडिक्स, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पीटल, फरीदाबाद बताते हैं, जोड़ों में दर्द आमतौर पर सर्दियों के मौसम में बढ़ता है, और गठिया (आर्थराइटिस) रोगियों के लिए इससे मुसीबत और बढ़ जाती है। अगर दर्द का सही प्रकार से उपचार नहीं किया जाता तो इसका असर आपकी दैनिक उत्पादकता पर पड़ता है और संपूर्ण स्वास्थ्य प्रभावित होता है। डॉ हरीश घूटा ने जोड़ों के अत्यधिक दर्द से बचाव के लिए कुछ उपाय साझा किये हैं। सर्दियों के मौसम में जोड़ों का दर्द काफी सामान्य होता है और इसकी वजह से उंगलियों और पंजों में रक्त प्रवाह कम हो जाता है, जो जोड़ों की तकलीफ बढ़ा देता है।

कम तापमान पर मांसपेशियों में भी कसावट आ जाती है जिसकी वजह से कड़ापन और दर्द बढ़ जाता है। इसके अलावा, लोग सर्दियों के मौसम में ज्यादातर घरों के अंदर रहना पसंद करते हैं और ऐसे में धूप/ सूरज की रोशनी भी कम मिल जाती है जो विटामिन डी की कमी का कारण बनती है। सर्दियों में जोड़ों के दर्द से निपटने के कुछ जरूरी नुस्खे इस प्रकार हैं। पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं ताकि शरीर से सूजन कम हो सके और जोड़ों की सतहों के बीच टकराहट (फ्रिक्शन) भी कम हो। अपने आपको गर्म कपड़ों से ढककर रखें, घरों में पर्याप्त हीटिंग करें और अन्य जरूरी साधनों का प्रयोग करें।

# दूसरे दिन भी रही ठिठुरन, दिनभर नहीं निकली धूप

**पायनियर समाचार सेवा । फरीदाबाद**

**जिले** में ठिठुरन दूसरे दिन भी जारी रही। दिनभर कोहरा छाया रहा। मंगलवार को भी दिनभर धूप के दर्शन नहीं हुए। जिससे अधिकतम तापमान में भी गिरावट देखने को मिली है। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को जहां तापमान 21 डिग्री था। वहीं मंगलवार को अधिकतम तापमान 17 व न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

जानकारी के मुताबिक फरीदाबाद में नए साल की शुरुआत से ही ठंड का असर बढ़ गया है। मंगलवार को सुबह की शुरुआत हल्के कोहरे के साथ हुई। सुबह कोहरा जल्द छट गया था, लेकिन दिन में धूप के दर्शन नहीं हुए। दोपहर के समय हल्का सूरज दिखाई दिया, लेकिन तेज धूप नहीं निकल पाई। इससे दिन के तापमान में गिरावट बनी रही। जिससे ट्रेन भी देरी से चल रही है। लंबी दूरी वाली ट्रेन तय समय



प्रेस कालोनी लेबर चौक पर अलाव जलाकर हाथ सेंकते हुए।

की तुलना में एक से दो घंटे की देरी से चल रही हैं। मंगलवार को जबलपुर-निजामुद्दीन महाकौशल एक्सप्रेस एक घंटा 25 मिनट, नांदेड़-अमृतसर सचखंड एक्सप्रेस एक घंटा 21 मिनट, झेलम एक्सप्रेस एक घंटा 28 मिनट, नई दिल्ली-तिरुवनंतपुरम केरला एक्सप्रेस एक घंटा 12 मिनट, पुरी एक्सप्रेस एक घंटा 30 मिनट अमृतसर-नांदेड़ सचखंड एक्सप्रेस दो घंटा 26 मिनट देरी से फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पर पहुंची। रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी दीपक के अनुसार सर्दी के मौसम में कोहरा छाने के दौरान ट्रेन थोड़ा लेट हो जाती हैं। मंगलवार को भी कुछ ट्रेन लेट रहीं।

# सेक्टर-31 खेल परिसर को टेकओवर करेगा विभाग

**फरीदाबाद।** सेक्टर 31 स्थित खेल परिसर को खेल विभाग अलगे दो से तीन दिन में टेकओवर करने की प्रक्रिया पूरी कर लेगा। सेक्टर 31 में लगभग पौने चार एकड़ जमीन पर इंडोर खेल परिसर का निर्माण किया है।

वहां पर अलग-अलग इंडोर खेलों के लिए 10 कमरे बनाए गए हैं। इनमें बास्केट बॉल कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट, जूड़ो रूम, जिमनास्टिक रूम, स्क्वैश रूम, जिम व बैडमिंटन रूम बनाया गया है। प्रत्येक रूम में 50 से 100 लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। खेल परिसर का संचालन खेल विभाग को करना है। इसके लिए खेल विभाग ने इसे टेकओवर करने की प्रक्रिया शुरू की हुई है। इसके लिए खेल विभाग हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से तालमेल बैठाकर काम कर रहा है। टेकओवर करने की प्रक्रिया पूरी होते ही यहां पर खिलाड़ी अभ्यास करना शुरू कर देंगे। खेल परिसर के लिए कोच की ड्यूटी लगा दी गई है।

# मानव रचना को एमओडीआरबी के तहत मिले 19.11 लाख रुपये

### एआईसीटीई की एमओडीआरबी योजना में 19.11 लाख की ग्रांट प्राप्त हुई

**प्रवीन शर्मा । फरीदाबाद**

**इलेक्ट्रिकल** और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग, मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज को एआईसीटीई, नई दिल्ली की एमओडीआरबी योजना के तहत 19.11 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ है।

मॉडरोब्स (आधुनिकीकरण और अप्रचलन को हटाना) योजना का उद्देश्य प्रयोगशालाओं/कार्यशालाओं/कंप्यूटिंग सुविधाओं (पुस्तकालयों के अलावा) आधुनिकीकरण करना और अप्रचलन को दूर करना है ताकि शिक्षण, प्रशिक्षण और अनुसंधान उद्देश्यों के लिए तकनीकी संस्थानों की कार्यात्मक दक्षता में वृद्धि हो सके। उपलब्ध अनुदान के साथ



मानव रचना कालेज में लैब के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि सलाहकार वैज्ञानिक जी विज्ञान भारत सरकार के डा. एसके वार्ष्णेय का स्वागत करते कुलपति डा. संजय श्रीवास्तव।

विभाग ने एक्सेलेरोमीटर सेंसर, तापमान और आर्द्रता सेंसर, पीआईआर सेंसर, स्मोक सेंसर और अल्ट्रासोनिक सेंसर के रूप में ***R Pi*** और ***Arduino*** बोर्ड और संबंधित सेंसर मॉड्यूल के साथ विभिन्न ***IoT*** प्रशिक्षण बॉक्स खरीदे हैं। इन सेंसर मॉड्यूल को होम ऑटोमेशन सिस्टम, वेदर मॉनिटरिंग सिस्टम, नमी मॉनिटरिंग सिस्टम आदि जैसे विभिन्न अनुप्रयोगों और परियोजनाओं के विकास के लिए द्धश्ज्ञ ट्रेनिंग बॉक्स के साथ जोड़ा जा सकता है। तकनीकी संसाधनों के अनुकूलन के लिए प्रोजेक्ट इंटरनेट ऑफ थिंग्स के साथ एंबेडेड सिस्टम लैब का आधुनिकीकरण एक गेम चेंजर होगी।

लैब का उद्घाटन डॉ. एसके वार्ष्णेय, सलाहकार/वैज्ञानिक, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा डॉ. संजय श्रीवास्तव, कुलपति, एमआरआईआईआरएस और एमडी एमआरआईआई, आर.के. आनंद, डीजी एमआरआईआईआरएस, डॉ. नरेश ग्रोवर, पीवीसी, डॉ. प्रदीप कुमार, पीवीसी, एमआरआईआईआरएस, आर.के. अरोड़ा, रजिस्ट्रार एमआरआईआईआरएस, और डॉ. सरिता सचदेवा, कार्यकारी निदेशक और डीन रिसर्च की उपस्थिति में किया गया।

# जाम से मुक्ति के लिए व्यापारियों ने दिये सुझाव

**फरीदाबाद।** मेन बाजार बल्लभगढ़ को जाम मुक्त करने के लिए मंगलवार को शहर के व्यापारिक संगठनों ने एसीपी सिटी के साथ मीटिंग कर सुझाव दिए। अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित मीटिंग में एसीपी सिटी मुनीश सहगल, सिटी थाना प्रभारी सत्यवान और अग्रसेन चौक पुलिस चौकी इंचार्ज राजेंद्र ने भाग लिया। जिसमें व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों ने एसीपी को बाजार में लगने वाली रेहडी व पटरी की वजह से लगने वाले जाम से अवगत कराया।

रेहड़ी और पटरी के दुकानदारों के कारण बाजार में हर समय जाम लगा रहता है। मोहना रोड मार्केट में भी आसपास वाहन खड़े रहने से लोगों के साथ -साथ दुकानदारों को भी दिक्कत हो रही है। एसीपी मुनीश सहगल ने कहा कि जल्दी ही रेहड़ी पटरी वालों को बाजार से हटाकर लोगों को जाम से मुक्ति दिलवाई जाएगी। मीटिंग में व्यापार मंडल के प्रधान भगवान दास गोयल, हरियाणा व्यापार मंडल के प्रधान प्रेम खट्टर, वस्त्र व्यापार मंडल के प्रधान संजय गुप्ता, व्यापारी एकता संघ के प्रधान राहुल गोयल, उद्योग व्यापार मंडल के प्रधान रघुवर दयाल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# पटवारियों की सभी जायज मांगें पूरी करे सरकार : कौशिक



सेक्टर 12 लघु सचिवालय के बाहर धरना देकर प्रदर्शन करते पटवारी।

**पायनियर समाचार सेवा । फरीदाबाद**

**विभिन्न** मांगों को लेकर सेक्टर-12 लघु सचिवालय के समक्ष चल रहा दी रेवेन्यु पटवार एवं कानूनगो एसो. हरियाणा का धरना मंगलवार को भी जारी रहा। आज धरने पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के महासचिव बलजीत कौशिक ने जाकर प्रदर्शनकारी पटवारियों को कांग्रेस पार्टी की ओर से समर्थन देते हुए उनकी मांगों को जायज बताया।

बलजीत कौशिक ने कहा कि पटवारी एवं कानूनगो समाज का एक अभिन्न अंग है, यह जमीन से जुड़े हुए है, इसलिए सरकार को इनकी मांगों को मानना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी उनकी सभी मांगों का समर्थन करती है और सरकार को चेतावनी देती है कि अगर जल्द ही उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो सरकार की ईट से ईट बजा देंगे। धरने पर पहुंचने पर प्रधान जावेद ने बलजीत कौशिक का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने श्रीकौशिक को मांगों को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा। प्रधान ने मांगों का जिक्र करते हुए बताया कि हरियाणा एम्प में राजस्व पटवारियों का पे स्केल 25500 रुपये है, जो कि समान योगयता वाले विभिन्न पदों से काफी कम है इसलिए इसे बढ़ाकर 35400 किए जाए, वहीं हरियाणा में राजस्व पटवार के केवल 2691 पदर स्वीकृत है, जबकि वर्ष 2016 में सरकार द्वारा 884 पद नए सृजित किए गए थे, जिनको आज तक सर्कल बंदी करके लागू नहीं किया गया है वहीं पटवार तथा कानूनगो के बढ़े हुए पदों को सर्कल बंदी करके लागू किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### बेस्ट विधायक का खिताब मिलने पर राजेश नागर का सम्मान



**फरीदाबाद।** जिला के तिगांव विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक राजेश नागर को हरियाणा विधानसभा में खुफिया रिपोर्ट के बाद बेस्ट विधायक का अवार्ड दिया गया। राजेश नागर को बेस्ट विधायक का अवार्ड मिलने पर ब्राह्मण महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य ने राजेश नागर का अपने अम्बाला शहर निवास पर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर सुरेश शर्मा, वरूण शर्मा, एडवोकेट वासु रंजन शांडिल्य, कश्यप शर्मा सहित एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के पदाधिकारी भी मौजूद थे। वीरेश शांडिल्य ने कहा कि उन्हें गर्व है कि 2014 में जब राजेश नागर तिगांव से भाजपा टिकट पर चुनाव लड़ रहे थे तो उन्होंने ब्राह्मण महापंचायत की तरफ से राजेश नागर को समर्थन दिया था और उनके पक्ष में 50 से ज्यादा जनसभाएं की थी। यही नहीं राजेश नागर के पक्ष में जब देश के गृहमंत्री अमित शाह फरीदाबाद में रैली करने आए उस वक्त भी गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में उन्होंने ब्राह्मण महापंचायत की तरफ से राजेश नागर को समर्थन दिया था। वीरेश शांडिल्य ने बेस्ट विधायक का अवार्ड मिलने पर राजेश नागर को भगवान परशुराम की प्रतिमा व दोशाला देकर सम्मानित किया और साथ ही ब्राह्मण महापंचायत की तरफ से अमित शाह से मांग की है कि गुज्जर नेता ईमानदार विधायक राजेश नागर को हरियाणा की कैबिनेट में मंत्री बनाया जाएं। क्योंकि यह वायदा देश के गृहमंत्री अमित शाह ने भी तिगांव की जनता से किया था। शांडिल्य ने कहा कि राजेश नागर जैसे विधायक हरियाणा का गर्व है और जो उन्हें बेस्ट विधायक का अवार्ड मिला है, यह भाजपा और भाजपा सरकार के लिए भी गर्व की बात है। शांडिल्य ने बताया कि सीआईडी विभाग की तरफ से 9 बिंदुओं के आधार पर बेस्ट विधायक का अवार्ड राजेश नागर को मिला है, जिसमें पहला पार्टी और राष्ट्र के नाम पर समर्पण, दूसरा कट्टर ईमारदारी, तीसरा समय का पाबंध, चौथा मधुर भाषी, पांचवां सहिष्णुता, छठा विजिनरी माइंड, सातवां कार्यदक्षता, आठवां क्षेत्र की जनता व कार्यकर्ताओं का सम्मान और अधिकारियों पर पकड़ और नौंवा पद एवं गोपनीयता की शपथ का पालन करने पर बेस्ट विधायक का अवार्ड दिया गया है।

### मैनेजिंग वर्क लाइफ बैलेंस पर कार्यशाला का हुआ आयोजन



**फरीदाबाद।** कम्प्यूटर साइंस विभाग द्वारा मंगलवार को अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में नॉन-टीचिंग स्टाफ के लिए मैनेजिंग वर्क लाइफ बैलेंस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस एफडीपी का उद्देश्य व्यक्ति के जागरूकता के स्तर में सुधार करना और एक ऐसा वातावरण बनाना है जहां हर कोई कार्य के लिए समर्पित हो। कार्यशाला का शुभारम्भ कंप्यूटर साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सचिन गर्ग ने स्वागत भाषण के साथ किया। उन्होंने कहा कि कार्य-जीवन संतुलन, संतुलन की वह स्थिति है जहां एक व्यक्ति अपने करियर की मांगों और व्यक्तिगत जीवन की मांगों को समान रूप से प्राथमिकता देता है। काम पर बढ़ती ज़िम्मेदारियाँ, लंबे समय तक काम करना, घर पर ज़िम्मेदारियाँ बढ़ाना आदि। खराब कार्य-जीवन संतुलन की ओर ले जाने वाले कुछ सामान्य कारणों में शामिल हैं। इस एफडीपी का आयोजन प्रभारी डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के कुशल मार्ग दर्शन में किया गया था। डॉ. गुप्ता ने कहा कि कार्य-जीवन संतुलन आपके दिन के घंटों को काम और व्यक्तिगत जीवन के बीच समान रूप से विभाजित करने के बारे में कम है और इसके बजाय, अपने पेशेवर जीवन में चीजों को पूरा करने के लिए लचीलेपन के बारे में अधिक है कुछ दिन ऐसे भी हो सकते हैं जहाँ आप अधिक समय तक काम करते हैं इसलिए आपके पास सप्ताह में बाद में अन्य गतिविधियों का आनंद लेने के लिए समय होगा। कार्यक्रम का समापन डॉ सचिन गर्ग द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने आश्वासन दिया है कि इस प्रकार की कार्यशाला समय-समय पर कॉलेज में आयोजित की जाएंगी ताकि गैरशिक्षण कर्मचारी अपने पेशेवर जीवन और व्यक्तिगत जीवन के बीच संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ अपने ज्ञान को बढ़ा सकें और नई तकनीकों से अवगत हो सकें।

### मां की बड़ी महिमा है : बबली



**फरीदाबाद।** मेन बाजार ओल्ड फरीदाबाद मे आयोजित माता रानी के जागरण मे बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे पं सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा माता की ज्योति प्रज्ज्वलित कर भगवती जागरण का शुभारंभ किया। पं सुरेन्द्र शर्मा बबली ने कहा आदि शक्ति भवानी की महिमा बड़ी अपरम्पार है। माता रानी सबका कल्याण करती है। सच्चे भाव से मां की पूजा अर्चना चाहिए। पं सुरेन्द्र शर्मा बबली ने आयोजन मण्डल को बधाई दी। इस अवसर पर मनमोहन अशोक, विजय, बलराम, बिजेंद्र, मदन, मोहनलाल, रामजीलाल, योगेश सहित भक्तजन उपस्थित रहे।

### दूसरे दिन भी जारी रहा प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** हसला फरीदाबाद के द्वारा आज लगातार दूसरे दिन मंगलवार को गैर शैक्षणिक कार्यों के विरोध में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर हसला जिला प्रधान संदीप चौहान के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन जारी रहा। धरना प्रदर्शन में आरपीएसएस की तरफ से देवेंद्र गौड़ सहित साथियों ने प्रदर्शन में शामिल होकर मज़बूती दी। एचवीएएस के जिला प्रधान उदयवीर गिल, पीबीएसएस के जिला प्रधान राजेश भाटी ने भी धरना स्थल पर आकर सहयोग दिया। उल्लेखनीय है कि सरकार के द्वारा लगातार शिक्षकों को ग़ैर शैक्षणिक कार्य सौंपे जाने एवं शीतकालीन अवकाश के दौरान बोर्ड कक्षाओं के लिए विधालय खोलने के नाटक के खिलाफ हसला ने राज्य स्तर पर हर ज़िले में एक जनवरी से 15 जनवरी तक धरने पर बैठने का निर्णय लिया है। शिक्षकों की भारी संख्या में उपस्थिति सरकार के शिक्षा के प्रति लापरवाही भरे रवैये को उजागर कर रही है।

### सरल केंद्रों के ऑपरेटर को दिया गया प्रशिक्षण



**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में फरीदाबाद जिला मे परिवार पहचान पत्रों में शुद्धिकरण के लिए सरल केंद्रों और सीएससी सेंटरों के ऑपरेटर को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है। ताकि आम जन को परिवार पहचान पत्रों में वेरिफिकेशन करवाने में किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो। अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने बताया कि डीसी विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में मुख्यालय द्वारा परिवार पहचान पत्रों के साथ बीपीएल कार्डों की सुविधा को भी जोड़ा गया है। बीपीएल कार्डों का लाभ उन्हीं लोगों को दिया जा रहा है, जिनकी परिवार पहचान पत्र में आय एक लाख 80 हजार रुपये से कम है। एडीसी अपराजिता ने आगे बताया कि बड़ी संख्या में लोग अब अपने परिवार पहचान पत्र की वेरिफ़िकेशन ठीक करवाने के लिए सरल केन्द्रों और सीएससी सेंटरों पर पहुंच रहे हैं। अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने आज मंगलवार को सरल केंद्रों और सीएससी सेंटरों परिवार पहचान पत्र केंद्र का निरीक्षण भी किया। एडीसी ने बताया कि आरडब्लूए व सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर सीएससी सेंटरों के कम्प्यूटर ऑपरेटर को प्रशिक्षण दिया गया है।

## नोटबंदी वैध

### सुप्रीम कोर्ट का फैसला

**सर्वोच्च न्यायालय** की संविधान पीठ ने बहुमत के निर्णय से 2016 में मोदी सरकार द्वारा लिया नोटबंदी का फैसला सही ठहराया है। सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के फैसले पर राहत की सांस ली होगी क्योंकि इससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2016 के नोटबंदी अभियान को समर्थन मिला है। संविधान पीठ ने एक के मुकाबले चार न्यायाधीशों ने कहा, यह 'प्रासांगिक नहीं' है कि प्रतिबंध का उद्देश्य पूरा हुआ या नहीं। सर्वोच्च न्यायालय ने संभवत: सरकार के इस दृष्टिकोण से सहमति प्रकट की कि अदालत ऐसा मामला नहीं सुन सकती जिससे कोई स्पष्ट राहत देने की संभावना न हो। सरकार के सलाहकारों ने दृढ़ता से कहा कि नोटबंदी एक 'सुविचारित' निर्णय था तथा इसका उद्देश्य नकली नोटों, आतंकी फंडिंग, काले धन व करापवंचन पर रोक लगाना था। जस्टिस बी.आर. गवई ने बहुमत का निर्णय पढ़ते हुए कहा, 'आर्थिक नीति के मामलों में सबसे ज्यादा संयम की जरूरत है। अदालत अपने विवेक से कार्यकालिका के विवेक का स्थान नहीं ले सकती है।' यह पूर्णत: न्यायसंगत टिप्पणी न्यायपालिका द्वारा कार्यपालिका के क्षेत्र में हस्तक्षेप न करने की इच्छा प्रकट करती है। वैसे भी यह अच्छा फैसला है क्योंकि नोटबंदी चाहे अच्छी, बुरी या भद्दी रही हो, अब यह अतीत की बात है और अतीत को सुधारा नहीं जा सकता है। लेकिन सरकार को अल्पमत का फैसला देने वाली जस्टिस बी.वी. नागरत्ना की असहमति टिप्पणी पर भी गंभीरता से गौर करना चाहिए। जस्टिस नागरत्ना ने नोटबंदी पर निर्णय लेने के तरीके की आलोचना की है। उनकी आपत्तियां भी बहुत महत्वपूर्ण हैं। नोटबंदी को 'कानून द्वारा प्रदत्त शक्तियों के विपरीत तथा अवैध' बताते हुए



उन्होंने कहा कि पूरी कार्रवाई 24 घंटे में पूरी हो गई। वे भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई द्वारा निभाई भूमिका से भी संतुष्ट नहीं थीं। आखिरकार केन्द्रीय बैंक ने निर्णय से पैदा होने वाली समस्याओं का पूर्वानुमान क्यों नहीं लगाया था। आरबीआई ने 'केन्द्र सरकार की इच्छानुसार' शब्दों का प्रयोग किया है। जस्टिस नागरत्ना के अनुसार, इससे संकेत मिलता है कि 'आरबीआई ने स्वतंत्र रूप से मामले पर विचार नहीं किया था।'

हालांकि, जस्टिस नागरत्ना का तर्क एकदम सटीक लगता है, पर सरकारी पक्ष के तर्कों के अनुसार रिजर्व बैंक व सरकार के बीच मुद्दे पर समुचित विचार-विमर्श हुआ था। ऐसे में यह नहीं कहा जा सकता कि रिजर्व बैंक को नोटबंदी के बारे में कोई जानकारी नहीं थी, भले ही निर्णय के त्वरित क्रियान्वयन से कुछ समस्यायें पैदा हुई थीं। नए नोट तेजी से छप नहीं सके और उनके आकार के बारे में भी समस्या थी क्योंकि वे एटीएम के अनुकूल नहीं थे। इनके कारण कई सप्ताह तक लोगों को एटीएमों व बैंकों के बाहर कतारें लगानी पड़ीं तथा बिजनेस प्रभावित हुए। सर्वोच्च न्यायालय के बहुमत निर्णय ने सरकार का समर्थन किया है, पर संभवत: यह पिछले साढ़े आठ साल में लिए सर्वोत्तम निर्णयों में नहीं शामिल है। जहां तक नोटबंदी के उद्देश्यों का सवाल है, 'साउथ एशिया टेररिज्म पोर्टल' के अनुसार 2014 से आतंकवादी घटनाओं में मारे जाने वाले लोगों में कमी आई है, हालांकि इस बारे में नोटबंदी के असर का सटीक आंकलन कठिन है। काले धन और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के मामले में नोटबंदी प्रभावी रही है, भले ही असंगठित क्षेत्र की अर्थव्यवस्था पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ा। कहा जाता है कि इस निर्णय के कारण दो साल तक आर्थिक वृद्धि दर प्रभावित रही। हालांकि, लोकतंत्र में सारे निर्णय व्यापक विचार-विमर्श के बाद लिए जाने चाहिए, लेकिन यदि नोटबंदी के मामले में ऐसा किया गया होता तो कालाबाजारियों, भ्रष्टाचारियों व नकली नोटों के सौदागर अपराधियों को मौका मिल जाता। नोटबंदी से लगभग सारा धन औपचारिक अर्थव्यवस्था में आ गया जिसका नतीजा कर संग्रह में वृद्धि से स्पष्ट है। देश की जनता ने 2017 में उत्तर प्रदेश विधानसभा व 2019 में आम चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत देकर इस पर अपनी मुहर लगाई है।

# जारी रहेगा मुफ्त अन्न वितरण

मुफ्त अन्न वितरण योजना का एक साल विस्तार किया गया है, लेकिन सरकार को लाभार्थियों को सीधे सब्सिडी देने पर विचार करना चाहिए।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



काफी किंतु-परंतु के बाद केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना-पीएमजीकेवाई का भविष्य तय कर दिया है। 23 दिसंबर, 2022 को कैबिनेट ने इसे 1 जनवरी, 2022 को समाप्त करने का निर्णय किया। लेकिन इसके साथ ही उसने देश के 820 मिलियन गरीब लोगों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना-एनएफएसए के अंतर्गत एक साल और, यानी 31 दिसंबर, 2023 तक मुफ्त अनाज देने का निर्णय किया है। इसका उद्देश्य 'कोविड संकट के बाद अर्थव्यवस्था की बाहली के समय जनता को समस्याओं से बचाना है।' ये घोषणायें करते हुए उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार पीएमजीकेवाईके मुफ्त हिस्से का एनएफएसए के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा योजना में विलय कर रही है। इसके अंतर्गत गरीबों को पहले से सस्ता राशन दिया जा रहा था। इन परिवर्तनों के साथ अब केन्द्र का वार्षिक खाद्य सब्सिडी खर्च लगभग 2,00,000 करोड़ होगा। मार्च, 2020 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पीएमजीकेवाई की घोषणा की थी ताकि कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण आर्थिक गतिविध्यिों व इसके परिणामस्वरूप रोजगारों व आमदनी के नुकसान से जनता को बचाया जा सके। इसके अंतर्गत सरकार प्रति माह प्रति व्यक्ति सार्वजनिक वितरण प्रणाली-पीडीएस के माध्यम से 820 मिलियन लोगों को पांच किलो चावल या गेंहूं देती थी। शुरुआत में इसकी घोषणा तीन महीनों या 30 जून, 2020 तक की गई थी।

इसके साथ ही प्रति परिवार को एक किलो दालें 'मुफ्त' देने की घोषणा की गई थी। 30 जून, 2020 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस योजना का विस्तार पांच महीने, 30 नवंबर, 2020 तक कर दिया। इसमें परिवर्तन कर प्रति माह हर परिवार को दाल के बजाय एक किलो चना देने का निर्णय हुआ। इस योजना को पांच महीने के लिए दिसंबर, 2020 से अप्रैल, 2021 तक रोका गया। मई, 2021 से इसे पुन: शुरू कर वित्त वर्ष 2021-22 में तीन बार विस्तार दिया गया। वित्त वर्ष 2022-23 में इसे छठे व सातवें विस्तार मिले और यह दिसंबर, 2022 तक लागू हो गई। मई, 2021 के बाद दिए विस्तार के फलस्वरूप दालों का प्राविधान हटा लिया गया। वित्त वर्ष 2020-21 में आर्थिक गतिविधि बाधित रही क्योंकि खासकर पहली तीन तिमाहियों में वृद्धि दर जीडीपी के 6.6 प्रतिशत पर नकारात्मक बनी रही। इस प्रकार योजना के पहले दो चरण पूर्णत: उचित थे। लेकिन वित्त वर्ष 2021-22 में अर्थव्यवसथा 8.9 प्रतिशत की वृद्धि दर पर वापस आ गई क्योंकि अनेक बाधायें दूर हो गई थीं। वित्त वर्ष 2022-23 में भी अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हुई तथा जीडीपी वृद्धि दर 6.8-7 प्रतिशत होने की आशा है।

ऐसे में सवाल उठता है कि क्या योजना का विस्तार उचित है। संभवत: राजनीतिक कारणों से सरकार यह योजना ऐसे समय जारी रख रही है जब अर्थव्यवस्था सामान्य हो रही है तथा अतिरिक्त समर्थन की आवश्यकता नहीं है। मार्च, 2020 से सरकार ने इस योजना पर कुल 390,000 करोड़ खर्च किए हैं। यदि सरकार केवल आर्थिक दृष्टिकोण पर विचार करती तो इस खर्च के बड़े हिस्से से बचा जा सकता था। 2023 में कई राज्यों में चुनाव के बाद 2024 में आम चुनाव होना है, ऐसे में उम्मीद थी कि सरकार पीएमजीकेवाई को जारी रखेगी। इसके बावजूद केवल आर्थिक तार्किकता के कारण उसने योजना बंद की है। इससे राष्ट्रीय खजाने को 130,000 करोड़ वार्षिक की बचत होती और राजकोषीय घाटे में कमी लाने में सहायता मिलती। लेकिन इसमें परिवर्तन कर इसे 'मुफ्त' अनाज देने के लिए एनएफएसए से जोड़ दिया गया है। इस प्रकार मोदी ने एक सीमा तक लोकरंजकता का सहारा लिया है। एनएफएसए के अंतर्गत केन्द्र भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई व अन्य राज्य एजेंसियों को किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी पर अनाज खरीदने का निर्देश देता है तथा सस्ते मूल्य वाली दूकानों-एफपीएस के नेटवर्क के माध्यम से लगभग 820 मिलियन लोगों में इसका वितरण करता है। इस प्रकार वह गेंहू, चावल व मोटे अनाजों को क्रमश: 2,3 व 1 रुपये 'जारी मूल्य' पर बेचता है। इसमें दो प्रकार के लाभार्थी हैं। अन्त्योदय अन्न योजना-एएवाई के अंतर्गत गरीबों में सबसे गरीबों को प्रति परिवार 35 किलो अनाज हर माह मिलता है। एएवाई के अंतर्गत परिवारों की संख्या 24 मिलियन है। 120 मिलियन लोगों को प्रति माह सात किलो अनाज 2,3व 1 रुपये प्रति किलो कीमत पर मिलता है। बाकी 700 मिलियन लोगों को प्रति माह इसी कीमत पर पांच किलो अनाज लेने का अधिकार है। इसके साथ ही पीएमजीकेवाई के अंतर्गत 820 मिलियन लोगों को पांच किलो तक अनाज मुफ्त मिलता था।

पीएमजीकेवाई को वापस लेने के साथ ही कैबिनेट ने नियमित एनएफएसए में सभी 820 मिलियन लाभार्थियों को वर्तमान समय में 2,3व 1 रुपये किलो के बजाय 'मुफ्त' मासिक कोटे के लिए सक्षम बना दिया है। इस तथ्य को देखते हुए कि वर्तमान मूल्य लगभग शून्य थे, अत: उनको समाप्त कर दिया गया है। यह कल्पना करना कठिन है कि लगभग दो तिहाई जनसंख्या 2,3व 1रुपये की मामूली कीमत नहीं अदा कर सकती है। वर्तमान जारी मूल्य का प्राविधान एनएफएसए कानून में किया गया था। 2013 में लागू इस कानून में मूल्यों को तीन साल के लिए स्थिर रखा गया था। इस प्रकार 2016 के बाद कीमतें बढ़ाने पर कोई विधिक प्रतिबंध नहीं था। 1 रुपये प्रति किलो की वृद्धि से हर साल 5,200 करोड़ रुपये की बचत हो सकती थी। यदि एएवाई लाभार्थियों को इससे बाहर रखा जाता तो यह 4,500 करोड़ होती।

इसके बजाय सरकार ने सारी बिक्री 'मुफ्त' कर दी है। इससे सब्सिडी में हर साल 13,000 करोड़ की वृद्धि होगी। हास्यास्पद रूप से कम कीमत खाद्य सब्सिडी का केवल एक आयाम है। इसके अलावा अन्य आयाम भी हैं। मूल रूप से सस्ता अनाज केवल गरीबों के लिए है और उनकी संख्या वर्तमान गणना 820 मिलियन से बहुत कम है। यदि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए निर्देश के अनुसार 2011 जनगणना अनुमानों के बजाय उनका अनुमान 2021 जनगणना के आधार पर लगाया जाए तो यह बढ़ कर 920 मिलियन हो जाएगी। शांता कुमार कमेटी रिपोर्ट, 2015 की संस्तुतियों के अनुसार एनएफएसए के अंतर्गत सस्ता अनाज जनसंख्या के 40 प्रतिशत से अधिक लोगों को नहीं मिलना चाहिए जो कि वर्तमान में 67 प्रतिशत है। यदि लगभग 27 प्रतिशत जनसंख्या या 380 मिलियन लोगों को सब्सिडी न दी जाए तो सरकार का हर साल 66,000 करोड़ रुपया बचेगा। यह गणना इस अनुमान पर आधारित है हर व्यक्ति स्वयं को निर्धारित पूरा पांच किलो मासिक कोटा लेगा। गेंहूं पर सब्सिडी 29 रुपये प्रति किलो है जिसमें हैंडलिंग व डिस्ट्रीब्यूशन चार्ज-एचडीसी अतिरिक्त है।

शांताकुमार कमेटी के अनुसार बाकी 440 मिलियन में से केवल एएवाई में शामिल लोगों को ही 2,3व 1रुपये प्रति किलो पर खरीद की अनुमति होनी चाहिए। अन्य या 320 मिलियन लोगों को एमएसपी का 50 प्रतिशत भुगतान करना चाहिए, जैसे गेंहूं के लिए प्रति किलो 10.50 रुपये। इससे वार्षिक 16,500 करोड़ रुपये की अतिरिक्त बचत होगी। इस बात का कोई कारण नहीं है कि गैर-एएवाई लाभार्थियों के बलावा बाकी लोग एमएसपी पर अनाज नहीं खरीद सकते हैं। उनको 27 रुपये प्रति किलो पर अनाज खरीदने को कहने पर सरकार को हर साल 36,500 करोड़ रुपये की बचत होगी। संक्षेप में कहा जाए तो सरकार को गंभीरता से सब्सिडी सीधे लाभार्थी को देने पर विचार करना चाहिए क्योंकि वर्तमान व्यवस्था में अत्यधिक अक्षमता, चोरी व दुरुपयोग शामिल है।

# पाकिस्तान का घटिया स्तर

**जेएल कौल जलाली**
(लेखक, पूर्व आईएएस अधिकारी हैं)



सोलह दिसंबर को पाकिस्तान ने भारत के प्रति अपनी चिरस्थायी शत्रुता में एक और घटिया मुकाम हासिल कर लिया जब उसके विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ एक असहनीय और शर्मनाक तरीके से व्यक्तिगत और असभ्य नाराजगी व्यक्त की। वह भारत के विदेश मंत्री जय शंकर की टिप्पणियों की ओर इशारा कर रहे थे। 'वैश्विक आतंकवाद विरोधी दृष्टिकोण'' पर केंद्रित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक विशेष बैठक की अध्यक्षता करने के बाद जय शंकर ने मीडिया से कहा था कि दुनिया पाकिस्तान को आतंकवाद का केंद्र मानती है क्योंकि वह अभी भी आतंकवादी समूहों को पनाह देता है।

पाकिस्तान इससे कहीं ज्यादा करता आया है। अपने अल्पसंख्यकों के साथ दुर्व्यवहार के अलावा, यह ओसामा बिन लादेन को एक शहीद के रूप में महिमामंडित करता है और लखवी, हाफिज सईद, मसूद अजहर, साजिद मीर और दाऊद इब्राहिम जैसे आतंकवादियों और 126 संयुक्त राष्ट्र नामित आतंकवादी और 27 संयुक्त राष्ट्र नामित आतंकवादी समूहों को शरण देता है। अगस्त, 1947 में एक नए देश के रूप में अस्तित्व में आने के बाद से ही पाकिस्तान ने अपने सबसे बड़े पड़ोसी भारत के प्रति शत्रुतापूर्ण रवैया बनाए रखा है। यह इस तथ्य के बावजूद है कि द्वि-राष्ट्र सिद्धांत के लेखक और पाकिस्तान के नए राष्ट्र के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना ने पाकिस्तान के नेताओं को भारत के साथ अच्छे पड़ोसी संबंध बनाए रखने की सलाह दी थी, लेकिन शुरुआत से ही ऐसा शायद ही कभी हुआ हो। सांस्कृतिक रूप से भी भारत के करीब होने के बावजूद, पाकिस्तान ने भारत के प्रति अपनी शत्रुता को धर्म के आधार पर दुनिया की वक्र-रेखा से जोड़ा। भारत के साथ अपने संबंधों व कार्यों में कुछ उतार-चढ़ावों का उल्लेख करने के लिए, पहली गिरावट 1947 में दर्ज हुई जब जम्मू और कश्मीर रियासत के शासक महाराजा हरि सिंह ने भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ यथास्थित समझौते की पेशकश की ताकि उन्हें विलय के बारे में निर्णय लेने का समय मिल सके।

हालांकि भारत ने बातचीत का आह्वान किया, पर पाकिस्तान ने इसे उल्लंघन में स्वीकार कर लिया और अंत में 22 अक्टूबर, 1947 को सशस्त्र आदिवासियों को प्रिंसली स्टेट पर बलपूर्वक प्रवेश करने के लिए भेजा। ऐसे में महाराजा के पास भारत में विलय के अलावा कोई विकल्प नहीं था। उसी समय, हालांकि दो राष्ट्र सिद्धांत से पैदा हुए, पाकिस्तान ने भारत की रियासतों के राजनीतिक विभाजन को प्रभावित करने के लिए हरसंभव



प्रयास किए। पाकिस्तान भी सोवियत कम्युनिस्ट ब्लॉक को घेरने के लिए गठित किए गए समझौते में शामिल हो गया। पाकिस्तान ने यह सब साम्यवाद के खिलाफ लड़ाई के नाम पर किया लेकिन असल मकसद भारत के प्रति शत्रुता थी। 1959 में पाकिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति जनरल अयूब खान की घोषणा, कि संयुक्त राज्य अमेरिका से प्राप्त हथियार ऊन में लपेटे जाने के लिए नहीं हैं, यह स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि इनका उपयोग भारत के खिलाफ किया जा सकता है। बाद में 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान, पाकिस्तान ने सचमुच भारत के खिलाफ इन हथियारों का इस्तेमाल किया। पाकिस्तान के आचरण का सबसे घटिया स्तर और उसकी नीति का दिवालियापन तब देखा गया जब 1970 में पाकिस्तान में आम चुनाव के बाद पूर्वी पाकिस्तान को बहुमत मिला लेकिन उसके नेता शेख मुजीबुर रहमान को पाकिस्तान में सरकार बनाने के अवसर से वंचित कर दिया गया। पूर्वी पाकिस्तान के लोगों को दबाने के लिए तत्कालीन पाकिस्तानी सैन्य शासक जनरल याहया खान के आदेशों के तहत वहां के जातीय बंगालियों और हिंदुओं के खिलाफ आतंक और नरसंहार की कार्रवाई शुरू की गई थी। परिणामस्वरूप बांग्लादेश का गठन हुआ। पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल जिया उल हक ने 5.जुलाई, 1977 को सत्ता हथिया ली। जुल्फिकार अली भुट्टो को बाद में 1979 में फांसी दे दी गई। कट्टर इस्लाम को प्रोत्साहित करने के अलावा, जिया-उल-हक ने पाकिस्तान को 1979 में सोवियत सेना के खिलाफ लड़ने वाले मुजाहिदीन के लिए अमेरिकी हथियारों और गोला-बारूद के आपूर्ति केन्द्र में बदल दिया था। इनमें से कुछ हथियारों को कश्मीर में आतंकवाद के लिए सीमा पार अपराध करने के लिए मोड़ दिया गया था। पाकिस्तान अफगानिस्तान को अपने पिछवाड़े में तब्दील करना चाहता था और पाकिस्तान में तालिबान के निर्माण और उभार को प्रोत्साहित करता था।

एक और घटिया स्तर पर जाते हुए, 1999 में पाकिस्तानी सेना ने कड़ाके की ठंड की शुरुआत से पहले भारतीय सेना द्वारा खाली की गई कारगिल की चोटियों पर कब्जा कर लिया था, जिसके कारण युद्ध हुआ और पाकिस्तान द्वारा कब्जे वाले क्षेत्र को खाली कर दिया गया।

अन्य दुष्परिणामों के अलावा, पाकिस्तान की इन सभी निम्न नकारात्मक कार्रवाइयों ने इसे अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद के गढ़ में भी बदल दिया। वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हमले के बाद पाकिस्तान भी ओसामा बिन लादेन को पकड़ने के लिए अमेरिका और नाटो नीत युद्ध में शामिल हो गया। पाकिस्तान के तत्कालीन सैन्य शासक जनरल परवेज मुशर्रफ से जब युद्ध में शामिल होने के बारे में सवाल किया गया तो उनका जवाब था कि अगर उन्होंने ऐसा नहीं किया होता तो अमेरिका पाकिस्तान के खिलाफ भी कार्रवाई कर सकता था। इन सभी घटिया कार्रवाइयों का संचयी प्रभाव यह भी पड़ा है कि इसने पाकिस्तान को वस्तुत: नैतिक, बौद्धिक और वित्तीय दिवालियापन के कगार पर ला दिया है। पाकिस्तान को आत्मचिंतन करने और भारत के प्रति अपने दृष्टिकोण और सोच को बदलने की जरूरत है। पवित्र कुरान स्पष्ट रूप से आदेश देता है कि पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध होने चाहिए। आपसी बातचीत हेतु जमीन तैयार करने के लिए पाकिस्तान को बदलना होगा और सीमा पार आतंकवाद को अपना समर्थन देना बंद करना होगा। वर्तमान समय में वैश्वीकृत दुनिया जलवायु परिवर्तन, परमाणु हथियारों के भंडार, आतंकवाद और इसी तरह की कई अन्य दबाव वाली समस्याओं से जूझ रही है, जो निरंतर और सतत विकास की आवश्यकताओं के साथ जुड़ी हुई हैं, ऐसे में बातचीत और कूटनीति ही परस्पर मतभेदों व समस्याओं को सुलझाने का एकमात्र तरीका हैं।

यही सुरक्षा सुनिश्चित कर सकता है और मानव जाति के अस्तित्व को भी सुनिश्चित कर सकता है। यह मानव सभ्यता के विकास और वैश्विक संसद की स्थापना में भी मदद कर सकता है। पाकिस्तान को यह भी समझना होगा कि धर्म पर आधारित कट्टर विचारधाराएं उदार होती जा रही हैं और दुश्मनी को प्यार और आपसी सम्मान का आधार देना होगा। सभी धर्म और दर्शन अंतत: एक ही लक्ष्य की ओर ले जाते हैं।

## आप की बात

### तकनीक का युग

**पिछले वर्ष** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में दुनिया एवं भारत ने बहुत प्रगति की है। प्रगति का मुख्य कारण हमारी बढ़ती प्रौद्योगिकी और आज की आवश्यकता है। आज के समय में कृत्रिम बुद्धिमता ने हमारा हर काम आसान किया है , चाहे वह एक दूसरे से घर में बैठ कर बात करना हो या किसी ऑफिस का काम करना हो एवं इसके माध्यम से हम दुनिया के किसी भी कोने में हों हम सभी लोगों के साथ वार्ता कर पाते हैं और यह एक सुलभ एवं सहज साधन है जिससे लोगों को कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ता है। इस साल पूर्वानुमान माना जा रहा है कि कृत्रिम मेधा के क्षेत्र में बहुत सारी प्रगति होगी। अभी हाल ही में बहुत सारी नई टेक्नोलॉजी आई हैं जैसे कि मेटावर्स, चैटजीटीपी आदि इन सभी नई प्रौद्योगिकियों से हम क्षेत्र में और प्रगति कर पाएंगे। हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि इसे आवश्यकता से अधिक प्रयोग ना करें और एक जागरूक नागरिक बनकर इसकी महत्ता को समझें और उसे अपने प्रयोग में लाएं। तकनीकी के युग में कृत्रिम बुद्धिमता ने जिस तरह आज की पीढ़ी को एक नए चरम पर पहुंचाया है वह कहीं ना कहीं हमारे समावेशी विकास के लिए बहुत योगदान प्रदान करेगी।

**सुदर्शन सोराड़ी,** चम्पावत

### कोरोना का खतरा

**आज** के समय में कोरोना को लेकर इस नये वर्ष में जो बचाव के लिए तैयारियां है वे किसी भी चुनौतियों से कम नहीं है, लेकिन जरूरत है इनको आज एक साथ मिलकर सामना करने की। कारण नववर्ष आज ऐसे समय में आया है जब कोरोना का संकट घना होता जा रहा है कोरोना की इन संक्रमण जनित बीमारियों का सामना हमें न केवल सतर्कता से करना होगा बल्कि समाज और राष्ट्र में आने वाली अन्य कई छोटी-बड़ी समस्याओं का भी हमें सामना करना होगा। ऐसे में राष्ट्र की साझा संकल्प शक्ति का भी हमें परिचय देना होगा। यही समय है जब हमें राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर दलगत राजनीति से ऊपर उठकर देखना होगा। इसी वर्ष हमने आजादी के 75 वर्ष पूरे किए हैं, अब हमारा अगला लक्ष्य 25 वर्ष में इस देश को एक महाशक्ति बनाने का होना चाहिए। अभी कोरोना हमारे देश से पूरी तरह से गया नहीं है अत: इसे एक चुनौती मानकर सावधानी से हमें अपने देश का हर तरह से विकास करना है, अत: इसके हर नियम निर्देश का पालन करना भी हमें आज बेहद जरूरी है। विदेशों से आने वाले लोगों पर खास नजर रखनी जरूरी है और निगरानी वाले देशों की संख्या बढ़नी चाहिए।

**मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### राहुल की अदा

**शीत लहर** के चलते जब पारा तेजी से गिर रहा था, लोग ठिठुरन दूर करने के लिए अलाव के पास से हटने को तैयार नहीं थे, इतनी ठण्ड कि लोगों ने अपने शरीर को स्वेटर, जरकीन व अन्य गर्म कपड़ों से ढांकना ही मुनासिब समझा शीत लहर से बचने के लिए। ऐसे में राहुल गांधी ''भारत जोड़ो यात्रा'' में आधी आस्तीन की टी-शर्ट पहनकर उन लोगों के साथ पैदल चल रहे थे जिन्होंने ठण्ड से बचने के लिए गर्म कपड़ों से अपने तन को ढांक रखा था। आखिर उस टी-शर्ट में कुछ तो राज छुपा हुआ होगा ''गर्मजोशी'' का, तभी तो राहुल गांधी को कंपकपाती शीत लहर का तनिक भी असर नहीं हुआ। कम्पनी को ''राहुल ब्रांड'' टी-शर्ट निकालनी चाहिए ताकि महंगे गर्म कपड़े खरीदने से लोगों को निजात मिले और सस्ती टीशर्ट से उनकी ठण्ड गुजर सके।' दाढ़ी बढ़ा कर राहुल गांधी ज्यादा परिपक्व व वयस्क दिखने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन ऐसी हल्की बातें उनके इन प्रयासों को मिट्टी में मिला देती हैं। आखिर 130 साल पुरानी कांग्रेस स्वत: अपने विनाश की ओर क्यों बढ़ रही है?

**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



"**जेडीयू** के सत्ता में आने से कर्नाटक गौड़ा परिवार का एटीएम बन जाएगा।

- **अमित शाह**
गृह मंत्री



**जेडीयू** के सत्ता में आने पर कर्नाटक करोड़ों कर्नाटक वासियों, किसानों, मजदूरों व उत्पीड़ितों का एटीएम बनेगा।

-**एच डी. कुमारस्वामी**
कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री



विपक्ष को समन्वय बना कर वैकल्पिक दृष्टिकोण के साथ जनता के पास जाना चाहिए।

- **राहुल गांधी**
कांग्रेसी नेता"

# प्रदेशव्यापी सड़क सुरक्षा अभियान कल से: योगी

## एजुकेशन, एनफोर्समेंट इंजीनियरिंग, इमरजेंसी केयर व एनवायरमेंट पर करें फोकस: मुख्यमंत्री

● ओवरलोडिंग को रोकने के लिए गठित होगा टास्क फोर्स

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मिशन मोड में प्रयास करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार 5 जनवरी से 4 फरवरी तक प्रदेशव्यापी सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जाएगा।

सीएम ने कहा कि विगत कुछ दिनों से उत्तर प्रदेश में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का मौसम है। इस अवधि में सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी देखी जा रही है। सड़क दुर्घटना में किसी की असामयिक मृत्यु अत्यंत दु:खद है। इसे न्यूनतम करने के लिए हमें मंत्र यानी एजुकेशन, एनफोर्समेंट, इंजीनियरिंग, इमरजेंसी केयर और एनवायरमेंट पर फोकस करते हुए एकजुट होकर काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा के विद्यालयों में प्रात:कालीन प्रार्थना के दौरान बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाए। माध्यमिक विद्यालयों में निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हो। इससे बच्चों और किशोरों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। सीएम ने कहा कि विगत एक वर्ष के भीतर प्रदेश में 21200 से अधिक लोगों की मृत्यु सड़क दुर्घटनाओं में हुई है जबकि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के पिछले पौने तीन वर्ष की अवधि में प्रदेश में 23600 लोगों की मृत्यु हुई है। यह स्थिति चिंताजनक है। सीएम ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं है। यह सामूहिक प्रयासों से ही संभव हो सकेगा। अत: सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अन्तर्विभागीय समन्वय के साथ वृहद अभियान चलाया जाना जरूरी है। आगामी 5 जनवरी से 4 फरवरी तक प्रदेशव्यापी सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जाए। इसे सफल बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाए। सीएम ने कहा कि सड़क दुर्घटना के प्रमुख कारकों में खराब रोड इंजीनियरिंग के अलावा, ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग, सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग न करना और नशे की स्थिति में वाहन चलाना प्रमुख हैं। एक्सप्रेस वे अथवा राष्ट्रीय राजमार्गों से जुड़े इन शहरों को केंद्रित कर सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए प्रयास किया जाना चाहिए। ओवरलोडिंग रोकने के लिए टास्क फोर्स का गठन किया जाए। स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप यातायात पुलिस के साथ होमगार्डों की तैनाती की जाए। प्रदेश में संचालित और प्रस्तावित सभी आईटीएमएस को यूपी 112 से इंटीग्रेट किया जाए। इससे दुर्घटना व अन्य आवश्यकताओं के समय बेहतर तालमेल के साथ समय पर मदद मिल सकेगी। आगामी 48 घंटे के भीतर सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित बड़े चित्र जागरूकता स्लोगन के साथ प्रदेश के सभी थानों, तहसीलों, प्रमुख बाजारों, चौराहों पर लगाए जाएं। परिवहन विभाग व सूचना विभाग द्वारा समन्वय के साथ इसे तत्काल कराया जाए। राज्य सड़क परिवहन की बसों के चालकों का नेत्र परीक्षण नियमित अंतराल पर किया जाए। इसके लिए परिवहन और चिकित्सा विभाग द्वारा समन्वय के साथ बेहतर कार्ययोजना तैयार करें। फिटनेस के मानकों को पूरा न करने वाली परिवहन निगम की बसों का कतई प्रयोग न किया जाए। ट्रॉमा सेवाओं को और बेहतर करने के लिये गृहए परिवहन, पीडब्ल्यूडी, एक्सप्रेसवे प्राधिकरण चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के साथ समन्वय बनाएं।

# सीएम ने किया लोक सेवा आयोग की नई वेबसाइट का शुभारंभ



● अभ्यर्थी को बार-बार नहीं देना होगा अपना व्यक्तिगत विवरण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में आवेदन के लिए एकल अवसरीय पंजीकरण व्यवस्था और आयोग की नई वेबसाइट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आयोग की भावी योजनाओं, चयन कैलेंडर के संबंध में निर्देश भी दिए। इस सेवा के शुरू होने से युवाओं को उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग में भर्ती के लिए बारबार आवेदन के लिए विवरण नहीं देना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में बीते साढ़े पांच वर्ष में राज्य सरकार ने एक निष्पक्ष और पारदर्शी व्यवस्था के माध्यम से चयन प्रक्रिया की शुचिता सुनिश्चित करते हुए साढ़े पांच लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की है। इस महत्वपूर्ण कार्य में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की बड़ी भूमिका रही है। सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में प्रारंभ हो रही एकल अवसरीय पंजीकरण ओटीआर व्यवस्था से अभ्यर्थियों को बड़ी सुविधा होगी। आयोग द्वारा आयोजित विभिन्न चयन परीक्षाओं के लिए अभ्यर्थी को बार-बार अपना व्यक्तिगत विवरण नहीं देना होगा। आवेदक को अपना फोटो एवं हस्ताक्षर केवल एक बार अपलोड करने की आवश्यकता है। व्यक्तिगत विवरण एवं फोटो एवं हस्ताक्षर, संसोधन एवं अद्यतन करने की सुविधा 24 घंटे सातों दिन उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि नई व्यवस्था ओटीआर में दर्ज समस्त सूचनाएं डिजिटल रूप में कभी भी कहीं से उपलब्ध होंगी। साथ ही सरकारी नौकरी की भिन्न भिन्न अधिसूचनाओं के सापेक्ष आवेदन प्रक्रिया में ओटीआर में दर्ज सूचनाएं स्व प्रदर्शित होंगी। ओटीआर व्यक्तिगत विवरण, फोटो एवं हस्ताक्षर आदि में दर्ज समस्त सूचनाएं जारी करता संस्थानों से डिजिटली सत्यापित होंगी। इससे निश्चित ही अभ्यर्थियों को सहूलियत मिलेगी। योगी ने कहा कि अभ्यर्थियों को बताया जाना चाहिए कि ओटीआर किसी परीक्षा के लिए आवेदन नहीं है बल्कि यह केवल आवेदकों की सूचना का संग्रह है जिसके माध्यम से आवेदक को अपनी प्रोफाइल बनाए रखने की सुविधा के लिए अलग डैशबोर्ड प्रदान किया जा रहा है। नई व्यवस्था के संबंध में प्रतियोगी युवाओं को जागरूक किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग एक दशक से अधिक समय के अंतराल पर आयोग ने अब अपनी नूतन वेबसाइट भी तैयार की है।

वेबसाइट पर भर्ती से संबंधित समस्त अद्यतन सूचनाओं का समावेश करने का प्रयास किया गया है ताकि समस्त अभ्यर्थियों को एक ही पोर्टल पर आवेदन, परीक्षा, परीक्षा परिणाम, साक्षात्कार, चयनए कट ऑफ मार्क्स एवं आयोग से संबंधित समस्त सूचनाएं प्राप्त हो सकें। इसका शुभ परिणाम अभ्यर्थियों के लिए हितकर होगा। साथ ही आयोग के कार्य निष्पादन से संबंधित सारी ताजा सूचनाएं भी इस नई वेबसाइट में एक ही जगह उपलब्ध होंगी। इससे शासन और आयोग में बेहतर समन्वय और गुणधर्मिता के साथ समयबद्धता का अनुपालन कर कार्य प्रभावी तरीके से सम्पन्न हो सकेगा।

### गोपालदास नीरज की जयंती पर कवि सम्मेलन का आयोजन आज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान लखनऊ द्वारा 4 जनवरी को अपरान्ह चार बजे से पद्मभूषण गोपालदास नीरज के जयंती समारोह के अवसर पर गीत यामिनी (कवि सम्मेलन) का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जितेंद्र कुमार कार्यकारी अध्यक्ष/प्रमुख सचिव भाषा विभाग उपस्थित रहेंगे। उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान के विनय श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम में लखनऊ से संयोजक संचालक डॉ. सर्वेश अस्थाना, प्रयागराज से यश मालवीय, आगरा से शशांक प्रभाकर, मैनपुरी से बलराम श्रीवास्तव, इटावा से राजीव राज, बदायूं से डॉ. सोनरूपा विशाल, गाजियाबाद से नंदनी श्रीवास्तव, लखनऊ से योगी योगेश शुक्ल और मुकेश त्रिपाठी आदि कवि हिस्सा लेंगे।

### राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना में पांच लाख नए पेंशनर जुड़े

**लखनऊ।** सीएम योगी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में समाज कल्याण विभाग समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। 'पात्र छूटे न और अपात्र पाए न' की नीति पर काम करते हुए विभाग ने 5 लाख नए वृद्धजनों को पेंशन योजना में शामिल किया। निर्धन कन्याओं के विवाह में किसी तरह की कोई समस्या न आए इसके लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में क़रीब 39 हज़ार जोड़ों का विवाह प्रदेश भर में सकुशल सम्पन्न हुआ। सभी योजनाएं पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त हों इसके लिए आधार प्रमाणीकरण की व्यवस्था लागू की गईं। राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजनांतर्गत अनिवार्य आधार प्रमाणीकरण के उपरांत 47.25 लाख पेंशनर्स को 4187.49 करोड़ की पेंशन धनराशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई है। वृद्धा आश्रम में रहने वाले वृद्धजनों की आहार राशि 75 रुपए से बढ़ा कर 114 रुपए प्रति दिन किया गया। सर्वोदय विद्यालयों के माध्यम से कक्षा 6 से 12 तक नि:शुल्क आवासीय सुविधायुक्त शिक्षा प्रदान की जा रही है। छात्रों में कंप्यूटेशनल एवं लॉजिकल थिंकिंग को बढ़ाने के लिए टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज के गो-आईटी, इग्नाइट माय फ्यूचर कार्यक्रम तथा गणित विषय की समझ विकसित करने के लिए खान एकेडमी के साथ एमओयू साइन किया गया। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनांतर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं की नि:शुल्क कोचिंग की सुविधा के माध्यम से समस्त जनपदों के ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्र के अभ्यर्थी भी ऑनलाइन एवं ऑफ लाइन (हाइब्रिड) मोड में मार्गदर्शन एवं ई-कंटेंट प्राप्त कर पा रहे है।

### सपा प्रतिनिधिमण्डल 7 को रायबरेली व 12 को जाएगा इलाहाबाद

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रतिनिधिमण्डल सात जनवरी को रायबरेली व 12 जनवरी को इलाहाबाद जाएगा। सपा प्रवक्ता ने बताया कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रसंघ भवन पर अजय यादव सम्राट द्वारा युवा दिवस पर छात्र महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है, प्रतिनिधि मण्डल में धर्मेन्द्र यादव पूर्व सांसद, ओम प्रकाश सिंह विधायक, डा. आर. के. वर्मा विधायक, अतुल प्रधान विधायक, संदीप पटेल विधायक, राम आसरे विश्वकर्मा पूर्व मंत्री, योगेश चन्द्र यादव एवं सैय्यद इफ्तेखार हुसैन महानगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी शामिल है।

# हर पात्र व्यक्ति को मिले योजनाओं का लाभ: बीएल संतोष

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी** के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष ने मंगलवार को कहा कि जनता का समर्थन भाजपा को लगातार मिल रहा है। प्रदेश में चाहे लोकसभा, विधानसभा, स्थानीय निकाय या जिला पंचायतों के चुनाव हो, हर चुनाव में भाजपा की जीत जनता द्वारा भाजपा को दिये गए अपार समर्थन का ही परिणाम है। ऐसे में हम सभी की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि हम जनअपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करते हुए भाजपा सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिले इसके लिए कार्य करें।

राष्ट्रीय महामंत्री संगठन ने अपने प्रवास के दूसरे दिन मंगलवार को पार्टी मुख्यालय पर जिला पंचायत अध्यक्षों की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारा प्रयास होना चाहिए कि भाजपा की केन्द्र व राज्य सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार हो। साथ ही हर पात्र व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे इसके लिए सरकार और जनता के बीच सेतु बनकर योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचायें। बीएल संतोष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार ने लोककल्याण के संकल्प के साथ जनहित की अनेको योजनाएं लागू की है। उन्होंने कहा कि संगठन के विस्तार की प्रक्रिया को अनवरत जारी रखते हुए हमें अपने-अपने दायित्वों का भी निर्वहन करना है। उन्होंने कहा कि जनता ने अपार समर्थन व प्यार हमें दिया है। ऐसे में हमें सम्पर्क व संवाद के माध्यम से आमजनमानस की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करना है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि मोदी-योगी सरकार द्वारा गांवो के सर्वांगीण विकास के लिए किये गए कार्यों का ही परिणाम है कि लोकसभा, विधानसभा चुनावों की ही तरह हमें पंचायत चुनाव में भी ऐतिहासिक सफलता मिली। प्रदेश में बड़ी संख्या में हमारे जिला पंचायत अध्यक्ष जीतकर आये। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर समन्वय सम्पर्क व संवाद के माध्यम से योजनाओं का लाभ जनजन तक पहुंचाना है। पार्टी के मीडिया, सोशल मीडिया विभाग की संयुक्त बैठक में मार्गदर्शन करते हुए कहा कि हमें तथ्यपरक ढ़ग से अपनी बात को रखना चाहिए।

## सक्रिय रहें बूथ समिति, पन्ना प्रमुख

**लखनऊ।** बीजेपी राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष ने लखनऊ महानगर कार्यसमिति बैठक में जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को आगामी चुनावों में जीत के मंत्र दिए। संगठन विस्तार पर बल देते हुए कहा कि सशक्त मंडल-सशक्त बूथ को अपने कार्य का आधार बनाकर पार्टी के विस्तार का कार्य निरन्तर करते रहना है।

बीएल संतोष ने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए बूथ समिति को सक्रिय करने के लिए किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की और बूथ समिति व पन्ना प्रमुखों की सक्रियता, सहभागिता और संगठन कार्यों में भूमिका पर जोर दिया। पार्टी पदाधिकारियों को भी संगठन को मजबूत करने के मूल मंत्र देते हुए कहा कि अध्यक्षों और वरिष्ठ पदाधिकारियों की अहम भूमिका होती है कि सर्वप्रथम सक्रिय और संगठन समर्पित टीम चुनना और उसके बाद उनके विचारों को सुनकर सही निर्णय लेना। वरिष्ठ पदाधिकारियों में समन्वय और और बूथ स्तर इकाई में सक्रिय गतिविधि के सिद्धांत पर कार्य करना है। बूथ स्तर पर बने व्हाट्सएप ग्रुप की सक्रियता के लिए उसमें क्षेत्र व प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों को भी जोड़ने को कहा। जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ पदाधिकारियों को प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम मन की बात को बूथ समिति कार्यकर्ताओं के साथ अलग अलग बूथों पर जाकर सुने और उसके बाद पार्टी के कार्यक्रमों, योजनाओं व अन्य विषयों पर बैठकर चर्चा कर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने लखनऊ की संगठनात्मक रचना और कार्यकर्ताओं के परिश्रम से विगत चुनावों में पार्टी द्वारा प्राप्त विजय की चर्चा की।

# भाजपा सरकार में किसान बेहाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में किसान बेहाल है। आवारा और छुट्टा पशु किसानों की फसलों को रौंद रहे हैं। सांड़ो के हमलों में लगातार किसानों और आम लोगों की जानें जा रही है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा ने चुनाव में आवारा पशुओं की समस्या से निजात दिलाने का वादा किया था लेकिन वह झूठा साबित हुआ है। प्रधानमंत्री जी ने भी चुनावी जनसभा में छुट्टा जानवरों की समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया था। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार के 6 साल में कई दर्जन किसान और आम लोग आवारा पशुओं के हमले में अपनी जान गवां चुके हैं। पूरे राज्य में छुट्टा जानवरों का आतंक है। बीते शनिवार को संभल के रजपुरा तहसील के शाहजहानबाद गांव के किसान की सांड़ के हमले में दर्दनाक मौत हो गयी। किसान खेत में फसल की रखवाली करने गया था। इसी तरह से चंदौली में 31 दिसम्बर को उत्पाती सांड के हमले में घायल किसान की इलाज के दौरान मौत हो गयी। उन्होंने कहा कि मेरठ में सांड़ के हमले में चारा लेने गयी महिला घायल हो गयी। अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। मेरठ में ही शनिवार को रोहटा अरमावली गांव के पास सांड़ के हमले में बैंक कर्मी की मौत हो गयी। प्रदेश में आवारा जानवरों की विकराल होती समस्या के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि विडम्बना है कि किसानों की रौंदी गई फसल पर सरकार ने मुआवजा तक नहीं दिया है। आवारा पशुओं के हमलों में मृतकों के आश्रितों को भी कोई मुआवजा नहीं दिया गया है। किसानों के हित में भाजपा सरकार कोई काम नहीं कर रही है।

# राहुल की भारत जोड़ो यात्रा फ्लॉप शो: पाठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** ब्रजेश पाठक ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को फ्लॉप शो करार दिया। मंगलवार को भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास रहा है कि उन्होंने हमेशा भारत को खंडित करने वालों का साथ दिया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी यूपी में घुसने की हिम्मत नहीं जुटा सके इसलिए उन्होंने प्रदेश में वे सिर्फ सांकेतिक तौर पर ही यात्रा निकाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस को पूरी तरह नकार चुकी है।

भारत जोड़ो यात्रा पर प्रतिक्रिया देते हुए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि देश को तोड़ने वालों का साथ देने वाले आज भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं। यह पार्टी टुकड़े-टुकड़े गैंग के साथ खड़ी रही है। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार बेरोजगार हो गया है। पाठक ने कहा कि चांदी की चम्मच लेकर पैदा होने वाले यह जान लें कि बाबा साहब ने जिस दिन संविधान लिख दिया, तब से राजा रानी की कोख से नहीं बल्कि बैलेट मशीन से निकलता है। यह असल में परिवार जोड़ो यात्रा है। उन्होंने कहा कि लोग अभी इमरजेंसी के कांग्रेसी फैसले को भूले नहीं हैं। कांग्रेस ने कश्मीर मुद्दे पर सरदार पटेल और पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की एक विधान, एक निशान की परिकल्पना को कमजोर किया और अलगाववादी सोच के साथ खड़े रहने का काम किया। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने सरदार पटेल और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की परिकल्पना को देश में बढ़ाया गया। पाठक ने कहा कि राहुल गांधी को उस भूल के लिए जनता से माफी मांगनी चाहिए जब उनकी सरकारों में चीन हमारी जमीनें हड़पता रहा। अब वो सैनिकों का मनोबल गिराने वाले बयान देते हैं। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश की जनता पीएम मोदी और सीएम योगी के साथ है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की सेना दुश्मनों को आंख में आंख डालकर करारा जवाब दे रही है। देश में गरीब कल्याण का एजेंडा लागू हुआ है। उन्होंने सवाल किया कि मान्यवर राहुल गांधी कहना क्या चाहते हैं? राहुल गांधी ने बिल्कुल साफ कह दिया कि किसी जमाने में उनके खानदान के लोगों ने भाई-भाई का नारा दिया था जिसकी वजह से भारत ने अपनी जमीन गंवाई थी। उनके इंटरव्यू सुनने के बाद अब कोई कन्फ्यूजन नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि क्या राहुल गांधी चाहते हैं कि चीन के आगे भारत नतमस्तक हो जाए? भारतीय सेना का मनोबल गिराने के बाद अब राहुल गांधी 135 करोड़ भारतवासियों का मनोबल क्यों गिरा रहे हैं?

# छात्र-छात्राओं को मिले रोजगार परक शिक्षा: धर्मपाल सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि अल्पसंख्यक कल्याण वर्ग के छात्र-छात्राओं को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने के लिए मदरसों के अध्यापकों को ट्रेनिंग दिलवाई जाए और उनके प्रशिक्षण कार्यक्रम समय-समय पर संचालित किए जाएं। ताकि बच्चों को अद्तन एवं कौशल विकास संबंधी गुणवत्ता परक शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र-छात्राओं को नवाचार, रोजगार और उद्यमशीलता से जोड़ा जाए ताकि उनके भविष्य की सुदृढ़ता सुनिश्चित हो सके। धर्मपाल सिंह विधानभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में मदरसा बोर्ड के उन्नयन के संबंध में बैठक कर रहे थे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि शिक्षकों और छात्रों के शिक्षण, सीखने की ललक, अनुसंधान क्षमता में सुधार करने, समस्या समाधान और नवाचार और व्यवहारिक कौशल जैसे गुण विकसित किए जाएं ताकि वास्तविक रूप में आधुनिक शिक्षा के उद्देश्यों की पूर्ति हो सके और अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र-छात्राओं को भी इसका भरपूर लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मदरसों के छात्र-छात्राओं को शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़ने, उनको विज्ञान, गणित तथा कम्प्यूटर की शिक्षा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि वह कौशल विकास एवं रोजगार के आधुनिक मानकों के अनुसार प्रतिस्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन करें। बैठक में अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रही है।

# अलग-अलग मुठभेड़ में दो ईनामी अपराधी ढेर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बुलंदशहर** पुलिस ने बीते सोमवार की रात दो अलग-अलग मुठभेड़ों में दो ईनामी अपराधियों को मार गिराया। दोनों पर पचास-पचास हजार रुपए का ईनाम घोषित था। अपराधियों के कब्जे से अवैध हथियार, कारतूस और मोटरसाइकिलें बरामद हुई हैं।

डीजीपी मुख्यालय के अनुसार बुलंदशहर के थाना खुर्जानगर व थाना खुर्जादेहात की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर झमका गांव के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया। मोटर साइकिल सवार बदमाश पहासू की तरफ भाग निकले। जिसकी जानकारी थाना पहासू पुलिस को देते हुए टीमों द्वारा पीछा किया गया तथा थाना पहासू पुलिस टीम द्वारा पलड़ाझाल के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया। बदमाशों द्वारा घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। बदमाशों द्वारा की गई फायरिंग में मुख्य आरक्षी घायल हो गए। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्रवाई में पुरस्कार घोषित अभियुक्त अब्दुल घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक पिस्टल, एक मैगजीन और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई। एक अन्य बदमाश मौके से फरार हो गया। जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। घायल पुलिस कर्मी व अभियुक्त को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने घायल अभियुक्त अब्दुल को मृत घोषित कर दिया उल्लेखनीय है कि अब्दुल शातिर किस्म का अपराधी था। जिसके विरुद्ध जनपद बुलन्दशहर के विभिन्न थानों पर हत्या का प्रयास, लूट, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट आदि के पांच मुकदमे दर्ज है। वहीं दूसरी मुठभेड़ के बारे में पुलिस महानिदेशक मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बीते सोमवार की रात्रि थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बहलीमपुरा पुलिया के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर करते हुए भागे। थाना कोतवाली नगर की सूचना पर थाना अहमदगढ़ पुलिस टीम द्वारा वलीपुरा नहर के पास मोटर साइकिल सवार बदमाशों की घेराबन्दी की गई तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। बदमाशों द्वारा की गई फायरिंग में एक दारोगा व एक आरक्षी घायल हो गया। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्रवाई में पुरस्कार घोषित अभियुक्त आशीष घायल हो गया। जिसे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध पिस्टल, कारतूस और एक मोटर साइकिल (बिना नम्बर) बरामद हुई। एक अन्य बदमाश मौके से फरार हो गया( जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। घायल पुलिस कर्मी व अभियुक्त को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने घायल अभियुक्त आशीष को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी था।

### वेस्ट यूपी में 31 जनवरी व ईस्ट में 28 फरवरी तक होगी धान की खरीद


पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के खाद्य आयुक्त सौरभ बाबू ने बताया कि धान खरीद वर्ष 2022-23 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत प्रदेश में 70 लाख मीट्रिक टन क्रय लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 42.52 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद 6.74 लाख किसानों से हुई है, जो कि लक्ष्य का लगभग 61 प्रतिशत है। गत वर्ष में इसी अवधि तक 42.38 लाख मीट्रिक टन की खरीद हुई थी। क्रय धान के सापेक्ष 6969 करोड़ का भुगतान सीधे किसानों के बैंक खातों में प्रेषित कराया गया है। खाद्य आयुक्त ने बताया कि प्रदेश में खाद्य एवं रसद विभाग की विपणन शाखा पीसीएफ, पीसीयू, यूपीएसएस, यूपीएसएफ सी, मंडी परिषद, उत्तर प्रदेश एवं भारतीय खाद्य निगम द्वारा 4431 क्रय केन्द्र संचालित किए जा रहे हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 31 जनवरी 2023 एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश में 28 फरवरी 2023 तक धान की खरीद की जाएगी। इस वर्ष धान कामन का समर्थन मूल्य 2040 रुपए प्रति कुंतल एवं धान ग्रेड-ए का समर्थन मूल्य 2060 रुपए

# कारागार महकमे को भी मिला अपना प्रतीक चिन्ह


● सभी वर्दीधारी कारागार कर्मी सीने पर नेम प्लेट के ऊपर इसे कर सकेंगे धारण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राज्य** की योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश पुलिस की भांति कारागार विभाग के वर्दीधारी कर्मियों को सीने पर धारण करने के लिए प्रतीक चिन्ह प्रदान करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में प्रदेश के कारागार महानिदेशक आनंद कुमार की ओर से आदेश जारी कर दिए गए हैं। जारी आदेशों में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश कारागार विभाग के समस्त वर्दीधारी कार्मिकों को इस को दाहिने सीने पॉकेट पर वर्दी में नेम प्लेट के ऊपर धारण करने के लिए अधिकृत किया जाता है।

कारागार मुख्यालय के प्रवक्ता ने कहा कि उत्तर प्रदेश की कारागारों में पूरे देश के लगभग 24 प्रतिशत बंदी निरुद्ध हैं। नि:संदेह उत्तर प्रदेश के कारागार कर्मी सम्पूर्ण देश में सबसे महत्वपूर्ण व चुनौतीपूर्ण दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं।



कारागार विभाग ब्रिटिश कालीन जेलों की शोषक, उत्पीड़क छवि से उबरकर बंदियों के कल्याण व सुधारात्मक गतिविधियों में अप्रतिम योगदान दे रहा है। प्रवक्ता ने बताया कि आजादी के 75 गौरवशाली वर्षों के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे अमृत महोत्सव व नववर्ष 2023 के शुभ अवसर पर कारागार विभाग द्वारा अर्जित की गई उपलब्धियों के लिए जेल मैनुअल 2022 के पैरा 905 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कारागार विभाग के समस्त वर्दीधारी कार्मिकों को विगत वर्षों में किए गए बंदी उत्थान, कोविड विभीषिका से बचाव के लिए कुशल प्रबन्धन एवं अन्य प्रशासनिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान दिए जाने के दृष्टिगत् कारागार विभाग का प्रतीक चिन्ह प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। उल्लेखनीय है कि आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर राष्ट्र की 75 साल से अथक सेवा के सम्मान स्वरूप राज्य सरकार ने बीते साल नवंबर माह में यूपी पुलिस को भी उसका प्रतीक चिन्ह प्रदान किया था। डीजीपी डॉ. देवेंद्र सिंह चौहान ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर यूपी पुलिस के प्रतीक चिन्ह को लांच किया था।

# इस साल अलग-अलग दिनों में रहेगी साप्ताहिक बंदी

संवाददाता। सीतापुर

- सीतापुर- डीएम ने जारी किए साप्ताहिक बंदी के निर्देश
- कोट, मुंशीगंज, कजियारा, मन्नी चौराहा, सिटी स्टेशन मार्केट शुक्रवार को रहेगी बंद
- महमूदाबाद में शुक्रवार को, बिसवां में मंगलवार को रहेगी बंदी

**सीतापुर** जनपद की विभिन्न नगर निकायों सहित कस्बों में बाजार बंदी का दिन सुनिश्चित कर दिया गया है। वर्ष 2023 के लिए अलग–अलग दिनों में साप्ताहिक बंदी रहेगी। इस सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश, दुकान अधिकारों का प्रयोग करते हुये जिलाधिकारी अनुज सिंह ने निर्देश भी जारी कर दिए है।

दिशा–निर्देशों का पालन न करने वालों पर वैधानिक कार्यवाही भी की जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार वर्ष 2023 के लिए नगर पालिका परिषद का पुराना क्षेत्र (कोट, मुंशीगंज, कजियारा, मन्नी चौराहा, सिटी स्टेशन मार्केट) में शुक्रवार को, बंदी का दिन निश्चित किया गया है। जबकि सीतापुर नगर पालिका परिषद कोट, मुंशीगंज, कजियारा, मन्नी चौराहा, सिटी स्टेशन मार्केट को छोड़कर शेष जगहों पर रविवार को बंदी रहेगी। डीमए ने बताया

## निर्देशों का पालन न करने वालों पर होगी कार्यवाही

इसी तरह बिसवां में मंगलवार को, महमूदाबाद में शुक्रवार को, लहरपुर में शनिवार को, खैराबाद में बुधवार को, मिश्रिख में शनिवार को बंदी रहेगी।

सिधौली नगर में रविवार को, पैंतेपुर में मंगलवार को, तम्बौर में सोमवार को, महोली में शनिवार को, हरगांव में मंगलवार को एवं रामकोट में गुरूवार को बंदी का दिन निश्चित किया गया है। इसके अलावा जलालपुर में बुधवार को, मछरेहटा में शुक्रवार को, संदना में रविवार को, चांदपुर में बुधवार को, सरइया में रविवार को, सदरपुर में मंगलवार को, कमलापुर में सोमवार को, अटरिया में शनिवार को, लालपुर में गुरूवार को, मानपुर में रविवार को, जहांगीराबाद में शुक्रवार को, रेउसा में शनिवार को तथा परसेण्डी में रविवार को साप्ताहिक बन्दी निश्चित की गयी है। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने बताया कि नगरों के नाईयों एवं केश प्रसाधनों की दुकानों के लिये मंगलवार साप्ताहिक बन्दी का दिन निश्चित किया गया है।

# रेलिंग विहीन पुलिया दुर्घटना को दे रही दावत, प्रतिदिन गुजरते हैं छोटे-बड़े वाहन

संवाददाता। सीतापुर

- ब्लाक महमूदाबाद क्षेत्र के केदारपुर-पैतेंपुर मार्ग पर स्थित है पुलिया
- करीब एक माह पहले अज्ञात वाहन की टक्कर से उखड़ गई थी रेलिंग

**रेलिंग** विहीन पुलिया दुर्घटना को दावत दे रही है। यह तब है जब करीब चार साल पूर्व इससे पहले इसी क्षतिग्रस्त पुलिया पर से गुजरते समय रात में एक राहगीर अचानक गिर पड़ता था, बाद में उसकी मौत हो गई थी। हम जिस पुलिया का यहां जिक्र कर रहे है, वह विकास खंड महमूदाबाद क्षेत्र में केदारपुर से पैतेंपुर जाने वाले मार्ग पर स्थित है। इस मार्ग पर से प्रतिदिन हजारों लोगों का आना–जाना लगा रहता है, छोटे–बड़े वाहन भी गुजरते रहते है, बावजूद इसके रैलिंग विहीन पुलिया की मरम्मत कराने की तरफध्यान नहीं दिया जा रहा है।

बताया जाता है कि ग्राम केदारपुर से पैतेंपुर के बार्डर पर स्थित पुलिया की रेलिंग करीब एक माह पहले किसी अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से टूट गई थी, तबसे रेलिंग की ईंटों का उखड़ना जारी है, आलम यह है कि पुलिया की रेलिंग का आधे से अधिक हिस्सा सड़क के बराबर आने की कगार पर जा पहुंचा है। इन हालातों में दुर्घटना की संभावना बढ़ती जा रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि केदारपुर के प्रधान का भी ध्यान इस तरफ नहीं जा रहा है। अन्य जिम्मेदार भी आंखे बंद किए हुए है। कोई यह भी बताने वाला नहीं है कि क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत कब तक कराई जाएगी, या फिर जो रैलिंग बच गई है, वह भी धीरे–धीरे उखड़ जाएगी।

# जांच के नाम पर निभाई जा रही औपचारिकता

संवाददाता। सीतापुर

- विकास कार्यों में हुई गड़बड़ी की शिकायत पर नहीं हो रही जांच
- विगत करीब दो वर्षों से शिकायतकर्ता कर रहा उच्चाधिकारियों की परिक्रमा
- ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों में अनियमितता की शिकायत
- मामला ब्लाक परसेंडी की ग्राम पंचायत मेवाराम नगर का

**विकास** कार्यों में हुई बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की शिकायत लगातार किए जाने के बावजूद विकास कार्यों की जांच नहीं कराई जा रही है। मामला ब्लाक परसेंडी क्षेत्र की ग्राम पंचायत मेवारामनगर का है। आरोप है कि यहां वर्ष 2016 से 2021 के मध्य कराए गए विकास कार्यों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया। इसकी शिकायत प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और डीएम सीतापुर सहित विकास खंड स्तर पर की गई। परन्तु किसी भी शिकायती पत्र पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जबकि शिकायतकर्ता विगत लगभग दो वर्षों से अधिकारियों के यहां परिक्रमा कर रहा है। ग्रामीण राजेश कुमार यादव ने उच्चाधिकारियों को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि गांव में जो इंटरलाकिंग, खड़ंजा, नाली आदि का निर्माण कराया गया है, उसमें अधिकतर विकास कार्यों में सरकारी धन का खुला दुरूपयोग किया गया। आरोप है कि शिकायत की जांच जब भी होती है तो जांच अधिकारी शिकायत के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करते है। यही नहीं 26 सितंबर 2022 को दिए गए एक शिकायती पत्र पर डीएम सीतापुर अनुज सिंह ने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सीतापुर को जांच अधिकारी नामित करते हुए जांच आख्या 3 सप्ताह के अंदर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे, लेकिन उक्त प्रकरण में अभी तक जांच रिपोर्ट सौंपी नहीं जा सकी है।

## भारत परिषद के जिला अध्यक्ष का त्यागपत्र स्वीकार

**सीतापुर।** सीतापुर भारत प्रदेश के जिला अध्यक्ष आकाश राय ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्र भूषण पाण्डेय को आरोप त्याग पत्र भेजा था उक्त मामले को संज्ञान मे लेते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्र भूषण पाण्डेय ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा वी के सिंह को न्यायोचित कार्यवाही का आदेश दिया है। जांच अधिकारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा वी के सिंह ने विडियो जारी कर अगले आदेश तक जनपद की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। जिसकी जांच प्रक्रिया के दौरान प्रदेश अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह द्वारा लगातार दवाब बना रहे थे।

# माता सावित्री बाई फुले जी की माल्यार्पण कर मनाई जयंती

संवाददाता। मोहम्मदी खीरी





**नगर** स्थित एक निजी बैठक ग्रह में सैनी समाज की गौरव व देश की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले की जयंती पर समस्त सैनी (श्री माली) समाज के लोगो ने माल्यर्पण कर प्रसाद समर्पित कर जयंती का पर्व मनाया गया।जिसमे सैनी समाज के समस्त महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।मौजूद सभी लोगो ने अपने अपने विचार रखें व माता सावित्री वाई फुले जी के बलिदानों को याद किया गया।बताते चले माता फुले जी एक प्रमुख भारतीय सामाजिक सुधारक,शिक्षाविद और कवियत्री थी।जिन्होंने उन्नीसवीं शताब्दी के दौरान महिला शिक्षा और सशक्तिकरण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।उन्हें उस समय की कुछ साक्षर महिलाओं में गिना जाता है। सावित्रीबाई को पुणे में अपने पति ज्योतिराव फुले के साथ भिडवाडा में स्कूल स्थापित करने के लिए श्रेय दिया जाता है। उन्होंने बाल विवाह के प्रति शिक्षित करने और उन्मूलन करने,सती प्रथा के खिलाफ प्रचार करने और विधवा पुनर्विवाह के लिए वकालत करने के लिए बहुत मेहनत की। उन्होंने अस्पृश्यता के खिलाफ अभियान चलाया और जाति व लिंग आधारित भेदभाव को समाप्त करने में सक्रिय रूप से काम किया था। कार्यक्रम के समापन पर मौजूद सभी लोगो प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गय र्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ पत्रकार आशाराम सैनी, संजय सैनी, समाजसेविका रजनी सैनी, विवेक सैनी, दीपेंद्र सैनी, हरिराम सैनी, देवेंद्र सैनी, राहुल सैनी, कंचन सैनी, राम सैनी, अंशु सैनी, शिवानी सैनी, दिव्या सैनी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।

# विधायक ने ब्लॉक फूलबेहड़ में 450 जरूरतमंदों को बांटे कंबल



संवाददाता। लखीमपुर खीरी

- प्रशासन के तत्वावधान में ब्लॉक फूलबेहड़ में हुआ कंबल वितरण कार्यक्रम

**तराई** में लगातार बढ़ रही ठंड से लोगों को राहत पहुंचाने के लिए प्रशासन के तत्वावधान में ब्लॉक फूलबेहड़ सभागार में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह ने किया।

मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे ब्लॉक सभागार फूलबेहड़ में विधायक श्रीनगर मंजू त्यागी ने स्थानीय राजस्व अधिकारियों की मौजूदगी में निराश्रित एवं असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को 450 कंबल बांटे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मंजू त्यागी ने कहा कि अत्यधिक ठंड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के मद्देनजर सरकार की ओर से निराश्रित, असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुंचाए जाने के उद्देश्य से कंबलो का वितरण किया जा रहा है। शासन की मंशानुरूप रैन बसेरे में सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित कराते हुए संचालन किया जा रहा। वही प्रमुख चौराहों, स्थलों पर अलाव जलाकर राहत पहुंचाने का काम किया जा रहा है। इस पुनीत कार्य में समाज के सक्षम लोगों को भी आगे आना चाहिए।

इस मौके पर तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह, खण्ड विकास अधिकारी पीयूष सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विश्वनाथ सिंह, नायब तहसीलदार अश्विनी कुमार व सुनील कुमार, राजस्व निरीक्षक राम औतार बाबू राम आदि उपस्थित रहे।



## जरूरतमन्द फरियादियों को डीएम ने बांटा कम्बल

**लखीमपुर खीरी।** मंगलवार की सुबह सर्द मौसम में जिलाधिकारी के जनता दर्शन में आने वाले निर्धन, असहाय व निराश्रित 05 फरियादियों को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सर्वप्रथम कम्बल ओढ़ाया फिर उनकी फरियाद को सुना। फरियादी को कम्बल भेंट कर समस्याओं की सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियो को समयबद्धता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए।

# अंगीठी, हीटर, ब्लोवर चलाकर सोने से हो सकती है मौत

संवाददाता। सीतापुर

- रात्रि में सोते समय बंद कमरे के अंदर अंगीठी, हीटर, ब्लोवर, जलाकर न सोए
- एलपीजी गैस गीजर को बाथरूम क बाहर लगाए
- बाथरूम के अंदर गैस गीजर लगाने से हो सकती है अग्नि दुर्घटना

**हांड** कपाऊ इस ठंड में ज्यादातर लोग हीटर, ब्लोवर, अंगीठी का इस्तेमाल कर रहे है, बाथरूम में नहाने के लिए गरम पानी का प्रयोग कर रहे है और अक्सर ऐसी स्थिति में दुर्घटनाएं भी सामने आ रही है, कारण आप की असावधानी और अज्ञानता का होना है। लेकिन आई इंडिया पड़ रही इस भीषण ठंड में होने वाली दुर्घटनाओं को रोंकने की दिषा में अग्निषमन विभाग से सभी के लिए महत्वपूर्ण जानकारी लेकर आया है। जिसको अपनाकर हर कोई दुर्घटनाओं को रोंक सकता है। तो चलिए आपको क्या–क्या सावधानी बरतनी चाहिए यह आपको बताते है।

जो लोग कमरे के अंदर हीटर, ब्लोवर, अंगीठी से आग ताप रहे है। वह कमसे कम कमरे के अंदर ही पांच लीटर पानी बाल्टी में जरूर रखे। जिससे आक्सीजन की कमी न हो सके और ध्यान रखे रात्रि में सोते समय बंद कमरे के अंदर जलती अंगीठी, ब्लोवर, हीटर रखकर कतई न सोए, क्योंकि दम घुटने से आपकी जान जा सकती है। जो लोग गरम पानी से नहाने है, उनके लिए भी सावधान करने वाली यह जानकारी है कि वह एलपीजी गैस गीजर को बाथरूम के बाहर लगाए ताकि बाथरूम के अंदर गैस का रिसाव होने पर अग्निदुर्घटना न हो सके।

# न्यायालय उपजिलाधिकारी मोहम्मदी पंकज श्रीवास्तव ने सुनाया बड़ा फैसला, प्रधान पद किया रिक्त

संवाददाता। मोहम्मदी–खीरी

**सामान्य** निर्वाचन 2021 में हुए चुनाव में विकासखंड मोहम्मदी की दिलावरपुर की पिछड़ी जांच के लिए आरक्षित की गई थी जिस पर शबाना खातून विजई घोषित हुई। इसके उपरांत जाति प्रमाणपत्र को लेकर पिछड़ा वर्ग सहित न्यायालय में शबाना खातून सामान्य वर्ग की महिला ने कूट रचित तरीके से फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनाकर चुनाव लड़ा ,जिसमें पूर्व तहसीलदार कानूनगो और लेखपाल को दोषी ठहराते हुए पत्र लिखा गया। वही अंजुम सलमा बेगम ने मोहम्मदी न्यायालय उपजिलाधिकारी मे रिट डाली जिसमें सलमा खातून के प्रधान पद को अवैध घोषित करने की मांग की गई जिसमें 28 दिसंबर 2022 को वादी पक्ष की ओर से अधिवक्ता मनोज कुमार दीक्षित और ओमप्रकाश तिवारी तथा प्रतिवादी की ओर से जयप्रकाश त्रिवेदी ने उप जिलाधिकारी न्यायालय में लगभग 5 घंटे बहस चली। उप जिला अधिकारी न्यायालय पंकज श्रीवास्तव ने फैसले को सुरक्षित रखा तथा फैसले की तारीफ 3 जनवरी 2023 नियत की गई, जिसमें आज न्यायालय उप जिलाधिकारी ने सामान्य निर्वाचन में फर्जी दस्तावेज सही पाए तथा प्रधान शबाना खातून के निर्वाचन को अवैध घोषित कर दिया। 54 पेज के आदेश में न्यायालय ने शबाना खातून के प्रधान पद को अवैध मानते हुए दिलावरपुर ग्राम प्रधान का पद रिक्त कर दिया। आज सुबह 11 बजे न्यायालय उपजिला अधिकारी मे काफी गहमागहमी देखी गई। दोनों पक्षों के भारी संख्या में लोग न्यायालय उपजिलाधिकारी के आदेश की प्रतीक्षा में खड़े दिखाई दिए। ठीक 11 बजे न्यायालय उप जिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने 54 पेज का अपना फैसला सुनाते हुए रिट पिटिशन सलमा बेगम को स्वीकार करते हुए उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम की धारा 12 के अंतर्गत उनकी रिट को स्वीकार किया है। फैसला सुनाते हुए न्यायालय ने दोनों पक्षों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील भी की जहां एक तरफ खुशी तो दूसरी तरफ गम दिखाई दिया।

# अवैध खनन, परिवहन पर प्रशासन ने की प्रभावी कार्रवाई, हड़कंप

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**जनपद** खीरी में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में अवैध खनन/परिवहन पर अंकुश लगाये जाने, प्रभावी रोकथाम लगाये जाने के लिए सतत निगरानी रखी जा रही है। प्रशासन ने वित्तीय वर्ष 2022–2023 में अबतक 183 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए कुल 54 लाख 27 हजार 961 की धनराशि राजस्व वसूली गई। प्रशासन ने अवैध खनन/परिवहन पर अंकुश लगाये जाने, प्रभावी रोकथाम लगाये जाने एवं सतत निगरानी रखी रखते हुए माह दिसम्बर, 2022 में अवैध खनन /परिवहन में सम्मिलित कुल 26 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए 07 लाख 94 हजार 370 की धनराशि राजस्व की वसूली गई। वही वित्तीय वर्ष 2022–2023 में अबतक कुल 183 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए कुल 54 लाख 27 हजार 961 की धनराशि राजस्व वसूली की, जो कि विगत वर्षो से अधिक राजस्व की प्राप्ति की है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि जिले में किसी भी दशा में साधारण बालू/मिट्टी का अवैध खनन न किया जाय, अन्यथा की स्थिति में संबंधित वाहनों को सीज कर वाहन व वाहन स्वामी तथा भू–स्वामी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

# पुलिस लाइन सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन

संवाददाता। लखीमपुर–खीरी

**पुलिस** अधीक्षक संजीव सुमन की अध्यक्षता में पुलिस लाईन खीरी सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक महोदय, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष एवं पुलिस कार्यालय सहित समस्त शाखाओं के प्रभारी आदि अधिकारीगण सम्मिलित हुए। मासिक अपराध गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जनपद में घटित आपराधिक घटनाओं से संबंधित पंजीकृत अभियोगों एवं लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए समयबद्ध रुप से गुण–दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। हत्या, दुष्कर्म, लूट आदि जघन्य अपराधों के अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये। महिला संबंधी अपराधों को नियंत्रित करने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने, बरामदगी हेतु शेष अपहृताओं की सकुशल बरामदगी, पुरुष्कार घोषित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने एवं शातिर अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने, गुंडा एक्ट के अन्तर्गत जिलाबदर की कार्यवाही करने व गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। गम्भीर अपराधों, पॉक्सों एक्ट, बलात्कार आदि के अभियोगों में प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने हेतु भी निर्देश दिये गये। चोरी, नकबजनी व वाहन चोरी की घटनाओं पर अकुश लागने हेतु कार्य योजना तैयार करके प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। अवैध मादक पदार्थो के निर्माण, ब्रिकी व परिवहन के विरुद्ध अभियान चलाकर इनकी रोकथाम एवं ऐसे कार्यो में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जनशिकायतों की त्वरित व निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने, अवैध शराब के विरूद्ध निरंतर अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करने, जमीनी विवादों के संबंध में सतर्कता रखने व इसकी रिपोर्ट राजस्व अधिकारियों को प्रेषित करने, अपराध में संलिप्त व्यक्तियों के शस्त्र निरस्तीकरण की रिपोर्ट देने, आईजीआरएस के आवेदकों से स्वयं वार्ता करके फीडबैक लेने, पीआरवी वाहनों की रैंडम चेकिंग कर उनकी सतर्कता का निरीक्षण करने आदि के संबंध में निर्देश दिए गए। थानों पर दाखिल विभिन्न अभियोगों से संबंधित माल मुकदमाती के विधिक निस्तारण हेतु निर्देश दिये गये।

# पेज एक का शेष

## अभिव्यक्ति की...

दुष्कर्म का यह मामला राजनीतिक षडयंत्र है। यह फैसला इस सवाल पर आया है कि क्या किसी जन प्रतिनिधि के भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार पर पाबंदियां लगाई जा सकती हैं? उच्चतम न्यायालय ने 15 नवंबर को अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा था कि सार्वजनिक पद पर आसीन लोगों को आत्म–संयम पर जोर देना चाहिए और ऐसी बेतुकी बातों से बचना चाहिए जो अन्य देशवासियों के लिए अपमानजनक हैं। अदालत ने कहा था कि अनुच्छेद 19 (2) जो भी कहता है उसके अलावा भी देश में एक संवैधानिक संस्कृति है जहां जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों के कहने पर एक अंतर्निहित सीमा या प्रतिबंध है।

## 'आधिकारिक क्षमता...

मुद्दे पर पीठ के साथी न्यायाधीशों से असहमति व्यक्त करते हुए एक निर्णय में न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि हाल के दिनों में अविवेकपूर्ण भाषण चिंता का कारण है क्योंकि यह हानिकारक और अपमानजनक है। उन्होंने कहा, नफरती बयान समाज को असमान रूप में चिन्हित करके संविधान के मूलभूत मूल्यों पर प्रहार करते हैं। यह विविध पृष्ठभूमि के नागरिकों के भाईचारे के भी खिलाफ है। एक सामंजस्यपूर्ण समाज की आवश्यक स्थिति बहुलता और बहु–संस्कृतिवाद पर आधारित है जैसे कि इंडिया जो कि भारत है। भाईचारा इस विचार पर आधारित है कि नागरिकों की एक दूसरे के प्रति पारस्परिक जिम्मेदारियां होती हैं। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि सार्वजनिक पदाधिकारियों और मशहूर हस्तियों सहित अन्य प्रभावशाली लोगों का कर्तव्य है कि वे अपने भाषण में अधिक जिम्मेदार और संयमित रहें।

## पोस्टमार्टम में...

में अंजलि स्कूटी चलाती दिख रही है। इस घटना को लेकर और शुरू में पुलिस द्वारा दिखाई गई कथित लापरवाही को लेकर लोगों में रोष बढ़ने के बीच पीड़िता के आवास के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। युवती का पोस्टमार्टम मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज (एमएएमसी) परिसर में एक मेडिकल बोर्ड की निगरानी में किया गया। डॉक्टरों के मुताबिक युवती की मौत सिर, रीढ़ की हड्डी और निचले अंगों में चोट लगने के परिणामस्वरूप अत्यधिक खून बहने तथा गहरी चोटें पहुंचने के चलते हुई। डॉक्टरों ने आरंभिक रिपोर्ट में कहा है कि सभी चोटें संभवत: वाहन से हुई दुर्घटना और घसीटे जाने के कारण लगीं। विशेष पुलिस आयुक्त (कानून–व्यवस्था) सागर प्रीत हुड्डा ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि कोई भी चोट यौन उत्पीड़न का साक्ष्य नहीं देती है। अंतिम रिपोर्ट कुछ समय बाद मिलेगी। सूत्रों ने कहा कि युवती के निजी अंगों पर चोट के कोई निशान नहीं थे। उल्लेखनीय है कि 31 दिसंबर की रात युवती अंजलि सिंह की स्कूटी को एक कार ने टक्कर मार दी और युवती को 12 किलोमीटर घसीटते हुई ले गई। उसका शव कंझावला इलाके में मिला था। सभी पांचों आरोपियों को सोमवार को तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। हुड्डा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस घटना की एक गवाह सामने आई है और जब यह वारदात हुई उस समय वह पीड़िता के साथ थी। हुड्डा ने कहा कि चूंकि वह डरी हुई थी, इसलिए जब दुर्घटना हुई तो वह अपनी दोस्त को छोड़कर भाग गई। अब हमारे पास घटना का एक चश्मदीद गवाह है और वह पुलिस के साथ सहयोग कर रही है। हम सीआरपीसी (दंड प्रक्रिया संहिता) की धारा 164 के तहत उसका बयान दर्ज कर रहे हैं।

## आत्मनिर्भर भारत...

तभी बदल सकते हैं जब वह प्रयोगशाला से निकलकर धरातल तक पहुंचें। जब उसका प्रभाव ग्लोबल से लेकर जमीनी स्तर तक हो। जब उससे बदलाव रिसर्च से होते हुए वास्तविक जीवन में दिखने लगे। महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और जितेंद्र सिंह, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में यहां राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय में पांच दिवसीय भारतीय विज्ञान कांग्रेस का उद्घाटन किया गया। प्रधानमंत्री ने एक ऐसी संस्थागत ढांचा और गुरु–शिष्य प्रणाली बनाने की जोरदार वकालत की जो युवाओं को विज्ञान की ओर आकर्षित करने के लिए प्रतिभा खोज और हैकाथन जैसी परंपराओं का निर्माण कर सके। प्रधानमंत्री ने अनुसंधान प्रयोगशालाओं और शैक्षणिक संस्थानों के साथ जुड़कर निजी कंपनियों और स्टार्टअप के लिए अवसरों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने शोधकर्ताओं से क्वांटम कंप्यूटिंग पर ध्यान केंद्रित करने और इस क्षेत्र में अग्रणी होकर उभरने का आग्रह किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि भारत को अगले 25 वर्ष में नई ऊंचाइयां हासिल करनी हैं और इस कार्य में देश के वैज्ञानिक समुदाय को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। उन्होंने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में भारत ने दुनिया के 10 शीर्ष देशों में अपना स्थान बनाया है। वर्ष 2015 तक वैश्विक नवाचार सूचकांक में भारत का 81वां स्थान था और वर्ष 2022 में बढ़कर 40वां स्थान हो गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएचडी और स्टार्टअप की व्यवस्था में भारत शीर्ष तीन देशों में शामिल है। उन्होंने वैज्ञानिक समुदाय का आह्वान किया कि वे उन विषयों पर कार्य करें, जो सम्पूर्ण मानवता और भारत की बढ़ती जरूरतों के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## मोदी व...

सुखद वार्ता में साझा हितों के मुद्दों के अलावा पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन और राष्ट्रमंडल आदि पर चर्चा हुई। इसके साथ ही भारत की अध्यक्षता में जी–20 होने मिशन लाइफ (लाइफ स्टाइल फॉर एन्वार्यमेंट)पर भी चर्चा हुई।

## थियेटर मालिक...

बाहर से खानपान लाने की अनुमति दी जानी चाहिए या नहीं। पीठ ने कहा कि यह जाहिर तौर पर एक सिनेमाघर मालिक का व्यावसायिक निर्णय है।

## हर प्रकार...

हम इस पर आंख नहीं मूंद सकते। उच्च न्यायालय ने एक अंतरिम आदेश में राज्य सरकार को मप्र धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम (एमपीएफआरए) की धारा 10 के तहत उन वयस्कों पर मुकदमा नहीं चलाने का निर्देश दिया था जो अपनी मर्जी से शादी करते हैं। उच्च न्यायालय ने 14 नवंबर को कहा कि धारा 10, जो धर्मांतरण के इच्छुक नागरिक के लिए जिला मजिस्ट्रेट को इस संबंध में (पूर्व) घोषणा पत्र देना अनिवार्य बनाती है, हमारी राय में इस अदालत के पूर्वोक्त निर्णयों की पूर्व दृष्टि से असंवैधानिक है। एमपीएफआरए गलतबयानी, प्रलोभन, बल प्रयोग की धमकी, अनुचित प्रभाव, जबरदस्ती, विवाह या किसी अन्य धोखाधड़ी के माध्यम से धर्मांतरण को निषेध करता है। एमपीएफआरए 2021 के प्रावधानों को चुनौती देने वाली सात याचिकाओं पर उच्च न्यायालय का अंतरिम निर्देश आया था। याचिकाकर्ताओं ने अधिनियम के तहत किसी के खिलाफ मुकदमा चलाने से राज्य को रोकने के लिए अंतरिम राहत मांगी थी। अदालत ने राज्य सरकार को याचिकाओं पर अपना क्रमवार जवाब दाखिल करने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया था और कहा था कि याचिकाकर्ता उसके बाद 21 दिनों के भीतर जवाब दाखिल कर सकते हैं।

## 28 बुनियादी...

कंधे से कंधा मिलाकर चल रहा है। रक्षा मंत्री ने 724 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित परियोजनाओं का अनावरण अरुणाचल प्रदेश में अलोंग–यिंकिओंग रोड स्थित सियोम पुल पर आयोजित एक समारोह में किया। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के तवांग सेक्टर में चीनी सैनिकों द्वारा घुसपैठ के प्रयास के साढ़े तीन हफ्ते बाद सीमावर्ती राज्य अरुणाचल प्रदेश का उन्होंने दौरा किया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार परियोजनाओं में सियोम पुल, तीन सड़कों और तीन अन्य परियोजनाओं सहित 22 पुल शामिल हैं। इनमें से आठ परियोजनाएं लद्दाख में, पांच अरुणाचल प्रदेश में, चार जम्मू कश्मीर में, तीन–तीन सिक्किम, पंजाब और उत्तराखंड में तथा दो राजस्थान में हैं। अपने संबोधन में, सिंह ने एलएसी के साथ चीनी पीएलए के अतिक्रमण के प्रयासों का भी परोक्ष रूप से संदर्भ दिया। उन्होंने कहा, हाल में, हमारे सैन्य बलों ने बहादुरी तथा मुस्तैदी के साथ हालात से निपटते हुए उत्तरी क्षेत्र में दुश्मन का प्रभावी ढंग से मुकाबला किया। यह क्षेत्र में पर्याप्त ढांचागत विकास के कारण संभव हुआ। उन्होंने कहा, यह हमें दूर–दराज के क्षेत्रों की प्रगति के लिए और भी अधिक प्रेरित करता है। नौ दिसंबर को अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में यांग्त्से में एलएसी पर दोनों पक्षों के सैनिकों के बीच झड़प के बाद भारत और चीन के बीच तनाव और बढ़ा है। सिंह ने 13 दिसंबर को संसद को बताया कि चीनी सैनिकों ने यांग्त्से क्षेत्र में यथास्थिति को एकतरफा बदलने की कोशिश की, लेकिन भारतीय सेना के दृढ़ और मजबूत कदम ने उन्हें पीछे हटने के लिए मजबूर कर दिया।

## कार की...

हैं और बेटी के इलाज के लिए उनके पास पैसे नहीं है। छात्रा के दोस्त इलाज के लिए चंदा मांग रहे हैं। घटना 31 दिसंबर रात 9 बजे की है। ग्रेटर नोएडा के थाना बीटा–2 क्षेत्र में यह हादसा हुआ था। छात्रा स्वीटी 2 जनवरी को कोमा में चली गई। वह बीटेक फाइनल ईयर की छात्रा है और पटना की रहने वाली है। यहां रहकर पढ़ाई कर रही थी। 31 दिसंबर को रात करीब 9 बजे जीएनआईओटी कॉलेज की छात्रा स्वीटी, हरसोनी डोड़ा और शारदा यूनिवर्सिटी का छात्र अजनबा सेक्टर अल्फा–2 बस स्टैंड से सेक्टर डेल्टा के लिए जा रहे थे। रास्ते में तेज रफ्तार सेंट्रो कार ने तीनों को टक्कर मार दी। हादसे में हरसोनी और अजनबा को तो ज्यादा चोट नहीं आई, लेकिन स्वीटी टक्कर के बाद करीब दस मीटर दूर जाकर गिरी। उसके सिर पर गंभीर चोट आई। सिर से काफी खून भी निकल गया। स्थानीय लोगों और पुलिस ने तीनों को अस्पताल पहुंचाया। स्वीटी की मां ने बताया, घटना वाले दिन मेरी बेटी से बात हुई थी। फोन कटने के कुछ ही देर बाद किसी का फोन आया कि स्वीटी का एक्सीडेंट हो गया है। हम लोग बहुत गरीब घर से हैं। किसी तरह बेटी को पढ़ा रहे हैं। स्वीटी के साथी आशीर्वाद ने बताया, स्वीटी की स्थिति बहुत ज्यादा नाजुक है। उसका इलाज कैलाश अस्पताल में चल रहा है। उसके इलाज में दस लाख का खर्च आएगा, लेकिन परिवार के पास इतने पैसे नहीं हैं। हम लोग लोगों से चंदा मांग रहे हैं, जिससे उसका इलाज हो पाए। एक अन्य छात्र मणि ने बताया, हम लगभग 50 छात्र हैं, जो स्वीटी के लिए मदद की गुहार लगा रहे हैं।

# जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक में डीएम ने कसे लापरवाह अधिकारियों के पेंच

### ● खाद्यान्न वितरण समय से कराने के निर्देश



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते डीएम अभिषेक आनन्द ।

**चित्रकूट।** डीएम अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम- 2013 के अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। डीएम ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम- 2013, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम- 2013 चीनी, आधार कार्ड फीडिंग सीडिंग, निलंबित दुकानें, रिक्त उचित दर दुकानें, मिड डे मील योजना, अनुपूरक पुष्टाहार योजना,ई पास मशीन से वितरण, निशक्तजन, राशन कार्ड पोर्टबिल्टी, सिंगल स्टेज व्यवस्था आदि की समीक्षा की।

डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि गरीब कल्याण अन्न योजना के वितरण के संबंध में जो शासन से निर्देश प्राप्त हो उससे अवगत कराया जाए। विद्यालयों में मिड डे मील तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को खाद्यान्न समय से वितरण कराया जाए। खाद्यान्न का वितरण सही तरीके से कराया जाए कहीं पर कोई समस्या नहीं होना चाहिए। बाल विकास परियोजना अधिकारी से कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र से जो खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है उसका सत्यापन कराएं कि सही वितरण हो रहा है या नहीं जिला पूर्ति अधिकारी से कहा कि जो पूर्वेक्षण के लिए अधिकारी लगाए गए हैं उनसे रजिस्टर चेक अवश्य कराया जाए। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी से कहा कि जनपद के लोग बाहर रह रहे हैं और वह पोर्टबिल्टी से खाद्यान्न प्राप्त कर रहे हैं उसका विवरण रखा जाए, सिंगल स्टेज व्यवस्था सभी जगह लागू किया जाए तथा उचित दर विक्रेता के यहां पर खाद्यान्न पहुंचाएं खाद्यान्न की गाड़ियों का रूट चार्ट भी बनाया जाए तथा जीपीएस भी लगा होना चाहिए। उचित दर विक्रेताओं को निर्देश दिए कि आयुष्मण कार्ड में प्रगति कराएं प्रत्येक माह का लक्ष्य सभी उचित दर विक्रेताओं को दिया जाए तथा कितने बनाए गए उसकी सूची माह के अंत में उपलब्ध कराएं सभी गौशालाओं पर बोरा की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। एडीएम वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी वीके महान, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी राम बाबू विश्वकर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, डिप्टी आरएमओ अविनाश चंद्र झा, बाल विकास परियोजना अधिकारी पहाड़ी महेंद्र कुमार पटेल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## कार्य में लापरवाही पर सहकारी समिति सरीला के सचिव निलंबित

**हमीरपुर।** काम में लापरवाही व अधिकारियों के आदेश की अवहेलना करने पर क्रय विक्रय साधन सहकारी समिति सरीला के सचिव को एआर कोआपरेटिव ने आज निलंबित कर दिया है। इस कार्रवाई से लापरवाह कर्मियों में हड़कंप है। एआर ने निलंबित सचिव की जांच एडीसीओ सरीला को सौंपी है। सहकारिता विभाग के सहायक निबंधक(एआर) रामसागर चौरसिया ने बताया कि सरीला कस्बे की क्रय विक्रय साधन सहकारी समिति में तैनात सचिव अनिल कुमार रबी के पीक सीजन में किसानों को खाद बीज वितरण में लगातार लापरवाही बरत रहे थे। इस मामले में उन्हें कई बार चेतावनी दी गयी, लेकिन उनकी कार्यप्रणाली में कोई सुधार नहीं आ रहा था। सचिव कोआपरेटिव बैंक गुडफार पेंमेंट मामले में लापरवाही बरत रहे थे। जिससे किसानों को समय से नगद पैसे देकर खाद व बीज नहीं उपलब्ध हो रहा था।

## दुकानदार की सक्रियता से चोर नहीं ले सके चंदन का पेड़

### ● चोरों ने मंदिर में खड़ा वेश कीमती चंदन पेड़ काट डाला



संगमहेश्वर मंदिर परिसर में चोरों द्वारा काटा गया चंदन का पेड़ देखते लोग

**हमीरपुर।** शहर के संगमहेश्वर मंदिर में खड़े वेशकीमती चंदन के पेड़ों की चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। अब तक छह बार चंदन के पेड़ काटकर चोर लकड़ी ले जा चुके हैं, लेकिन पुलिस चोरों को नहीं पकड़ पाई है। रात चोरों ने मंदिर परिसर में खड़े चंदन के पेड़ को काट डाल डाला, लेकिन पेड़ के गिरते ही मंदिर के बाहर एक दुकानदार ने आहट पाकर शोर मचाया तो चोर लकड़ी छोड़कर भाग निकले। मेरापुर के लोगों ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी है।

शहर के मेरापुर में यमुना नदी किनारे ऐतिहासिक संगमहेश्वर मंदिर स्थित है। यहां पाताली शिवलिंग स्थापित होने से श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। यहां विभिन्न प्रकार के पेड़ पौधे लगे हैं। जिसमें वेशकीमती चंदन के पेड़ भी शामिल हैं। यहां बने बगीचे में चंदन के कई पेड़ खड़े हैं। चंदन की लकड़ी सबसे महंगी मानी जाती है। इसका बाजार मूल्य करीब 26 से 30 हजार रुपये प्रति किलो है। एक पेड़ से 15 से 30 किलो लकड़ी प्राप्त हो जाती है। जिसे एक पेड़ की कीमत लगभग 5 से 6 लाख रुपये होती है। वेश कीमती लकड़ी होने से चोरों की निगाहें इन पेड़ों पर रहती हैं।

सोमवार की रात चोरों ने एक बार फिर से यहां लगे चंदन के पेड़ को चुराने का प्रयास किया। चोरों ने पेड़ काटकर जैसे ही गिराया। इसके गिरने की आहट पाकर मंदिर परिसर में रखी दुकान के दुकानदार सुरेश ने शोर मचाया तो चोर भाग खड़े हुए और कटा चंदन का पेड़ वहीं छोड़ गए। मंदिर में साधु संत सहित अन्य करीब सात लोग सो रहे थे, लेकिन किसी को आहट नहीं लगी। इसके पूर्व भी कई बार यहां से चंदन के लकड़ी की चोरी हो चुकी है। इस मामले में मेरापुर निवासी प्रेमचंद्र निषाद, श्यामसुंदर गुप्ता, पुरुषोत्तम, शिवशंकर सचान, बाबू, हरिहर निषाद, रामप्रसाद, फूलसिंह सहित अन्य लोगों ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर मंदिर की सुरक्षा के साथ चोरी की घटना की खुलासा करने की मांग की।

## नगर पालिका की उपेक्षा से कबाड घर बना सूचना कार्यालय परिसर

**चित्रकूट।** नगर पालिका परिषद के ईओ रामअचल कुरील व अन्य अधिकारियों की दुरभिसन्धि के चलते जिला सूचना कार्यालय भारी उपेक्षा का शिकार होता जा रहा है। सूचना कार्यालय परिसर को ईओ ने कबाड के अड्डे में तब्दील कर दिया है। वे सूचना कार्यालय परिसर में नगर पालिका का कार्यालय खोलने की मंशा पाले हैं। ईओ नगर पालिका रामअचल कुरील की दुरभिसन्धि का खुलासा मंगलवार को हुआ। बताया गया कि जिला सूचना कार्यालय परिसर को ईओ ने इन दिनों कबाड में तब्दील कर रखा है, जिसके चलते सूचना कार्यालय परिसर में लगे हरे-भरे पेड-पौधे बर्बाद होते जा रहे हैं। ईओ को पर्यावरण की कोई चिन्ता नहीं है। इससे इतर वे जिला सूचना कार्यालय को गन्दगी में तब्दील करने में गुरेज नहीं कर रहे। ईओ की मेहरबानी से जिला सूचना कार्यालय परिसर के हरे-भरे पेडों को भारी क्षति पहुंच रही है।

## तमंचे की नोंक पर फेरी वाले को मारपीट कर आठ हजार लूटे

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद



**थाना मऊदरवाजा** के ठठा की मड़ैया में साड़ी की फेरी लगाने वाले के साथ बदमाशो ने मारपीट कर 8 हजार लूटे लिये। पीडित ने गांव के एक ग्रामीण को भी इस लूट में शैामिल होना बताया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के मोहल्ला अधईया साधवाड़ा निवासी आदेश सक्सेना साड़ी की साइकिल से फेरी लगाता है। वह शाम को फेरी लगा कर गांव ठठा की मड़ैया से लौट रहा था। जैसे ही वह गांव से बाहर निकला तो गांवके बाहर गांव ठठा की मड़ैया निवासी वीरे का बेटा भैयालाल ने तमंचा लगाकर उसके पास से आठ हजार रुपये लूट लिये और जान से मारने की धमकी दी।

शोर मचाने पर गांव वालो ने बचाया वह जानमाल की धमका देकर भाग गया। लोगो ने बताया कि यह गांव का ही वीरे का लडका भैयालाल है। आदेश ने परिचित ब परिवार वालो को घटना की सूचना दी। पुलिस को भी घटना की सूचना दी। पुलिस ने घटना की जानकारी देते हुए बताया खेत पर काम करने वाले ग्रामीणों ने एक बदमाश को पहिचान लिया पुलिस मामले की जांच कर रही। हल्का प्राभारी ने कहा कि जल्द की जांच कर कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

## शैलेंद्र को मिला नेशनल मैथमैटिक्स एवार्ड, लोगों ने दी बधाइयां

**पुखरायां, कानपुर देहात।** गणित विषय के प्रति लगन, निष्ठा एवं नवाचार के दृष्टिगत रहते आर मंगलम् विश्व विद्यालय एवं जीएसके फाउण्डेशन गुरूग्राम हरियाणा की ओर से विकास खंड मलासा के पूर्व माध्यमिक विद्यालय पुलंदर के शिक्षक शैलेंद्र कुमार सचान को नेशनल मैथमैटिक्स एवार्ड से सम्मानित किया गया है। उनके मिले सम्मान के बाद बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश के शिक्षकों ने उन्हें शुभकानाएं एवं बधाईयां प्रेषित की हैं।




प्रशस्ति पत्र के साथ शैलेंद्र सचान

घाटमपुर, कानपुर में स्थित महाकवि भूषण की जन्म स्थान टिकवांपुर गांव निवासी शैलेंद्र कुमार सचान की 2008 में विकास खंड मलासा, कानपुर देहात के पूर्व माध्यमिक विद्यालय पुलंदर में सहायक अध्यापक के रूप में तैनाती मिली थी। उनके प्रारम्भिक प्रयास से ही गांव में शिक्षा की अलख जग गई। शिक्षकों और समाज के सहयोग से विद्यालय के भौतिक परिवेश, छात्रांकन एवं पठन-पाठन को शीर्ष स्तर पर लाने का प्रयास किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों को राज्य स्तर पर प्रतिभाग कराया। गणितीय अवधारणाओं को सहज, सरल एवं मूर्तरूप में प्रस्तुत करने के लिए कई नवाचार किये। कोरोना काल में गणित विषय की प्रेरणा किट, लर्निंग किट का निर्माण राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद लखनऊ के निर्देशन में किया। इसी क्रम में व्यक्तिगत व्यय से विद्यालय में निपुण भारत लर्निंग किट, परफेक्ट मैथ लैब का सृजन एवं निर्माण करके प्रतिस्थापित कराया। इसके अतिरिक्त वर्गमूल, घनमूल, स्क्वायर क्यूबाइट पर शोध कार्य जारी है। उनके इन प्रयासों और गणित विषय के प्रति लगन, निष्ठा एवं नवाचार के दृष्टिगत रहते आर मंगलम् विश्व विद्यालय एवं जीएसके फाउण्डेशन गुरूग्राम हरियाणा की ओर से देश के महान् गणितज्ञ रामानुजम के जन्म दिन पर नेशनल मैथमैटिक्स एवार्ड से सम्मानित किया गया है। विश्व विद्यालय की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उत्तराखंड के उच्च शिक्षामंत्री धनसिंह रावत, वाणिज्य दूत (कोमोरोस) केएल गंजू, मेयर गुरूग्राम मधू आजाद, वाइस चांसलर डॉ. सीएल दुबे ने संयुक्त रूप उन्हें नेशनल मैथमैटिक्स एवार्ड से सम्मानित किया।

## क्विक न्यूज

### अलग अलग क्षेत्रो में दो युवको ने फांसी लगाकर जान दी

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र में अलग अलग गांवों में आज दो युवकों ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। पुलिस के मुताबिक मौदहा कस्वा निवासी श्याम करन (26) ने पड़ोसी इंद्रकुमार के घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घर के खिड़की तोड़ दरवाजा खोलकर और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने बताया कि मृतक युवक करीब पांच साल से अपने घर में न रहकर पड़ोसी इंद्रकुमार के यहां उसकी पत्नी और बेटी के साथ रहता था। इसी बात को लेकर हुए विवाद में इंद्रकुमार काफी समय से अपने गांव कम्हरिया में रह रहा है। जबकि पत्नी और बच्चे कस्बे में रह रहे हैं। मृतक के पिता किशोरी ने आरोप लगाया कि पुत्र को पड़ोसी महिला व उसकी पुत्री अपने घर में रखे थीं जो अक्सर उनसे लडाई झगड़ा करती थीं। मंगलवार को सुबह दोनों ने मिलकर उनके पुत्र को मारापीटा था उसके बाद उसने आत्महत्या की है या इन्होंने उसकी हत्या कर दी है,दूसरी घटना विवार क्षेत्र के ग्राम भरखरी निवासी शंभूदयाल (28) पुत्र लल्लू ने गृहकलह के चलते अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।शंभूदयाल का विवाद रोजाना परिवारीजनो से होता रहता था, उसने परेशान होकर आज घर में फांसी लगाकर जान दे दी। इस मामले में बिवांर थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि घटना आत्महत्या की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जांच उपरांत उचित कार्रवाई की जाएगी।

### महिला ने मारपीट की दर्ज करायी रिपोर्ट

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के गोकुलडेरा गांव निवासी महिला ने तीन लोगो के खिलाफ मारपीट व गाली गलौज मारपीट करने की रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी है। गांव की महिला लक्ष्मी देवी पत्नी विजय निषाद ने पुलिस को बताया कि बीती रात ग्यारह बजे अपने घर में थी। तभी परिवार के भूप सिंह व किशन लाल , व सुमन पत्नी भूप सिंह आए तथा मेरे द्वारा मायके से लाई गई भैंस में हिस्सा मांगने लगे । जब मैं ने मना किया तो सबने मिलकर मारपीट की जिससे मेरे चोट आई है। पति बचाने आए तो उसको भी मारपीट किया।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### बीस ओवरलोड ट्रकों का हुआ चालान

**हमीरपुर।** खनिज विभाग ने आज बीस ओवरलोड ट्रकों के खिलाफकार्यवाही कर उनसे चार लाख 29 हजार रुपये का राजस्व वसूला गया है। इनके पर रायल्टी भी नही थी। जिला खनिज अधिकारी सुभाष सिंह ने बताया कि आज मुस्करा व हमीरपुर क्षेत्र में मौरंग भरे वाहनों की जांच की गयी जिसमे ट्रक व ट्रैक्टर मिलाकर बीस वाहनों का चालान किया गया है ये वाहन ओवरलोड के साथ साथ इनके पास कोई अभिलेख नही थे।संबंधित वाहनों को पुलिस को सौप दिया गया है।इनसे चार लाख रुपये का राजस्व की वसूली की गयी है।

### पुलिस ने पैदल गस्त कर सुरक्षा का दिया भरोसा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देशन में क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया । पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओं एवं क्षेत्रीय नागरिकों से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया । पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं दो-चार पहिया वाहनों की चेकिंग भी की गयी ।

### पांच जनवरी को घोषित अवकाश निरस्त

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन अनुभाग लखनऊ द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में 28 दिसंबर 2022 के अंतर्गत गुरु गोविंद सिंह जयंती 5 जनवरी दिन गुरुवार को कार्मिक तथा प्रशिक्षण मंत्रालय भारत सरकार के वर्ष 2023 के अवकाश से संबंधित कार्यालय ज्ञाप के अनुसार अंकित न होने के कारण निरस्त कर दिया गया है । उक्त के क्रम में कार्यकारी आदेशों के अंतर्गत गुरु गोविंद सिंह जयंती 5 जनवरी दिन गुरुवार को घोषित अवकाश को एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है इस कारण उक्त तिथि को समस्त कार्यालय, शासकीय प्रतिष्ठान यथावत खुले रहेंगे तदनुसार अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

### चार वारण्टी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में वाँछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 4 वारण्टी आरोपियों को गिरफ्तार किया। उ0नि0 द्रगपाल सिंह थाना बहिलपुरवा तथा उनके हमराही आरक्षी नरसिंह राव द्वारा धारा 125 सीआरपीसी के वारण्टी आरोपी राममिलन पुत्र केदार निवासी बरौनी तीर मजरा रूकमा बुजुर्ग थाना बहिलपुरवा को गिरफ्तार किया गया । उ0नि0 परशुराम यादव थाना पहाड़ी तथा उनके हमराही आरक्षी जब्बार अहमद द्वारा वारण्टी आरोपी बालकेश पुत्र कल्लू निवासी परसौजा थाना पहाड़ी तथा आबकारी अधिनियम के वारण्टी आरोपी राजेन्द्र साहू पुत्र सरोज साहू निवासी ग्राम परसौंजा थाना पहाड़ी को गिरफ्तार किया गया । उ0नि0 जयप्रकाश मिश्र तथा उनके हमराही द्वारा आबकारी अधिनियम के वारण्टी आरोपी पिंटू कोल पुत्र देवनारायण नि0 बगरहा मजरा इटवा डुडैला थाना मारकुंडी को गिरफ्तार किया गया।

### 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना बहिलपुरवा गुलाबचन्द्र सोनकर तथा उनकी टीम द्वारा आरोपी मुन्नीलाल पुत्र रामसुहावन निवासी बड़ी बिलहरी मजरा ददरीमाफी थाना बहिलपुरवा को 20 अदद क्वार्टर देशी शराब मस्तीहू ब्राण्ड के साथ गिरफ्तार किया गया । आरोपी के विरूद्ध थाना बहिलपुरवा में धारा 60 आबकारी अधि. के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया।

### डॉ मनोज बने पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष

**चित्रकूट।** भारतीय क्षेत्रीय पत्रकार संघ के संयोजक रामपाल त्रिपाठी ने संघ की प्रदेश इकाई राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रभूषण की संस्तुति से भंग कर दी है। मंगलवार को रामपाल त्रिपाठी ने बताया कि पिछले वर्ष दो जनवरी से अनुज हनुमत का कार्यकाल था। बीते एक वर्ष में संगठन खडा करने में कोई भूमिका नहीं अदा की और न संगठनात्मक कार्यों में कोई रुचि ली। इन हालातों में प्रदेश इकाई भंग की गई है। डॉ मनोज द्विवेदी को जिलाध्यक्ष व गुरु प्रसाद को जिला संयोजक मनोनीत किया है। इनके मनोनयन से जिले में पत्रकारिता एवं साहित्य क्षेत्र में नया परिदृश्य देखने को मिलेगा।

### एसपी वृंदा शुक्ला ने सुनी फरियादियों की समस्यायें

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कार्यालय में आये हुये फरियादियों की शिकायतों को सुना और शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित प्रभारी निरीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

### छेड़छाड़ मामले में लापरवाही बरतने बाला दरोगा निलंबित

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव रानीपुर गौर निवासी पीड़ित पिता अपनी बेटी से अभद्रता के साथ छेड़छाड़ करने वाले मनचले दबंग के विरुद्ध शिकायत लेकर पुलिस के पास पहुंचा था ।पीड़ित ने अपनी पीड़ा बताते हुए लिखित तहरीर आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए पुलिस को उपलब्ध करा दी थी। लगातार 5-6 दिन तक पुलिस की मान मनोबल करता रहा पिताए लेकिन जिम्मेदार दरोगा ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया।

## डीएम की अध्यक्षता में गंगा स्वच्छता अभियान चलाया गया

**फर्रुखाबाद।** नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत जिला गंगा समिति के तत्वाधान में पतित पावनी मां गंगा के घाट पर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में स्वच्छता महाअभियान का आयोजन किया गया । वन विभाग एवं नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त संयोजन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि गंगा ना सिर्फ एक नदी है बल्कि हमारी संस्कृति, हमारी देश की पहचान भी है । मां गंगा में किसी भी तरह की पूजा की सामग्री व अन्य सामग्री नहीं डालनी चाहिए । साथ ही उन्होंने कहा कि गंगा संरक्षण हेतु अर्थ गंगा को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। जिसमें लोगों को अधिक से अधिक रोजगार दिया जा सकेगा ।

मुख्य विकास अधिकारी एम अरून्मौली ने कहा कि हम सभी को समय.समय पर मां गंगा तट पर स्वच्छता अभियान चलाएं एवं अन्य लोगों को भी इसके लिए जागरूक करें द्ययदि एक व्यक्ति 10 लोगों को जागरूक कर देगा तो निश्चित ही मां गंगा स्वच्छ एवं अविरल बनी रहेंगी । प्रभागीय निदेशक वन विभाग रामसुरेश यादव ने कहा कि मां गंगा हम सब की जीवनदायिनी है। मां गंगा को स्वच्छ बनाए रखना और गंगाजल को शुद्ध रखना हम सभी का कर्तव्य है। हम सबको मिलकर इस अभियान अपनी भागीदारी देनी चाहिए। एडीएम सुभाष प्रजापति,उप प्रभागीय वन अधिकारी, ओम प्रकाश, जिला पंचायत राज अधिकारी, उमाशंकर मिश्रा, जिला कृषि अधिकारी अनिल कुमार यादव,क्षेत्रीय वन अधिकारी, एस के श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका रविंद्र कुमार, खंड विकास अधिकारी बढपुर,सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग सहित अन्य अधिकारी गणों की उपस्थिति रही।

## सम्मेद शिखर को पर्यटक स्थल घोषित करने का विरोध कर भाकियू सौंपा ज्ञापन



**कायमगंज फर्रुखाबाद।** राष्ट्रपति एवं झारखंड प्रांत के मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन भारतीय किसान यूनियन ;किसान सरकार ने उप जिलाधिकारी कायमगंज संजय सिंह को सौंपा। जिसमें कहा गया है कि जैन समाज के धार्मिक स्थल को झारखंड सरकार कमाई का जरिया बना रही है। जो देश के लिए बहुत ही शर्मनाक है ।उनका कहना है कि झारखंड सरकार देश के भाईचारे की एकता में दरार डालने का काम कर रही है। क्योंकि पर्यटक स्थल घोषित किए जाने वाला सम्मेद शिखर मंदिर जैन समाज की पावन तपोभूमि है । ना की पिकनिक स्पॉट। इस स्थल की पावनता को देखते हुए जैन समाज की धार्मिक भावनाओं को चोट ना पहुंचाई जाए। भाकियू नेताओं ने आदेश को तुरंत वापस लेने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि जितनी जल्दी हो सके सरकार इस फैसले को बदलकर रद्द कर दे। भाकियू नेताओं ने एक अन्य पत्र सौंपकर स्थानीय समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि तहसील क्षेत्र के गांव कुआं खेड़ा वजीर आलम खाँ में खाता संख्या 1426 में गाटा संख्या 6741 रकबा 0.130 हे0, जोकि अभिलेखों में दर्ज है। इस रकवे के कुछ भाग को यहीं के निवासी मुस्तकीम पुत्र रफीक खान अपने खेत में मिला लिया है। उस अवैध कब्जे वाले भाग को 15 दिन के अंदर कब्जा मुक्त करा दिया जाए । यदि ऐसा नहीं किया गयाए तो उनका संगठन धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होगा।

## पति की मृत्यु के गम में पत्नी ने दी जान

**चित्रकूट।** जिले में भीषण ठंड के चलते पहले पति की मृत्यु होने के सात दिनों बाद पति वियोग में पत्नी ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। पांच बच्चों के सिर से माता-पिता का साया उठ गया। मंगलवार को कोतवाली कर्वी के कपसेठी गांव के विकासनगर मोहल्ले का जागेश्वर रामघाट स्थित एक होटल में बर्तन धोने का काम करता था। 26 दिसम्बर को होटल से काम करने के बाद देर रात घर पहुंचा तो ठंड ने उसे अपने आगोश में ले लिया। इलाज को अस्पताल ले जाते समय उसकी मृत्यु हो गई। परिजनों ने जागेश्वर का बिना पोस्टमार्टम के अंतिम संस्कार कर दिया। सात दिन बाद उसकी पत्नी गौरा देवी ने पति की मृत्यु से दुखी होकर जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। मृतक जागेश्वर व पत्नी गौरा के पांच बच्चे है। दो की शादी हो गई है। दो बेटियां और एक बेटा अविवाहित है। माता-पिता की मृत्यु से बच्चों में दुख का पहाड टूट पडा है। एसडीएम राजबहादुर ने बताया कि मृतक जागेश्वर की ठंड से मृत्यु की सूचना प्रशासन को नहीं दी गई और न पोस्टमार्टम कराया गया। इससे ठंड लगने की पुष्टि नहीं हो सकी। पत्नी की आत्महत्या की सूचना मिल रही है। मामले की जांच की जा रही है। परिवार की आर्थिक दशा देखते हुए जो सम्भव होगा सरकारी मदद की जायेगी।

## धूमधाम से मनाई सावित्रीबाई फुले की 192वीं जयंती

**चित्रकूट।** कान्हा उपवन में भारत की पहली महिला शिक्षिका क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फूले की 192वी जयंती मुख्य अतिथि राजेश सिंह, उपनिबंधक, विशिष्ट अतिथि डॉ महेन्द्र कुमार उपाध्याय, विभागाध्यक्ष, इतिहास विभाग, राम सिंह, पूर्व अपर जिलाधिकारी, डॉ अमित सिंह, प्रवक्ता, तुलसीदास राजकीय महाविद्यालय, डॉ संग्राम सिंह के विशिष्ट आतिथ्य में जयंती समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राजेश सिंह ने कहा कि सावित्रीबाई फुले नारी शिक्षा जागृति की संवाहक थी।डॉ महेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि सावित्रीबाई कवि, लेखिका, समाज सुधारक थी। रामसिंह ने कहा कि जन्मदिन को बालिका शिक्षा के रुप में मनाना चाहिए। डॉ अमित ने कहा कि फुले दम्पति का शिक्षा में विशेष योगदान है। डॉ संग्राम सिंह ने कहा कि शिक्षा से ही व्यक्ति का सर्वांगीण विकास संभव है। संगीता सिंह चंदेल, गीता देवी, नगीना ,शौरभ, कृष्णकांत, अवनीश, दिनेश, शैलेन्द्र, जितेन्द्र सिंह, मोसीन अली, धीरे न्द्र सिंह सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

## शटर तोड़कर चोरों ने नगदी सहित दुकान का सामान किया पार

**पहाड़ी( चित्रकूट )।** ठंड व कोहरा आते ही होने लगी चोरी, मुख्यालय पहाड़ी में चोरों के हौसले बुलंद, पहाड़ी में किराना दुकानदार की दुकान पर चोरों ने शटर तोड़कर नगदी सहित दुकान के सामान पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित व्यापारी बलराम साहू ने बताया कि रोज की भांति शाम को दुकान बंद करके अपने दूसरे मकान परिवार सहित चला गया था। सुबह आकर देखा तो शटर टूटी हुई थी। लिखित तहरीर देकर घटना की सूचना पहाड़ी पुलिस को दी गई। बीती रात पहाड़ी कस्बा स्थित बिसंडा रोड में मनोज किराना स्टोर के मालिक बलराम साहू की दुकान पर चोरों ने शटर तोड़कर नगदी सहित सामान पार किया है। सीसीटीवी फुटेज में 5 चोर दुकान पर आकर घर में लगे बल्ली के माध्यम से सटर को तोड़ते हुए अन्दर घुस कर दुकान की सामग्री एवं नगदी को लेकर भगते नजर आते हैं। पीड़ित ने थानाध्यक्ष पहाड़ी को प्रार्थना पत्र देकर चोरी के खुलासे की मांग करते हुए कहा कि भीड़भाड़ वाले इलाका पर चोरों ने दुकान में चोरी का अंजाम दिया है। सबसे बड़ी बात यह है कि पहाड़ी कस्बा में रात्रि गश्त होने के बाद भी आखिर चोर लगभग आधे घंटे से अधिक समय तक शटर को तोड़ते हुए अन्दर जाकर आराम से दुकान के सामान एवं नगदी लेकर फरार हो गए। यह सीसीटीवी फुटेज में दिखा। अब देखना है कि व्यापारी के दुकान में हुए चोरी का खुलासा पुलिस कब तक करेगी। फिर हाल भीड़भाड़ वाले कस्बा पहाड़ी में चोरी होने से तमाम तरह की चर्चाओं का माहौल बना हुआ है। थानाध्यक्ष राम सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक राहुल पांडेय सहित पुलिसकर्मी पहुंचकर जांच पड़ताल किया सीसीटीवी फुटेज भी देखा। वही जब इस सम्बन्ध मे प्रभारी निरीक्षक राम सिंह से बात हुई तो उन्होंने बताया कि सम्बन्धित घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों दी गई है।

## बलवंत की पत्नी को सरकार केडीएम में देगी नौकरी

**कानपुर देहात।** पुलिस की पिटाई से काल के गाल समां गए बलवन्त सिंह की पत्नी शालिनी सिंह को राज्य सरकार केडीए में नौकरी देगी। यह बात मुख्यमन्त्री योगी आदित्य नाथ ने सांसद देवेन्द्र सिंह भोले के साथ मिलने गए बलवंत सिंह के परिजनों से कही। सोमवार को मृतक की पत्नी शालिनी सिंह ने मुख्यमन्त्री से भेंट की थी। वरिष्ठ अधिवक्ता जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान से जनपद न्यायालय में विधिक राय लेने आये बलवन्त सिंह हत्या मामले के वादी अंगद सिंह ने पत्रकार वार्ता में उपरोक्त जानकारी दी। 2 जनवरी सोमवार को क्षेत्रीय सांसद देवेन्द्र सिंह भोले के सहयोग से उनके नेतृत्व में वह मृतक बलवन्त सिंह की पत्नी शालिनी सिंह भाई उदयभान सिंह, बलबीर सिंह, भतीजा कीर्तिभान सिंह, पूर्व प्रधान सुरेन्द्र सिंह, बलवन्त के बहनोई धीरेन्द्र सिंह व बलवन्त सिंह की माता ममता सिंह व दोनों पुत्र सहित मुख्यमन्त्री से उनके कार्यालय में मिले थे। जिन्होंने परिजनों से लगभग पौने घण्टे विस्तृत समस्याओं को सुना और



पत्रकारों से बातचीत करते वादी अंगद सिंह

सुनने के बाद शालिनी सिंह को केडीए में नौकरी, परिजनों को सुरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेन्स दिए जाने के साथ ही आश्वासन देते हुए कहाकि वह मामले पर स्वयम निगाह बनाये हुए हैं। कोई दोसी बक्सा नहीं जाएगा और जाँच रिपोर्ट आते ही दोषियों को नौकरी से बर्खास्त किया जायेगा। एसडीएम मैथा द्वारा कृषि भूमि का पट्टा करने में की गई अनियमितता की शिकायत पर एसडीएम मैथा के विरुद्ध कारवाही की बात भी मुख्यमंत्री ने परिजनों से कही। बताते चलें कि वादी अंगद सिंह ने तत्कालीन रनियां थाना प्रभारी, शिवली थाना प्रभारी, एसओजी प्रभारी, चौकी इंचार्ज मैथा सहित ग्यारह पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों के विरुद्ध थाना रनियां में ग्राम सरैयां लालपुर शिवराजपुर निवासी अपने भतीजे बलवन्त सिंह की दिनांक गत वर्ष 12 दिसम्बर को उपरोक्त लोगों द्वारा निर्ममता पूर्वक पीट पीट कर हत्या करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा पंजीकृत कराया था। मृतक बलवन्त सिंह के शरीर पर करीब 32 चोटें पोष्टमार्टम रिपोर्ट में पाई गई थीं।

# यूरोप ने भारत के मुकाबले रूस से छह गुना अधिक तेल आयात किया: जयशंकर

**भाषा।** वियना

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने पश्चिमी शक्तियों के असंतोष के बावजूद रूस से कच्चे तेल का आयात करने के भारत के कदम का बचाव करते हुए कहा कि यूरोप ने फरवरी 2022 से भारत की तुलना में रूस से जीवाश्म ईंधन का छह गुना अधिक आयात किया है।

दो देशों की अपनी यात्रा के दूसरे चरण में साइप्रस से यहां पहुंचे जयशंकर ने यह भी कहा कि यूरोपीय राजनीतिक नेतृत्व अपनी आबादी पर रूस-यूक्रेन संघर्ष के प्रभाव को कम करना चाहेगा, और यह एक विशेषाधिकार है जिसे उन्हें अन्य राजनीतिक नेतृत्व तक भी विस्तारित करना चाहिए।

जयशंकर ने सोमवार को ऑस्ट्रिया के राष्ट्रीय प्रसारक ओआरएफ को दिए एक साक्षात्कार के दौरान यह बात कही।

उन्होंने कहा, "यूरोप अपने आयात को आरामदायक तरीके से कम करने में कामयाब रहा है। अगर 60,000 यूरो (प्रति व्यक्ति आय) पर, आप अपनी जनसंख्या के बारे में इतनी परवाह कर रहे हैं, तो मेरे यहां 2,000 अमेरिकी डॉलर की आय वाली आबादी है। मुझे भी ऊर्जा की आवश्यकता है, और मैं इस स्थिति में नहीं हूँ कि मैं तेल के लिए ऊँची कीमत चुका सकूँ।"

जयशंकर ने यह भी कहा कि फरवरी 2022 से यूरोप ने भारत की तुलना में रूस से छह गुना अधिक ऊर्जा का आयात किया है।

उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, अगर यह सिद्धांत की बात थी तो यूरोप ने 25 फरवरी को मॉस्को से बिजली क्यों नहीं बंद की।

रूसी तेल के लिए भारत की चाहत तब से बढ़ गई है जब से मॉस्को ने इस



पर छूट पर देनी शुरू की है क्योंकि पश्चिम ने यूक्रेन पर हमले के चलते रूस को दंडित करने के लिए उसके तेल का त्याग किया है।

उल्लेखनीय है कि रूस ने 24 फरवरी 2022 को यूक्रेन पर हमला शुरू कर दिया था और तब से पश्चिमी देश उसे दंडित करने के लिए देशों से रूसी तेल का त्याग करने के लिए कहते रहे हैं।

भारत सरकार रूस के साथ अपने तेल व्यापार का यह कहते हुए पुरजोर बचाव करती रही है कि वह तेल वहीं से लेगी जहां यह सबसे सस्ता होगा।

ऊर्जा परिवहन पर नजर रखने वाले वोर्टेक्सा मंच के आंकड़ों के अनुसार, रूस लगातार दूसरे महीने नवंबर में भारत का शीर्ष तेल आपूर्तिकर्ता बना रहा और इसमें पारंपरिक विक्रेता इराक तथा सऊदी अरब पीछे छूट गए।

भारत द्वारा 31 मार्च, 2022 तक आयात किए गए तेल में रूसी तेल की भगीदारी सिर्फ 0.2 प्रतिशत थी, लेकिन नवंबर में रूस ने भारत को प्रति दिन 9,09,403 बैरल कच्चे तेल की आपूर्ति की।

जयशंकर ने कहा कि यूरोपीय कार्वाई वैश्विक तेल बाजारों पर दबाव डाल रही है।

रूस-यूक्रेन संघर्ष पर जयशंकर ने भारत की स्थिति को दोहराया और कहा कि नई दिल्ली शांति के पक्ष में है तथा भारत की कोशिश यही रही है कि मॉस्को और कीव संवाद एवं कूटनीति की मेज पर लौटें क्योंकि मतभेदों को हिंसा से नहीं सुलझाया जा सकता।

विदेश मंत्री ने कहा, "अंतरराष्ट्रीय संबंधों में, आपके पास जटिल परिस्थितियां हैं। संबंधित देशों को अपने मुद्दों को शांति और कूटनीति के माध्यम से हल करना चाहिए।"

गौरतलब है कि रूस-यूक्रेन संघर्ष का वैश्विक ऊर्जा प्रणाली पर दूरगामी प्रभाव पड़ा है। इससे आपूर्ति और मांग के तंत्र तथा दीर्घकालिक व्यापारिक संबंधों में व्यवधान उत्पन्न हुआ है। दुनिया भर में ऊर्जा की कीमतों में वृद्धि हुई है जिससे कई घरों, उद्योगों और संपूर्ण अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान पहुंचा है।

## ...और भी कड़े शब्दों का इस्तेमाल कर सकता था

**भाषा।** वियना

**सीमापार** आतंकवाद को बढ़ावा देने में भूमिका के मद्देनजर पाकिस्तान को आतंक का केंद्र करार देने संबंधी अपनी टिप्पणी पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि वह इससे भी कड़े शब्दों का इस्तेमाल कर सकते थे। उन्होंने साथ ही कहा कि दुनिया को आतंकवाद को लेकर चिंतित होने की जरूरत है।

पाकिस्तान को अक्सर आतंकवाद का केंद्र बताने वाले जयशंकर ने आस्ट्रिया के राष्ट्रीय प्रसारक ओआरएफ को साक्षात्कार के दौरान इसकी (आतंकवाद) निंदा नहीं करने को लेकर यूरोपीय देशों की आलोचना की जो दशकों से जारी है। जयशंकर ने कहा कि आप एक राजनयिक हैं, इसका अर्थ यह नहीं है कि आप बातों को घुमा फिरा कर कहें। उन्होंने कहा, मैं केंद्र से अधिक कड़े शब्दों का उपयोग कर सकता था। इसलिए विश्वास करें कि जो कुछ हमारे साथ घट रहा है, उसको देखते हुए केंद्र अधिक राजनयिक शब्द है। विदेश मंत्री ने पाकिस्तान के लिए आतंकवाद का केंद्र शब्द के उपयोग पर पूछे गए सवाल के जवाब में यह बात कही।

उन्होंने पाकिस्तान के संदर्भ में कहा, यह एक ऐसा देश है जिसने कुछ वर्ष पहले भारत की संसद पर हमला किया, जिसने मुम्बई शहर पर हमला किया, जो होटलों और विदेशी पर्यटकों तक गया और जो प्रतिदिन सीमापार से आतंकवादियों को भेजता है।

जयशंकर ने कहा, अगर दिन दहाड़े शहरों में आतंकी अड्डे चल रहे हों, भर्तियां एवं वित्त पोषण हो रहा हो...तब वास्तव में आप बताएं कि क्या पाकिस्तान की सरकार को इसकी जानकारी नहीं होगी कि क्या हो रहा है ? खासतौर पर तब जब सैन्य स्तर का प्रशिक्षण दिया जा रहा हो। उन्होंने कहा, इसलिए जब हम फैसले और सिद्धांतों की बात करते हैं, तो यूरोप इसकी कड़ी आलोचना क्यों नहीं करता, जो दशकों से चल रहा है।

# रूस हमलों में तेजी लाने की तैयारी कर रहा : जेलेंस्की

**भाषा।** कीव

**यूक्रेन** के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि ईरान निर्मित हमलावर ड्रोन का इस्तेमाल कर रूस उनके देश पर हमलों में तेजी लाने की तैयारी कर रहा है।

उन्होंने कहा कि रूस, अपने राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन की युद्ध नीति को रणक्षेत्र में झटका लगने के कुछ महीनों बाद कीव पर दबाव बनाने के नए तरीके ढूंढ रहा है।

जेलेंस्की ने सोमवार रात अपने वीडियो संबोधन में कहा, हमारे पास यह सूचना है कि रूस शाहिद (विस्फोट करने वाले ड्रोन) से हमला करने की योजना बना रहा है।

उन्होंने कहा कि यूक्रेन पर रूसी हमला शुरू होने के 10 महीने बाद, उनका (रूस का) लक्ष्य हमारे लोगों, हमारी वायु रक्षा, हमारी ऊर्जा को खत्म करना है।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मास्को के त्रुटिपूर्ण युद्ध प्रयासों को सही साबित करने के तरीके ढूंढ रहे हैं, जिन्हें हाल के महीनों में यूक्रेन के पलटवार से नुकसान पहुंचा है। यूक्रेन को पश्चिमी देश हथियारों की आपूर्ति कर रहे हैं।

क्रेमलिन को एक और नया झटका देते हुए यूक्रेनी सेना ने पूर्वी दोनेत्स्क क्षेत्र में एक स्थान पर रॉकेट दागे हैं, जहां रूसी सैनिकों को रखा गया था। इस हमले में 63 रूसी सैनिक मारे गए। युद्ध शुरू होने के बाद से रूसी सैनिकों पर किए गए यह सबसे घातक हमलों में से एक है।

ईरान निर्मित हमलावर ड्रोन सैनिकों और आम लोगों के बीच दहशत फैला देता है।

थिंक टैंक द इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ वार ने सोमवार को कहा कि पुतिन अपनी रणनीति के लिए रूस में समर्थन जुटाने की कोशिश कर रहे हैं।

इसने कहा, यूक्रेन के खिलाफ रूस के हवाई हमले रूसी राष्ट्रवादियों को इच्छित परिणाम नहीं दे रहे हैं।

## पाकिस्तान ने बिजली बचाने के लिए बाजारों को जल्दी बंद करने की घोषणा की

**भाषा।** इस्लामाबाद

**नकदी** संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने मंगलवार को ऊर्जा संरक्षण योजना के तहत विभिन्न उपायों की घोषणा की, जिनमें बाजारों और मैरिज हॉल को जल्दी बंद किया जाना शामिल है।

सरकार अर्थव्यवस्था में नई जान फूंकने के प्रयास कर रही है। कैबिनेट ने ऊर्जा बचाने और आयातित तेल पर निर्भरता कम करने के लिए राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण योजना को मंजूरी दी। रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कैबिनेट की बैठक के बाद मीडिया को बताया कि कि बाजार रात 8.30 बजे बंद हो जाएंगे, जबकि मैरिज हॉल 10.00 बजे बंद हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि इससे 60 अरब रुपए बच सकेंगे।

उन्होंने विभिन्न उपायों की घोषणा करते हुए कहा कि एक फरवरी से पारंपरिक बल्बों का उत्पादन बंद कर दिया जाएगा, वहीं अधिक बिजली की खपत करने वाले पंखों का उत्पादन जुलाई से बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन उपायों से 22 अरब रुपए बचाने में मदद मिलेगी।

आसिफ ने कहा कि इस योजना के तहत सभी सरकारी भवनों और कार्यालयों में भी बिजली के उपयोग को कम किया जाएगा और घर से काम करने की नीति भी 10 दिनों में तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा, "कैबिनेट की बैठक में आज कोई रोशनी नहीं की गई थी। यह बैठक खिली धूप में आयोजित की गई थी।" उन्होंने कहा कि यह देश के अनुसरण के लिए एक उदाहरण है।

आसिफ ने बताया कि कैबिनेट ने सरकारी विभागों द्वारा खपत की जाने वाली बिजली में 30 प्रतिशत बचत करने की योजना बनाई है, जिससे 62 अरब रुपए की बचत होगी। उन्होंने कहा कि ईंधन के आयात में कटौती के लिए इस साल के अंत तक इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल पेश की जाएंगी।

उन्होंने कहा, "बिजली बचाने की योजना तुरंत लागू हो गई है और कैबिनेट इस पर नजर रखेगी।

# पाकिस्तान ने आतंकवाद बर्दाश्त नहीं करने का संकल्प लिया


**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के शीर्ष असैन्य-सैन्य नेतृत्व ने सोमवार को देश में आतंकवाद के प्रति कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाने का संकल्प लिया और हिंसा का सहारा लेने वाले किसी भी और हर तरह के संगठनों से निपटने के अपने दृढ़ संकल्प को दोहराया।

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शुक्रवार को हुई राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (एनएससी) की 40वीं बैठक के पहले दौर के बाद दूसरे दौर की अध्यक्षता की। बैठक में सभी सेना प्रमुखों, प्रमुख कैबिनेट मंत्रियों, खुफिया एजेंसियों के प्रमुखों और अन्य उच्च अधिकारियों ने भाग लिया। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, समिति को हाल की सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी दी गई, जिसमें देश, विशेष रूप से खैबर-पख्तूनख्वा और बलोचिस्तान प्रांतों में आतंकवादी हमलों में वृद्धि की सूचना शामिल है।

# चुनाव के लिए अभियान शुरू करे पार्टी : नवाज शरीफ

**भाषा।** लाहौर



**सत्तारूढ़** पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के प्रमुख और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने अपनी पार्टी के नेताओं को आगामी आम चुनाव के लिए लोगों को लामबंद करने का अभियान शुरू करने का निर्देश दिया है। द न्यूज इंटरनेशनल समाचार पत्र ने मंगलवार को कहा कि 73 वर्षीय नेता ने सत्तारूढ़ पार्टी के सदस्यों से चुनाव की तैयारी शुरू करने और जनता के बीच जाकर इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी और इसके सहयोगी दलों से मुकाबला करने को कहा है।

नवाज को नवंबर 2019 में लाहौर उच्च न्यायालय ने इलाज के लिए विदेश जाने की चार सप्ताह की अनुमति दी थी जिसके बाद वह लंदन गए और वहां से पाकिस्तान नहीं लौटे। पाकिस्तान में उन्हें भ्रष्टाचार का दोषी ठहराया गया था और जेल भेजा गया था। उनकी पार्टी ने पिछले महीने घोषणा की थी कि उसने अपने "स्व-निर्वासित" प्रमुख की वापसी की तैयारी शुरू कर दी है।

पार्टी सूत्रों के हवाले से अखबार ने कहा कि नवाज ने अपनी पार्टी के नेताओं के साथ ऑनलाइन बैठकों में पंजाब में विश्वासमत से पहले अपनी राजनीतिक गतिविधियां तेज करने का निर्देश दिया। उनके छोटे भाई और प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ को विपक्षी दल को पंजाब विधानसभा को भंग करने से रोकने के लिए एक समाधान खोजने के लिए सहयोगियों के साथ जुड़ने के लिए कहा गया। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि अगर प्रधानमंत्री शहबाज के नेतृत्व वाली संघीय सरकार वार्ता के लिए नहीं बैठी और आम चुनाव की तारीखों की घोषणा नहीं की तो वह पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों में विधानसभाओं को भंग कर देंगे। कई दलों के गठबंधन वाली संघीय सरकार अभी चुनाव कराने का विरोध कर रही है। वर्तमान नेशनल असेंबली का कार्यकाल अगस्त 2023 में समाप्त होगा। पीएमएल-एन पार्टी से संबंधित पंजाब के राज्यपाल ने खान को पंजाब विधानसभा को भंग करने से रोकने के लिए कदम उठाए हैं।

## इमरान पर चार जगहों से हुई गोलीबारी, तीन और हमलावर शामिल

**भाषा।** लाहौर

**पाकिस्तान** के अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान पर हुए हमले की जांच कर रहे संयुक्त जांच दल (जेआईटी) ने कहा है कि गोलीबारी चार अलग-अलग जगहों से की गई थी तथा इसमें गिरफ्तार किए गए संदिग्ध के अलावा हमले में तीन और हमलावर शामिल थे।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के अध्यक्ष खान को तीन नवंबर को दाएं पैर में तब गोली लगी थी, जब दो बंदूकधारियों ने लाहौर से करीब 150 किमी दूर वजीराबाद इलाके में उनके कंटेनर ट्रक पर गोलियों की बौछार कर दी थी। खान उस समय मध्यावधि चुनाव के लिए दबाव बनाने के वास्ते लॉंग मार्च का नेतृत्व कर रहे थे। डॉन अखबार ने मंगलवार को जेआईटी के एक सदस्य के हवाले से कहा, "मौके से गिरफ्तार किए गए संदिग्ध नवीद मेहर द्वारा की गई गोलीबारी के अलावा, तीन अज्ञात हमलावरों ने भी काफी ऊंचाई से गोलीबारी की थी।" लाहौर के पुलिस प्रमुख गुलाम महमूद डोगर के नेतृत्व वाली जेआईटी ने कहा कि विरोध रैली के दौरान कंटेनर ट्रक पर खड़े खान को तीन गोलियां लगीं। हमले के दौरान कुल 13 लोगों को गोली लगी थी। जेआईटी ने पीटीआई की रैली में सुरक्षा व्यवस्था में "कुछ कुप्रबंधन" का भी संकेत दिया। इससे पहले, पंजाब के गृह मंत्री उमर सरफराज चीमा ने कहा था कि खान पर हमला एक "सोची-समझी साजिश" का हिस्सा था। इस बीच, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के विशेष सहायक अताउल्लाह तरार ने मंगलवार को खान पर हमले के सिलसिले में पीएमएल-एन के दो कार्यकर्ताओं-मुदस्सर और अहसान की अवैध हिरासत को चुनौती देते हुए लाहौर उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। तरार ने अदालत के बाहर पत्रकारों से कहा कि जेआईटी ने पीएमएल-एन के दो कार्यकर्ताओं को अवैध रूप से हिरासत में लिया है।

## बुर्किना फासो ने फ्रांस के राजदूत को निष्कासित किया

**एपी।** डकार (सेनेगल)

**बुर्किना** फासो के सैन्य शासन ने फ्रांस के राजदूत को निष्कासित कर दिया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस पश्चिमी अफ्रीकी देश में फ्रांस विरोधी भावनाएं बढ़ रही हैं और देश का झुकाव रूस से मजबूत संबंध बनाने की ओर है। सरकार के प्रवक्ता ज्यां इमैनुएल ओउद्राओगो ने पुष्टि की कि फ्रांस के राजदूत ल्यूस हैलादे को देश से जाने के लिए कहा गया है। प्रवक्ता ने इस संबंध में और कोई जानकारी नहीं दी। वहीं फ्रांस के दूतावास ने इस संबंध में कुछ भी बताने से इनकार किया।


हैलादे के निष्कासन से करीब दो सप्ताह पहले संयुक्त राष्ट्र के मानवीय अभियानों की समन्वयक बारबरा मेंजी को भी देश से जाने के आदेश दिए गए थे। गौरतलब है कि देश अलकायदा और इस्लामिक स्टेट की आतंकी गतिविधियों की गिरफ्त में है और इनसे जुड़ी हिंसा में हजारों की संख्या में लोग मारे जा चुके हैं तथा कम से कम 20 लाख लोग विस्थापित हुए है। वर्तमान सैन्य शासन ने पिछले वर्ष तत्कालीन सरकार का तख्तापलट किया था और दावा किया था वह हिंसा रोकने में नाकाम रही है।

# चीन ने पाबंदियां लगाने वाले देशों के चेताया

**भाषा।** बीजिंग

**कोविड-19** मामलों में वृद्धि के मद्देनजर भारत समेत विभिन्न देशों द्वारा चीनी यात्रियों पर पाबंदी लगाए जाने से नाराज चीन ने मंगलवार को कहा कि ए प्रतिबंध भेदभावपूर्ण हैं। साथ ही उसने जवाबी कदम उठाने की चेतावनी दी।

अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, भारत, इजराइल, मलेशिया, मोरक्को, कतर, दक्षिण कोरिया, ताइवान, जापान और यूरोपीय संघ के कई देशों ने अपने विमानों में सवार होने से पहले चीनी यात्रियों को कोविड-19 जांच रिपोर्ट दिखाने का निर्देश दिया है। जबकि बड़ी संख्या में चीनी पर्यटकों यात्रियों को आकर्षित करने वाले देश मोरक्को ने भी चीनी यात्रियों के देश में प्रवेश पर भी प्रतिबंध लगा दिया है।



विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने मंगलवार को दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमारा मानना है कि चीन को निशाना बनाकर कुछ देशों द्वारा लगाईं गईं पाबंदियों का वैज्ञानिक आधार नहीं है।

उन्होंने कहा, इनमें से कुछ उपाय अनुपातहीन हैं और बिल्कुल अस्वीकार्य हैं। हम राजनीतिक उद्देश्यों के लिए कोविड पाबंदिया लगाए जाने को दृढ़ता से अस्वीकार करते हैं और पारस्परिकता के सिद्धांत के माध्यम से इसी तरह के कदम उठाएंगे।

निंग ने कहा, कई देशों के स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा है कि फिलहाल चीन में फैलने वाला मुख्य स्वरूप पहले कहीं और पाया गया था, और ग्रह पर कहीं भी एक नया स्वरूप उभर सकता है, जिसका अर्थ है कि चीन को निशाना बनाकर प्रतिबंध लगाना अनावश्यक है।

उन्होंने कहा, चीन का हमेशा से मानना है कि सभी देशों के कोविड रोकथाम उपाय विज्ञान-आधारित और आनुपातिक होने चाहिए। उनका उपयोग राजनीतिक उद्देश्यों के लिए नहीं किया जाना चाहिए। कुछ देशों के खिलाफ भेदभावपूर्ण कदम नहीं उठाए जाने चाहिए। और इन कदमों से सामान्य यात्री और लोग प्रभावित नहीं होने चाहिए।

# बच्चे क्यों छोड़ना चाहते हैं खेल-कूद, अभिभावकों को ऐसे में क्या करना चाहिए ?

**द कन्वरसेशन।** ब्रिसबेन

**नए** साल में अक्सर बच्चों के खेल का नया सीजन शुरू होता है।

ऐसे में कई परिवार इस बात को लेकर असमंजस में होते हैं कि अपने बच्चों को नए सीजन में हिस्सा लेने दें या फिर उनका खेलना छुड़ा दें। मेरे पति और मैंने पिछले साल इस दुविधा का सामना किया था जब हमारा नौ साल का बच्चा निपर्स खेल छोड़ना चाहता था। इस दौरान हमने बहुत भावुक महसूस किया।

सामूहिक खेलों के लाभ से संबंधित विभिन्न शोध पर गौर करने के बाद अभिभावकों के लिए यह समझना आसान हो जाता है कि उनके बच्चे को खेल-कूद कब छोड़नी चाहिए।

ऐसे में आइए अध्ययन के माध्यम से जानते हैं कि बच्चे खेल-कूद क्यों छोड़ना चाहते हैं और इस परिस्थिति में अभिभावकों को क्या करना चाहिए? प्राथमिक स्कूली शिक्षा खत्म होने के दौरान सामूहिक खेलों में बच्चों की भागीदारी की दर चरम पर होती है और किशोरावस्था में पहुंचने पर इसमें महत्वपूर्ण गिरावट आती है।

किशोरावस्था के दौरान खेल छोड़ने का एक कारण बहुत सारे खेलों के बजाय किसी एक खेल पर ध्यान केंद्रित करना या फिर दूसरी



गतिविधियां (जैसे स्कूली कार्य, कामकाज या समाज से जुड़ना) होती हैं।

बच्चों के खेल छोड़ने के फैसले को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों में से एक, दूसरे लोगों (माता-पिता, कोच और साथियों) का दबाव होता है। वयस्कों की अपेक्षाएं, व्यवहार और दृष्टिकोण अनायास ही उनके खेल के अनुभवों को खराब कर सकते हैं।

यह दबाव कई रूपों में आ सकता है, जिसमें गैर-वास्तविक उच्च अपेक्षाएं, जीतने पर ध्यान केंद्रित करना, मैच के बाद तीखी बहस और आलोचनात्मक टिप्पणियां शामिल हैं।

वयस्कों पर ए कथित दबाव उन मुख्य कारणों में शामिल है, जिनके चलते बच्चे खेल छोड़ देते हैं। इस दबाव के चलते उन्हें खेल में मजा नहीं आता और वे ऊब जाते हैं। या फिर वे यह महसूस करने लगते हैं कि वे अच्छा नहीं खेलते।

**बच्चों के लिए खेलकूद के क्या फायदे हैं?**

जब आपका बच्चा कहता है कि वह अपने खेल को छोड़ना चाहता है, तो इस पर चिंतन करें और जानें कि क्या वजह है। हो सके तो बच्चे के साथ भी इस पर चर्चा करें।

सामूहिक खेल युवाओं में स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा देने के साथ-साथ कौशल विकास व दक्षताओं का निर्माण करते हैं। इन खेलों से बच्चों में टीमवर्क, लचीलेपन, हताशा और निराशा से निपटने, समस्याओं को हल करने व लक्ष्य निर्धारित करने जैसे गुण पैदा होते हैं।

खेल बच्चों और उनके परिवारों के लिए सामाजिक जुड़ाव को भी बढ़ावा दे सकते हैं। यह अपनेपन और सामाजिक पहचान की भावना में योगदान देते हैं। खेलों के जरिए पैदा होने वाला सामाजिक जुड़ाव बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बना सकता है। साथ ही ए सामाजिक जुड़ाव चिंता और अवसाद जैसी समस्याओं से बचने में भी उनकी मदद कर सकता है। ऑस्ट्रेलिया में किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि जो बच्चे आठ से दस साल की उम्र में खेल छोड़ देते हैं, उनके खेल खेलते रहने वालों की तुलना में सामाजिक और भावनात्मक समस्याओं से ग्रस्त होने का अधिक खतरा होता है।

**जब बच्चा छोड़ना चाहता हो तो माता-पिता क्या कर सकते हैं?**

इस सवाल का कोई आसान उत्तर नहीं है। इसका जवाब बच्चे और उनकी स्थिति के संबंधित विशिष्ट कारकों पर निर्भर करता है।

ऐसे में बच्चों से पूछें कि उन्हें खेल के बारे में क्या पसंद नहीं है। क्या किसी खेल के अनुसार ढलने के लिए उन्हें अपने आप में बदलाव की आवश्यकता महसूस हो रही है? क्या टीम बदलने या किसी डिवीजन को छोड़ने से कोई फर्क पड़ सकता है?

इन सवालों का जवाब ढूंढने के लिए आप फिर से खेल के बारे में अध्ययन करके एक महीने के बाद कोई फैसला ले सकते हैं।

इस तरह खेल के नफे-नुकसान का गहन अध्ययन करने के बाद आप यह तय कर सकते हैं कि बच्चे को खेलकूद में हिस्सा लेते रहना है या फिर उसे यह छोड़ देना चाहिए। कुल मिलाकर अध्ययन में यह बात सामने आई है कि बच्चों का खेलकूद छुड़ाते समय जल्दबाजी न करके ठंडे दिमाग से कोई फैसला लेना चाहिए।

## पीएम नेतन्याहू की भारतीय मूल की मित्र को प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार

**भाषा।** यरुशलम

**इस** साल के लिए घोषित प्रतिष्ठित प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार (पीबीएसए) के 21 प्राप्तकर्ताओं में एक विख्यात शेफ, रेस्तरां मालिक, उद्यमी और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा की करीबी दोस्त रीना विनोद पुष्कर्णा भी शामिल हैं।

प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के दौरान प्रवासी भारतीयों को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। यह सम्मेलन आठ से 10 जनवरी के बीच मध्यप्रदेश के इंदौर में आयोजित होगा। पुरस्कारों की घोषणा सोमवार को की गई थी। रीना भारत-इज़राइल व्यापार और सांस्कृतिक क्षेत्र में एक प्रमुख हस्ती हैं। वह उस प्रभावशाली टीम का हिस्सा थीं, जिसने 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इजराइल दौरे पर व्यंजन तैयार किए थे।

एक भारतीय सेना अधिकारी पिता और एक इराकी-यहूदी माँ के घर 1958 में जन्मी, रीना 1983 में पति विनोद के साथ इजराइल चली गईं, जब भारत और इज़राइल के बीच पूर्ण राजनयिक संबंध नहीं थे।

रीना ने कहा, मुझे अपनी विरासत पर गर्व है। मेरा प्रयास लोगों को जोड़ने का रहा है और इस प्रक्रिया में मैं भारत और इजराइल के बीच मजबूत संबंधों के विकास में सभी मील के पत्थर की गवाह भी रही हूं। बात 1980 के दशक में है, जब इज़राइल में राज कपूर की फिल्मों के कुछ हिंदी गानों के अलावा भारत के बारे में लोगों को ज्यादा जानकारी नहीं थी तब रीना ने तंदूरी नाम से तेल अवीव में एक रेस्तरां खोलने का फैसला किया। जल्द ही, उनके रेस्तरां में प्रसिद्ध भारतीय संगीत संयोजक जुबिन मेहता, अभिनेता सोफिया लोरेन, पूर्व इजराइली प्रधानमंत्री यित्जाक राबिन और राष्ट्रपति शिमोन पेरेज जैसी हस्तियों का आना-जाना लगा रहा।

सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरा पक्षकार कमल कक्कड़ प्लॉट नं III &B-88, 200 SQ YDS मापने वाला क्षेत्र,नेहरू नगर कॉलोनी-III, गाजीबाद, उत्तर प्रदेश रवीश चंदर कक्कड़ से खरीद रहे है तथा श्री राम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के साथ बंधक रख रहे है.तथा रवीश चंदर कक्कड़ के पास प्रॉपर्टी से संबंधित रवीश चंदर कक्कड़ के पक्ष में बिक्री विलेख तथा इस संपत्ति से संबंधित मूल पूर्ण बैंक चेन नहीं है यह सूचित किया जाता है की उक्त विलेख के आधार पर किसी प्रकार की कोई भी इकरार, बिक्री,बंधक आदि सिवाय कमल कक्कड़ और उक्त संस्था के बीच, मान्या नही होगा. तथा अगर किसी व्यक्ति ने उक्त विलेख को पाया है तथा किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति मे किसी प्रकार का अधिकार या दावा करना चाहता है तो वह नीचे लिखे न.पर इस प्रकाशन के 08 दिन के अंदर संपर्क कर अपने अधिकार या आपत्ति का की जानकारी दे दे. तथा उक्त कॅागजो को वापस कर दे
एडरेम लिगल सल्यूशन
चैंबर न. ७६०, द्वारका कोर्ट, सेक्टर-१०, द्वारका,नई देल्ही-७५. म. ९८९९०१३९१८

PUBLIC NOTICE
To be known to all that I, **Raman Kalra** S/o Jagdish Chand Kalra R/o **DDA LIG Flat No.22B,First Floor, Block-D-1/C, Janakpuri, New Delhi** owner of DDA LIG Flat No.22B,First Floor,Block-D-1/C,Janakpuri, New Delhi has applied for conversion of the aforesaid flat from leasehold to freehold vide application No. **DDAHCA246972** dt. 06/09/2022 in DDA. All the original documents i.e. original Allotment-Cum-Demand Letter,Possession Letter, NOC for electric and water connection of the above property have been lost. An FIR against this effect has been lodged in Police station. Any persons claiming any right, interest having any objection or found in possession of original documents may write contact with above named person at above add/Ph:9773835407 with 15days from the date of publication of this notice.The person claiming any right,interest,objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director(LIG) or Director(H)-2, D-Blcok, 2nd floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

PUBLIC NOTICE
This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.
VEHICLES FOR SALE
1) LIUGONG_HYDRALICEXCAVATOR CLG205C ENG. NO. 73182370 CHASSIS NO. L11WJ0675-YOM -2012
UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : GUNJAN SINGH
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO.918510032426
EMAIL – gunjan.singh1@kotak.com

सार्वजनिक सूचना
एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती कविता नारंग**, जो प्रथम तल की स्वामी हैं, बिना छत के अधिकार के, जो संपत्ति संख्या WZ-730 पर निर्मित है। 120 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले लॉट नंबर 10, खसरा नंबर 376, खाता नंबर 14, गांव सलीमपुर मजरा मादीपुर, दिल्ली राज्य दिल्ली के क्षेत्र में स्थित है, जिसे अब ऋषि नगर, शकूर बस्ती, दिल्ली के नाम से जाना जाता है। जिसे श्रीमती राज कुमारी से बिक्री विलेख दिनांक 20.05.2016 के द्वारा, दस्तावेज संख्या 6379, उप-पंजीयक-VIA, दिल्ली के पंजीकृत कार्यालय में दि. 21.05.2016 को पंजीकृत है। जिसको **उत्कर्ष स्मॉल फाइनैन्स बैंक लिमिटेड** द्वारा वित्त और बंधक के रूप में खरीदा गया है। बैंक/एनबीएफसी की आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए, हम यह सार्वजनिक सूचना देते हैं कि यदि किसी भी व्यक्ति के पास उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का दावा/अधिकार/हित/गिरवी रखने के संबंध में कोई आपत्ति है, तो आज से 7 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में सूचित करने एवं नीचे लिखे पते पर भेजने का अनुरोध किया जाता है। जिसके न होने पर यह मान लिया जाएगा कि उक्त संपत्ति सभी प्रकार के भार, ग्रहणाधिकार आदि से मुक्त है।
लुसेम लीगल एलएलपी
136, बेसमेंट फ्लोर, उदय पार्क, मदर डेयरी के पास, नई दिल्ली-110049, संपर्क: 011-40046316, 41667327

Public Notice
NOTICE is hereby given that Smt. Tarvinder Kaur & Sh. Ajmer Singh is owner of Entire First Floor Without Roof Rights area measuring 100 Sq., Yds., & Front Half Portion of Second Floor with Roof Rights area measuring 50 Sq. Yds., Built- on Southern Side Portion of Property Bearing No. NA-64 (Old No. NA-29) Out of Khasra No. 21/6 Situated in the area of Village- Khayala Now Colony Known as Vishnu Garden, New Delhi- 110018 by way of Sale Deed dated 05.07.2018 Doc. No. 7740. Now, Smt. Tarvinder Kaur & Sh. Ajmer Singh have intending to sell the above said property to Md. Abrar Ahmed and further Md. Abrar Ahmed agreed to create mortgage in respect of the said property in favour of our client IDFC FIRST Bank Limited. Further, if any person, body, individual, institution having any claim, title, interest and /or objection in respect of or against or relating to or touching upon said property or part of the property by way of sale, exchange, lease, lien, mortgage, charge, encumbrance, gift, trust, easement, maintenance, inheritance, testamentary deposition or otherwise or having in their custody any title, documents pertaining the said property shall communicate the same to the undersigned at below mentioned address within 10 days from the publication of this notice with documentary evidence in support thereof, failing which all the claim, of such person shall be considered to have been waived and or abandoned. Any objections raised after the completion of the 10 days shall not be binding upon the said property or my Client & in case anyone has any objection, the same may be raised within 10 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

# हमारे लोकतंत्र का आधार है हमारा संविधान: मुर्मू

भाषा। जयपुर



जयपुर में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत करते राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि हमारा लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा व जीवंत लोकतंत्र है और इस लोकतंत्र का आधार हमारा संविधान है।

राष्ट्रपति मुर्मू यहां राजभवन में नवनिर्मित संविधान उद्यान के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने कहा, हमारा लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा व जीवंत लोकतंत्र है। हमारे इस महान लोकतंत्र का आधार हमारा संविधान है। इस समारोह में भाग लेकर संविधान निर्माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने का अवसर मुझे मिल रहा है।

संविधान में हुए 105 संशोधनों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, इस प्रकार से हमारा संविधान एक जीवंत दस्तावेज है जो समय के साथ बदलती हुई जनमानस की आशाओं व आकांक्षाओं को सम्माहित करने में पूरी तरह सक्षम है।

राष्ट्रपति ने कहा, हमारे संविधान में समानता का अधिकार दिया गया है। समानता तथा महिला सशक्ति के संदर्भ में राजस्थान के एक महत्वपूर्ण योगदान को मैं रेखांकित करना चाहूंगी। उन्होंने कहा कि बाल विवाह को समाप्त करने के वास्ते एक अधिनियम तैयार करने में राजस्थान के हरविलास शारदा का महत्वपूर्ण योगदान है और इस प्रकार राजस्थान का इतिहास महिलाओं की गरिमा व सशक्तीकरण का इतिहास भी है। उन्होंने विश्वास जताया कि संविधान उद्यान में स्थापित प्रतीकों में सम्माहित उच्च आदर्शों से आने वाली पीढ़ियां प्रेरणा लेंगी। उन्होंने कहा, मैं समझती हूं कि इस संविधान उद्यान के निर्माण का मुख्य उद्देश्य संविधान के आदर्शों के प्रति जागरूकता बनाए रखना है। यह बहुत ही महत्वपूर्ण उद्देश्य है जो हमारे देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाए रखने की दिशा में बड़ा प्रयास है।

इससे पहले राजस्थान की दो दिवसीय यात्रा पर पहुंचीं राष्ट्रपति मुर्मू ने संविधान उद्यान की पट्टिका का अनावरण तथा उद्यान का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यपाल कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, विधानसभा अध्यक्ष सी.पी. जोशी उनके साथ थे। पार्क के वास्तुकार अनूप बरतरिया ने उन्हें पार्क के बारे में जानकारी दी।

राजस्थान देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है जहां आमजन में संवैधानिक जागरूकता लाने के लिए राजभवन में संविधान उद्यान स्थापित किया गया है। पार्क में प्रतिमाओं, मॉडल और चित्रों आदि के माध्यम से संविधान के निर्माण से लेकर उसके कार्यान्वयन तक की यात्रा को प्रदर्शित किया गया है।

राष्ट्रपति ने राजभवन में स्थापित मयूर स्तम्भ, फ्लैग पोस्ट, गांधी प्रतिमा एवं महाराणा प्रताप की अपने घोड़े चेतक के साथ विश्रान्ति मुद्रा में स्थापित प्रतिमा का अवलोकन किया। राष्ट्रपति के रूप में मुर्मू की यह पहली राजस्थान यात्रा है। इससे पहले जयपुर हवाई अड्डा पहुंचने पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने उनकी अगवानी की। यहां से मुर्मू शहर में स्थित अमर जवान ज्योति पहुंचीं और वहां अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# केरल के राज्यपाल ने चेरियन को मंत्रिमंडल में फिर शामिल करने की सिफारिश को मंजूरी दी

भाषा। तिरुवनंतपुरम

**केरल** के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) नेता साजी चेरियन को मंत्रिमंडल में फिर से शामिल करने की मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की सिफारिश को मंजूरी दे दी है।

कुछ महीने पहले माकपा नेता ने संविधान के खिलाफ कथित टिप्पणी को लेकर हंगामे के बाद इस्तीफा दे दिया था।

राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने यह फैसला इसलिए किया क्योंकि ऐसे मामलों में मुख्यमंत्री की सिफारिश उनके लिए बाध्यकारी है।

खान ने पत्रकारों से कहा कि चेरियन को शामिल करने के संबंध में उन्हें मुख्यमंत्री से जो कुछ कहना था, वह कह दिया गया है और वह मीडिया के सामने इस पर चर्चा नहीं करेंगे।

राज्यपाल ने कहा, अंततः मैंने मुख्यमंत्री की सिफारिश को स्वीकार कर लिया और शपथ ग्रहण समारोह कल आयोजित होगा। कल भी मैंने कहा था कि ऐसे मामलों में उनकी (मुख्यमंत्री की) सलाह (माने जाने के लिए) मेरे लिए बाध्यकारी है।

खान ने एक दिन पहले कहा था कि चेरियन को मंत्रिमंडल में शामिल करना सामान्य मामला नहीं है और इसलिए उन्हें इससे संबंधित दस्तावेजों पर गौर करना होगा।

एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि चेरियन बुधवार शाम चार बजे मंत्री पद की शपथ लेंगे।

इस बीच, कांग्रेस ने चेरियन को मंत्रिमंडल में फिर शामिल किए जाने के फैसले का विरोध किया। राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वी. डी. सतीशन ने कहा कि माकपा नेता को फिर मंत्रिमंडल में शामिल करने का फैसला अनैतिक है।

उन्होंने फैसले के पीछे के तर्क पर भी सवाल उठाए और कहा कि विपक्ष इसे स्वीकार नहीं करेगा।

सतीशन ने कहा, हम इसका कड़ा विरोध करेंगे और हम कानून का सहारा भी लेंगे।

उन्होंने कहा कि विपक्षी संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) का कोई सदस्य शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं होगा। उन्होंने इस्तीफा ही क्यों दिया था अगर उन्होंने कानून या संविधान को लेकर कुछ गलत नहीं कहा था। वहीं, चेरियन ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए दावा किया कि उन्होंने कानून और संविधान के खिलाफ कुछ नहीं कहा।

उन्होंने कहा, यह आप (मीडिया) ही थे जो कह रहे थे कि मैंने कुछ असंवैधानिक कहा है। अपनी पार्टी की गरिमा को बनाए रखने के लिए मैंने अपने पद पर बने रहने के बजाय इस्तीफा दिया।

चेरियन ने कहा कि आठ दिसंबर 2022 को केरल उच्च न्यायालय ने उन दो याचिकाओं को खारिज कर दिया था, जिसमें यह घोषणा करने का अनुरोध किया गया था कि उनके भाषण को देखते हुए वह विधायक पद पर रहने के हकदार नहीं हैं।

चेरियन ने अदालत के फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि यह साबित करता है कि उन्होंने कोई अवैध काम नहीं किया है और इसलिए वह विधायक बने रह सकते हैं। उन्होंने सवाल किया, "फिर, कोई विधायक मंत्री क्यों नहीं बन सकता?

उन्होंने यह भी दावा किया कि उनके खिलाफ राज्य की किसी भी अदालत में कोई मामला नहीं लंबित है।

चेरियन ने जुलाई में पथनमथिट्टा जिले में एक भाषण के दौरान कथित तौर पर संविधान के खिलाफ टिप्पणी की थी और इस संबंध में आपराधिक मामला दर्ज होने के बाद मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था।

सत्तारूढ़ माकपा ने 30 दिसंबर 2022 को उन्हें मंत्रिमंडल में वापस लाने का फैसला किया था और अगले दिन राज्यपाल को पत्र भेजकर चार जनवरी को चेरियन को मंत्री पद की शपथ दिलाने की मंजूरी मांगी थी।

कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी ने विधायक को मंत्री बनाने के माकपा के फैसले की आलोचना करते हुए इस कदम को अस्वीकार्य और असंवैधानिक करार दिया। कांग्रेस ने कहा है कि वह चार जनवरी को काला दिवस के रूप में मनाएगी।

# भाजपा कार्यकारिणी की बैठक में नड्डा के कार्यकाल विस्तार पर लग सकती है मुहर

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक यहां 16-17 जनवरी को होगी और इसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के कार्यकाल में विस्तार को मंजूरी दी जा सकती है।

पार्टी सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रमुख संगठनात्मक निकाय की बैठक में विभिन्न राज्यों के आगामी विधानसभा चुनावों के लिए रणनीति पर विचार किया जाएगा। इसके साथ ही अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों का भी जायजा लिया जाएगा।

पार्टी प्रमुख के रूप में नड्डा का तीन साल का कार्यकाल इस महीने के अंत में पूरा हो रहा है और इस बात की पूरी संभावना है कि आगामी चुनावों को देखते हुए उनका कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है।

सूत्रों ने बताया कि भारत को मिली जी-20 की अध्यक्षता के मौके पर सरकार द्वारा आयोजित देशव्यापी कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श बैठक के मुख्य आकर्षण में से एक होने की संभावना है, क्योंकि भाजपा इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों की सराहना करेगी और इस कवायद में अपने कार्यकर्ताओं को शामिल करने का खाका तैयार करेगी।

उन्होंने बताया कि हाल में हुए विधानसभा चुनावों में पार्टी के प्रदर्शन और केंद्र में भाजपा की सरकार के कामकाज पर भी बैठक में चर्चा हो सकती है।

बैठक में आगामी विधानसभा चुनावों और 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों के मद्देनजर संगठनात्मक चुनावों को स्थगित करने पर भी चर्चा हो सकती है। सूत्रों के अनुसार, अप्रैल-मई 2024 में लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद पार्टी में आंतरिक चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो सकती है।

नड्डा के पूर्ववर्ती और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को भी 2019 के लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी की तैयारी का नेतृत्व करने के लिए कार्यकाल का विस्तार मिला था।

संसदीय चुनावों के बाद ही भाजपा के संगठनात्मक चुनाव शुरू हुए और नड्डा को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया और प्रधानमंत्री के रूप में मोदी के दूसरे कार्यकाल के दौरान शाह को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया गया।

एक अनुभवी संगठनात्मक व्यक्ति नड्डा के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) नेतृत्व के साथ भी अच्छे संबंध हैं और उन्हें प्रधानमंत्री मोदी का विश्वास हासिल है।

पार्टी के कई नेताओं का मानना है कि उन्होंने उस संगठनात्मक गतिशीलता को बनाए रखा है, जो भाजपा को उनके पूर्ववर्ती के कार्यकाल में मिली थी।

# अनुब्रत मंडल की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

**कलकत्ता** (भाषा) : उच्च न्यायालय ने कथित पशु तस्करी मामले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए गए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता अनुब्रत मंडल की जमानत अर्जी पर मंगलवार को फैसला सुरक्षित रख लिया।

मंडल के वकील कपिल सिब्बल ने दलील दी कि उनके मुवक्किल चार महीने से अधिक समय से हिरासत में हैं, जबकि मामले के मुख्य आरोपी सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अधिकारी सतीश कुमार को केवल 33 दिन के बाद जमानत मिल गई थी।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के वकील डीपी सिंह ने जमानत याचिका का विरोध करते हुए दावा किया कि जांच को पटरी से उतारने की क्षमता के मामले में मंडल की स्थिति कुमार की तुलना में भिन्न है और वह गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश कर सकते हैं।

मामले में सभी पक्षों को सुनने के बाद न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची के नेतृत्व वाली पीठ ने मंडल की जमानत अर्जी पर फैसला सुरक्षित रख लिया।

# बिहार में लौटा जंगलराज : नड्डा

भाषा। मुजफ्फरपुर । पटना



**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जनादेश का निरादर एवं अपमान करने और प्रदेश की जनता को धोखा देने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को दावा किया कि इस राज्य में जंगलराज फिर से लौट आया है और राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है।

मुजफ्फरपुर जिला के पारु में एक जनसभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने केंद्र की (प्रधानमंत्री)नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा बिहार में किए गए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा और उसके कार्यकर्ता इस प्रदेश को आगे ले जाना चाहते थे।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल-यूनाइटेड (जदयू) के भाजपा से नाता तोड़ राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और अन्य सहयोगी दलों के साथ पिछले साल अगस्त में नई सरकार बना लिए जाने के बाद पहली बार बिहार के दौरे पर पहुंचे नड्डा ने आरोप लगाया कि नीतीश ने जनादेश का निरादर एवं अपमान किया और प्रदेश की जनता को धोखा दिया है।

उन्होंने राजद नेता और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पर प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि बिहार में जंगलराज आ चुका है और राज्य की कानून-व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है।

नड्डा ने बिहार में प्रजातंत्र के खत्म हो जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब यह भी समझ में नहीं आ रहा है कि सुशासन बाबू (नीतीश कुमार) की सरकार में शासन कौन कर रहा है। यही नहीं पता चल रहा है किसका शासन है और कौन सा सुशासन है। उन्होंने कहा कि बिहार की व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं, प्रशासनिक दृष्टि से व्यवस्थाएं ठप हो गई हैं और केंद्र सरकार की कोशिश के बावजूद बिहार आगे नहीं बढ़ पा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अब समय आ गया है कि भाजपा इस प्रदेश (बिहार) का नेतृत्व करे और हमारी पार्टी अपनी विशुद्ध सरकार बनाकर राज्य को आगे ले जाने का काम करे।

वैशाली जिला के नजदीक पड़ने वाले पारू में जनसभा को संबोधित करने के बाद पटना लौटने से पहले भाजपा अध्यक्ष सोनपुर स्थित हरिहर नाथ मंदिर जाएंगे।

दिल्ली रवाना होने से पहले शाम को उनके प्रदेश भाजपा नेताओं के साथ बैठक करने की भी उम्मीद है।

# झारखंड की निलंबित आईएएस अधिकारी को अंतरिम जमानत

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने धनशोधन के मामले में निलंबित की गईं भारतीय प्रशासनिक सेवा की झारखंड काडर की अधिकारी पूजा सिंघल को उनकी बीमार बेटी की देखभाल के लिए मंगलवार को अंतरिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति अभय एस ओका की पीठ ने सिंघल की मुख्य जमानत याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय को तीन सप्ताह में जवाब देने के निर्देश दिए। धनशोधन निरोधी जांच एजेंसी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलीसीटर जनरल एस वी राजू ने कहा कि याचिका में अशुद्धियां हैं और उसमें कोई दम नहीं है। उन्होंने कहा, मैं इस प्रकार की याचिकाओं का विरोध करने वाला अंतिम व्यक्ति होंऊंगा।

# संचार के बिना उन्नतिशील नहीं हो सकता विज्ञान : डॉ. वार्ष्णेय

## अंतरराष्ट्रीय विज्ञान संचार कांग्रेस

**नई दिल्ली।** भारतीय विज्ञान लेखक संघ द्वारा ऑनलाइन प्लेटफार्म पर साइन्स राइटिंग फॉर जर्नलिज्म एंड कम्युनिकेशन विषय पर द्वितीय अंतरराष्ट्रीय विज्ञान संचार कांग्रेस के साथ 22वीं भारतीय विज्ञान संचार कांग्रेस का संयुक्त रूप से आयोजन किया गया। इसमें देश-विदेश के विभिन्न वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों एवं विज्ञान संचारकों ने प्रतिभाग किया। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि के रूप में आईसीएमआर रीजनल मेडिकल रिसर्च सेंटर गोरखपुर के निदेशक डॉ. रजनीकांत की उपस्थिति रही। उन्होंने वैज्ञानिकों, विज्ञान संचारकों एवं मीडिया के समन्वयक की बात की तथा कहा कि साइंस जर्नलिस्ट के लिए इंटर्नशिप की व्यवस्था होनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि के रूप में शिकागो राज्य विश्वविद्यालय के प्रो. गैबरियल गोमेज की उपस्थित रही। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि विज्ञान एवं तकनीकी की भी अपनी सीमाएं होती हैं जिसको हमने कोरोना काल में भली-भांति समझ लिया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएसटी की इकाई इंटरनेशनल कोआपरेशन के परामर्शदाता एवं प्रमुख डॉ. एसके वार्ष्णेय ने की। उन्होंने कहा कि संचार के बिना विज्ञान उन्नतिशील नहीं हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय विज्ञान लेखक संघ के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार पटैरिया ने सामाजिक उत्थान में विज्ञान लेखन की उपयोगिता एवं विज्ञान लोकप्रियकरण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला तथा कहा कि वैज्ञानिक समाज की स्थापना हेतु शैक्षणिक विज्ञान लेखन, तकनीकी विज्ञान लेखन एवं वैज्ञानिकों द्वारा शोधपरक विज्ञान लेखन की आवश्यकता है। उन्होंने विज्ञान लोकप्रियकरण में मीडिया की भूमिका को अत्यधिक महत्वपूर्ण बताया। उद्घाटन सत्र के अंत में भारतीय विज्ञान लेखक संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तारिक बदर ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इसके बाद कई सत्रों में शोध पत्र प्रस्तुत किए गए और विशेषज्ञों ने विज्ञान संचार पर अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. विकास मिश्रा ने विज्ञान संचार को जनसामान्य तक पहुंचाने पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में इंडियन साइंस कम्युनिकेशन सोसाइटी लखनऊ के कार्यकारी सचिव डॉ. वीपी सिंह ने समस्त अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। अंत में इसवा एजीएम में भारतीय विज्ञान लेखक संघ के सदस्यों ने प्रतिभाग किया। जिसमें गत वर्ष के कार्यों की समीक्षा एवं भावी योजनाओं पर विचार विमर्श किया गया। यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय विज्ञान लेखक संघ, भारतीय विज्ञान लेखक संघ तथा इंडियन साइंस कम्युनिकेशन सोसायटी लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ।

# मालदा में वंदे भारत ट्रेन पर पथराव

## मामले में आमने-सामने भाजपा और टीएमसी

भाषा। मालदा (पश्चिम बंगाल)

**हावड़ा**-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस के उद्घाटन के कुछ ही दिन बाद पश्चिम बंगाल के मालदा में ट्रेन पर पथराव की घटना सामने आई है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने घटना की राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से जांच कराने की मांग की है जबकि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने इसे राज्य को बदनाम करने की साजिश बताया है।

रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि मालदा शहर से लगभग 50 किलोमीटर दूर कुमारगंज रेलवे स्टेशन के पास सोमवार शाम हुई इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं मिली है।

कुमारगंज क्षेत्र पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एफएफआर) के कटिहार डिवीज़न के अधिकार क्षेत्र में आता है। अधिकारी ने बताया कि घटना सोमवार को शाम करीब पांच बजकर 10 मिनट पर हुई और ट्रेन को बीच रास्ते में नहीं रोका गया। यह मालदा टाउन रेलवे स्टेशन पर अपने तय कार्यक्रम के तहत ही रुकी।

मालदा टाउन रेलवे स्टेशन राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के आईसी प्रशांत राय ने बताया कि रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) मामले की जांच कर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 30 दिसंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए हावड़ा स्टेशन से ट्रेन को हरी झंडी दिखाई थी।

पश्चिम बंगाल भाजपा के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने आरोप लगाया कि 2019 में सीएए के खिलाफ हुए प्रदर्शन में शामिल लोग ट्रेन पर हुए पथराव में संलिप्त थे। उन्होंने कहा, किसी अन्य राज्य में वंदे भारत एक्सप्रेस पर हमला या तोड़फोड़ नहीं हुई है, ऐसे में यह घटना शर्मनाक है। राज्य सरकार अपने वोट बैंक के संरक्षण के लिए अपराधियों के खिलाफ कुछ नहीं करेगी।

पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा के नेता शुभेंदु अधिकारी ने सवाल किया कि क्या यह घटना हावड़ा स्टेशन पर उद्घाटन समारोह में जय श्री राम के नारे लगाने का बदला है ?

उन्होंने ट्वीट किया, दुर्भाग्यपूर्ण व घिनौना। पश्चिम बंगाल के मालदा में भारत की शान वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव। क्या ऐसा उद्घाटन समारोह में जय श्री राम के नारे लगाने का बदला लेने के लिए किया गया? मैं प्रधानमंत्री कार्यालय, रेल मंत्रालय को मामले की जांच एनआईए को सौंपने और दोषियों को दंडित करने का आग्रह करता हूं।

भाजपा के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए टीएमसी प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि यह राज्य सरकार को बदनाम करने की साजिश है। उन्होंने कहा, हम नहीं जानते कि इसमें कौन शामिल है। पुलिस और रेलवे के अधिकारी इसकी जांच कर रहे हैं। भाजपा इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने की कोशिश कर रही है।

उद्घाटन समारोह में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जय श्री राम के नारे लगाए थे, जिसके बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उस मंच पर जाने से इनकार कर दिया जहां से ट्रेन को हरी झंडी दिखाई गई थी।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस ने बनर्जी को मनाने की कोशिश लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। ममता बनर्जी मंच के सामने कुर्सी पर बैठ गई थीं।

# कूनो में इस महीने पहुंच सकते हैं 12 और चीते

भाषा। नई दिल्ली



**दक्षिण** अफ्रीका से 12 और चीते जनवरी में भारत पहुंच सकते हैं। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि 12 चीतों को मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय पार्क में स्थानांतरित करने के लिए दक्षिण अफ्रीकी अधिकारियों के साथ बातचीत अंतिम चरण में है और ए चीते जनवरी में पहुंच सकते हैं।

कूनो राष्ट्रीय अभयारण्य के अधिकारियों ने कर्नाटक के बांदीपुर बाघ अभयारण्य में राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के 20वें सम्मेलन में सात नर और पांच मादा चीतों को लाने की तैयारियों पर एक प्रस्तुतिकरण दिया था।

चीतों को दक्षिण अफ्रीका में पिछले छह महीने से अलग रखा गया है। सूत्रों ने कहा कि चीतों के अंतर-महाद्वीपीय स्थानांतरण के लिए एक ज्ञापन पत्र पर हस्ताक्षर अभी किए जाने हैं।

भारत के वन्यजीव संस्थान द्वारा तैयार भारत में चीतों को फिर से बसाने की कार्ययोजना के अनुसार करीब 12-14 जंगली चीतों (8 से 10 नर और 4 से 6 मादा) को दक्षिण अफ्रीका, नामीबिया तथा अन्य अफ्रीकी देशों से मंगाया जाना है। यह संख्या देश में चीतों की संख्या बढ़ाने के लिए उपयुक्त है। कार्यक्रम के तहत शुरुआत में पांच साल के लिए ए चीते आएंगे और बाद में जरूरत पड़ने पर और चीते लाए जा सकते हैं।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नामीबिया से आए आठ चीतों की पहली खेप को गत 17 सितंबर को उनके जन्मदिन पर मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय अभयारण्य में छोड़ा था। इनमें पांच मादा और तीन नर चीते थे।

पर्यावरण राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने पिछले महीने संसद को सूचित किया था कि कूनो में सभी आठ चीतों को अब बड़े परिसर में छोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा था कि चीतों में किसी तरह की सेहत संबंधी जटिलता नजर नहीं आई है।

देश में 1952 में चीते विलुप्त हो गए थे और 70 साल बाद इस पशु को पिछले साल भारत लाया गया था।

# अब परिवार के मुखिया की सहमति से आधार में पते को ऑनलाइन अद्यतन कर सकेंगे लोग

भाषा। नई दिल्ली




**भारतीय** विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने अब निवासियों को यह सुविधा दी है कि वे अपने परिवार के मुखिया की सहमति से ऑनलाइन ढंग से आधार कार्ड में पते को अद्यतन (अपडेट) कर सकते हैं। यूआईडीएआई ने मंगलवार को आधिकारिक बयान में कहा कि परिवार के मुखिया से संबंध को दर्शाने वाला कोई दस्तावेज जमा कर निवासी पते को ऑनलाइन अद्यतन कर सकते हैं। इस तरह के दस्तावेजों के रूप में राशन कार्ड, अंक-पत्र, विवाह प्रमाण-पत्र और पासपोर्ट आते हैं जिनपर मुखिया और उस व्यक्ति दोनों के नाम एवं संबंध अंकित हों।

प्राधिकरण ने कहा है कि अगर किसी व्यक्ति के पास इस तरह का कोई दस्तावेज नहीं है तो वह परिवार के मुखिया की तरफ से एक निर्धारित प्रारूप में की गई स्व-घोषणा को जमा कर सकता है।

बयान के मुताबिक, परिवार के मुखिया की सहमति से पते को ऑनलाइन ढंग से आधार में अद्यतन करने की सुविधा किसी निवासी के बच्चों, पत्नी या माता-पिता जैसे उन करीबी रिश्तेदारों के लिए काफी मददगार होगी जिनके पास अपने नाम पर सहयोगी दस्तावेज नहीं हैं। विभिन्न कारणों से लोग शहरों एवं कस्बों को बदलते रहते हैं, ऐसे में यह सुविधा लाखों लोगों के लिए मददगार होगी। आधार में दर्ज पते को अद्यतन करने की यह नई सुविधा पहले से जारी सुविधा से इतर है। यूआईडीएआई पहले से ही पते के वैध दस्तावेजों के आधार पर अद्यतन करने की सुविधा देता रहा है।

प्राधिकरण ने यह भी कहा है कि 18 साल से अधिक उम्र के किसी भी व्यक्ति को परिवार का मुखिया माना जा सकता है और वह अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अपना पता साझा कर सकता है। प्राधिकरण के माई आधार पोर्टल पर जाकर पते को ऑनलाइन अद्यतन किया जा सकता है। इसके लिए प्राधिकरण ने 50 रुपए का शुल्क भी निर्धारित किया है।

# सियाचिन ग्लेशियर मे में पहली बार महिला सेना अधिकारी की तैनाती

भाषा। नई दिल्ली

**सेना** की इंजीनियर कोर की कैप्टन शिवा चौहान को सियाचिन ग्लेशियर में अग्रिम पंक्ति की चौकी में तैनात किया गया है। दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र में किसी महिला सेना अधिकारी की यह इस तरह की पहली अभियानगत तैनाती है।

सेना के अधिकारियों ने बताया कि महिला अधिकारी को सोमवार को सियाचिन में लगभग 15,600 फुट की ऊंचाई पर स्थित कुमार चौकी में तीन महीने के लिए तैनात किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कैप्टन चौहान को शुभकामनाएं दी ।

उन्होंने ट्वीट किया, "शानदार समाचारउ सशस्त्र बलों में और अधिक महिलाओं को शामिल होते देख और उन्हें हर चुनौती का डटकर सामना करते हुए देखकर मैं बेहद खुश हूं। यह एक उत्साहजनक संकेत है। कैप्टन शिवा चौहान को मेरी शुभकामनाएं"।

# मावी के गेंदों से भारत रहा हावी

## ● पहले टी20 में श्रीलंका को 2 रनों से हराया

भाषा। मुंबई

**भारतीय टीम** ने तीन मैचों की श्रृंखला के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में मंगलवार को यहां श्रीलंका को दो रन से शिकस्त देकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। भारत के लिए शिवम मावी ने चार विकेट लिए।

इससे पहले दीपक हुड्डा और अक्षर पटेल की 38 गेंद में 68 रन की अटूट साझेदारी के दम पर भारत ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में मंगलवार को यहां पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 162 रन बनाए। श्रीलंका के स्पिनरों की शानदार गेंदबाजी के सामने भारतीय टीम 94 रन पर पांच विकेट गंवा कर मुश्किल में थी लेकिन हुड्डा ने 23 गेंद में एक चौका चार छक्के की मदद से नाबाद 41 और अक्षर ने 20 गेंद की नाबाद पारी में तीन चौके और एक छक्का की मदद से 31 रन बनाकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।बांग्लादेश के खिलाफ पिछले महीने एकदिवसीय में दोहरा शतक जड़ने वाले इशान किशन (29 गेंद में 37 रन) ने पहले ओवर में ही कासुन रजिता के खिलाफ छक्का और दो चौका जड़ टीम का आक्रमण शुरुआत दिलाई। इस ओवर से 17 रन बने। शिवम मावी के साथ इस मैच में पदार्पण कर रहे शुभमन गिल (सात रन) ने अपनी पारी की पहली गेंद पर दिलशान मदुशंका के खिलाफ चौका जड़ा लेकिन अगले ओवर में गेंदबाजी के लिए आए महीश तीक्षणा की गेंद पर पगबाधा हो गए। पिछले साल टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले सूर्यकुमार यादव का बल्ला इस मैच में नहीं चला और वह 10 गेंद की पारी में सात रन बना कर चमिका करुणारत्ने की गेंद पर राजपक्षे को कैच देकर पवेलियन लौट गए। पावरप्ले में भारतीय टीम का स्कोर दो विकेट पर 41 रन था। अगले ओवर में धनंजय डिसिल्वा की गेंद पर संजू सैमसन (पांच) भी चलते बने। कप्तान हार्दिक पंड्या ने क्रीज पर कदम रखते ही करुणारत्ने के खिलाफ लगातार दो चौके जड़े। दूसरे छोर से किशन ने 10वें ओवर में राजिता के खिलाफ लगातार गेंदों पर छक्का और चौका लगा कर रन गति को बढ़ाया लेकिन 11वें ओवर में वानिंदु हसरंगा की गेंद को दर्शकों के पास भेजने की कोशिश में धनंजय को कैच दे बैठे। पंड्या ने कुछ आकर्षक शॉट लगाए लेकिन पूरी तरह से लय हासिल नहीं कर सके।श्रीलंकाई स्पिनरों ने इस दौरान भारत की रन गति पर ब्रेक लगा दिया। टीम 10वें से 15वें ओवर के बीच सिर्फ 26 रन बना सकी। छठे क्रम पर बल्लेबाजी के लिए आए हुड्डा ने तीक्षणा के खिलाफ लगातार दो छक्के के साथ मैच का रूख मोड़ा। उन्होंने अगले ओवर में हसरंगा की गेंद को भी दर्शकों के पास भेजा। दूसरे छोर से अक्षर ने हुड्डा का शानदार तरीके से साथ दिया। श्रीलंका के लिए मदुशंका, तीक्षणा, करुणारत्ने, धनंजय और हसरंगा ने एक-एक विकेट लिए।




मावी

| ओवर | रन | विकेट |
|---|---|---|
| 4 | 22 | 4 |

### स्कोरबोर्ड

**भारत पारी** : किशन का धनंजय बो हसरंगा 37, गिल पगबाधा तीक्षना 07, सूर्यकुमार का राजपक्षे बो करुणारत्ने 07, सैमसन का मदुशंका बो धनंजय 05, पंड्या का मेंडिस बो मदुशंका 29,हुड्ड नाबाद 41, पटेल नाबाद 31 ,**अतिरिक्त** : पांच, कुल योग: (20 ओवर में पांच विकेट पर) 162 रन, विकेट पतन: 1-27, 2-38, 3-46, 4-77, 5-94, **गेंदबाजी**: रजिता 4-0-47-0, मदुशंका 4-0-35-1, तीक्षणा 4-0-29-1, करुणारत्ने 3-0-22-1, धनंजय 1-0-6-1, हसरंगा 4-0-22-1

**श्रीलंका पारी**: निसंका बो मावी 01 , मेंडिस का सैमसन बो हर्षल 28, डिसिल्वा का सैमसन बो मावी 08,असलंका का इशान बो उमरान 12, राजपक्षे का हार्दिक बो हर्षल 10,शनाका का चहल बो उमरान 45,हसरंगाका हार्दिक बो मावी 21, करुणारत्ने नाबाद 23,तीक्षणा का सूर्यकुमार बो मावी 01, रजिता रन आउट 05, मदुशंका रन आउट 00, **अतिरिक्त**: 06, **कुल योग** : (20 ओवर मे सभी आउट) 160 रन, **विकेट पतन**: 1-12, 2-24, 3-47, 4-51, 5-68, 6-108, 7-129, 8-132, 9-159, गेंदबाजी: हार्दिक 3-0-12-0,मावी 4-0-22-4,उमरान 4-0-27-2, चहल 2-0-26-0, हर्षल 4-0-

# एनसीए से स्वीकृति मिलने के बाद बुमराह भारतीय वनडे टीम में

भाषा। मुंबई

**भारत के स्टार** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) द्वारा फिट घोषित किए जाने के बाद मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ 10 जनवरी से शुरू हो रही तीन मैच की घरेलू एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया। बुमराह ने भारत की ओर से पिछला मुकाबला सितंबर में खेला था और वह पीठ की चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप में भी नहीं खेल पाए थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बयान में कहा, अखिल भारतीय सीनियर चयन समिति ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को श्रीलंका के खिलाफ तीन मैच की मास्टरकार्ड एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारत की एकदिवसीय टीम में शामिल किया है। बयान के अनुसार, यह तेज गेंदबाज रिहैबिलिटेशन से गुजरा है और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) ने उसे फिट घोषित किया है। वह जल्द ही भारत की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम से जुड़ेंगे। पहला एकदिवसीय मैच गुवाहाटी में 10 जनवरी को खेला जाएगा जबकि दूसरा और तीसरा वनडे 12 और 15 जनवरी को क्रमश: कोलकाता और त्रिवेंद्रम में होगा। इस साल एकदिवसीय विश्व कप को देखते हुए इस बात की संभावना कम ही है कि बुमराह को अक्टूबर-नवंबर में स्वदेश में होने वाले 50 ओवर के विश्व कप तक सबसे छोटे प्रारूप की टीम में शामिल किया जाए। बुमराह और एकदिवसीय विश्व कप को देखते हुए अन्य महत्वपूर्ण खिलाड़ियों के इंडियन प्रीमियर लीग में काम के बोझ पर भी एनसीए में करीबी नजर रखी जाएगी। भारत 2011 के बाद दूसरी बार स्वदेश में विश्व कप जीतने की कोशिश करेगा और ऐसे में भारत की संभावनाओं में बुमराह की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। वर्ष 2016 में अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के बाद से बुमराह ने भारत की ओर से 30 टेस्ट, 72 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और 60 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज माइकल होल्डिंग सहित विशेषज्ञों का मानना है कि बुमराह काफी छोटे रन अप के बावजूद तेज गति से गेंदबाजी करते हैं जिसके कारण चोटिल होने की आशंका बनी रहती है।




### बीसीसीआई महिला आईपीएल टीमों के स्वामित्व के लिए बोली आमंत्रित की

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) मार्च में होने वाली महिला इंडियन प्रीमियर लीग (डब्ल्यूआईपीएल) के शुरुआती सत्र के लिए टीमो के स्वामित्व और संचालन के लिए मंगलवार को बोलियां आमंत्रित की है। महिला आईपीएल का उद्घाटन सत्र तीन से 26 मार्च तक खेले जाने की संभावना है। इसके बाद पुरुषों के आईपीएल का आयोजन होगा। बीसीसीआई से जारी बयान के मुताबिक, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने महिला इंडियन प्रीमियर लीग मे टीम के स्वामित्व और संचालन के अधिकार के लिए निविदा आमंत्रण (आईटीटी) जारी करने की घोषणा की। इसके मुताबिक, आईपीएल की संचालन समिति एक निविदा प्रक्रिया के माध्यम से महिला इंडियन प्रीमियर लीग में एक टीम के स्वामित्व और संचालन का अधिकार प्राप्त करने के लिए प्रतिष्ठित संस्थाओ से बोली आमंत्रित करती है।

### धोनी के कौशल को पहचान दिलाने वाले प्रकाश पोद्दार का निधन

**नई दिल्ली।** बंगाल के पूर्व बल्लेबाज और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के कौशल परख (टैलेंट स्पॉटर) करने वाले प्रकाश पोद्दार का निधन हो गया। पोद्दार ने ही बीसीसीआई को महेंद्र सिंह धोनी का नाम विकेटकीपर बल्लेबाज के लिए सुझाया था। बंगाल क्रिकेट संघ के सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि पोद्दार का हैदराबाद में निधन हो गया। वह 82 साल के थे। पोद्दार ने घरेलू क्रिकेट में बंगाल और राजस्थान दोनों का प्रतिनिधित्व किया था। वह हैदराबाद में रहते थे, जहाँ उन्होंने 29 दिसंबर को अंतिम सांस ली।

### न्यूजीलैंड के बडे स्कोर के जवाब में पाकिस्तान की सतर्क शुरूआत

**कराची।** मैट हेनरी और एजाज पटेल की आखिरी विकेट की शतकीय साझेदारी से न्यूजीलैड ने दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन मंगलवार को अपनी पहली पारी में 449 रन बनाने के बाद 154 रन पर पाकिस्तान के तीन विकेट चटका लिए। दिन का खेल खत्म होने पर सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक 74 और सऊद शकील 13 रन बनाकर खेल रहे थे। पाकिस्तान की टीम पहली पारी में न्यूजीलैड से 295 रन पीछे है। पाकिस्तान ने दिन की शुरुआत मे मेहमान टीम को 350 रन के अंदर समेटने की कोशिश की लेकिन हेनरी ने 81 गेंदो मे करियर की सर्वश्रेष्ठ नाबाद 68 रन की पारी खेली और पटेल ने टेस्ट मे अपने सर्वश्रेष्ठ 35 रन बनाकर 10वें विकेट के लिए 104 रन जोड़े। पिछले साल जून के बाद से अपना पहला टेस्ट खेल रहे तेज गेंदबाज हेनरी ने इसके बाद गेंद से कमाल करते हुए अब्दुल्ला शफीक (19) तो वही पटेल ने शान मसूद (20) को आउट कर पाकिस्तान की मुश्किले बढ़ा दी।

### जम्पा ने की मांकडिंग की कोशिश, गेंदबाजी एक्शन पूरा होने के कारण हुए विफल

**मेलबर्न।** मेलबर्न स्टार्स के कप्तान एडम जम्पा ने बिग बैश लीग (बीबीएल) मैच के दौरान मंगलवार को मेलबर्न रेनेगेड्स के बल्लेबाज टॉम रोजर्स के खिलाफ मांकडिग (नॉन-स्ट्राइकर को रन आउट) करने की कोशिश की लेकिन अंपायर ने इसमे उनकी गलती को पकड़ लिया जिससे इस स्पिन गेंदबाज को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा।मैकेंजी हार्वे को गेंदबाजी करते समय जम्पा ने अपना फॉलो-थ्रू पूरा किया और जब वह गेंद को हाथ से छोड़ने के करीब थे तभी पीछे मुड़े और स्टंप्स की गिल्लियां बिखेर कर रोजर्स के रन आउट होने की अपील की।

### चोटिल अर्जुन मलेशिया ओपन में नहीं खेल पाएंगे

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन के लिए बीता सत्र शानदार सफलता से भरा रहा जिसमे युवा ध्रुव कपिला और एमआर अर्जुन की जोड़ी पुरुष युगल मे दूसरी सर्वश्रेष्ठ जोड़ी बनकर उभरी। पंजाब के 22 वर्षीय ध्रुव और केरल के 25 वर्षीय अर्जुन भले ही अपने से बेहतर हमवतन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी (पांचवे स्थान पर) के बराबर सफलता हासिल नही कर पाए हो लेकिन पिछले 12 महीने मे विश्व रैंकिंग मे 42वें से 19वें स्थान पर पहुंचना कोई छोटी उपलब्धि नही है। इस दौरान अपने से बेहतर रैंकिंग वाले खिलाड़ियों के खिलाफ जीत, बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप सहित दुनिया की बड़ी टूर स्पर्धाओ के क्वार्टर फाइनल में पहुंचना और थॉमस कप विजेता टीम का हिस्सा बनने से 2023 के लिए उनका आत्मविश्वास और बढ़ गया है।

# पेले को उस शहर में दफनाने की तैयारी जिसे उन्होंने फुटबॉल का मक्का बनाया



भाषा। सांतोस

**पेले के** अपना आखिरी मुकाबला खेलने के 45 साल बाद भी उनके बिना आधुनिक फुटबॉल या ब्राजील की कल्पना करना मुश्किल है। सत्रह साल की जियोवाना सरमेंटो ने पेले के पार्थिव शरीर के दर्शन के लिए तीन घंटे इंतजार किया जिसे उस स्टेडियम में रखा गया है जहां उन्होंने अपने करियर में अधिकांश समय खेला। वह अपने पिता के साथ आई थी जिन्होंने पेले के नाम की ब्राजील की टीर्शट पहन रखी थी। जियोवाना ने कहा, मैं सांतोस की प्रशंसक नहीं हूं और ना ही मेरे पिता।

लेकिन इस आदमी ने ब्राजील की राष्ट्रीय टीम को नई पहचान दी। उन्होंने सांतोस को मजबूत बनाया, उन्होंने इसे बड़ा बनाया, आप उनका सम्मान कैसे नहीं कर सकते ? वह अब तक के सबसे महान लोगों में से एक हैं, हमें उनका सम्मान करने की जरूरत है।

पेले को मंगलवार को उसी शहर में दफनाया जाएगा जहां वह बड़े हुए, मशहूर हुए और इसे फुटबॉल की वैश्विक राजधानी बनाने में मदद की। पेले के पार्थिव शरीर को ताबूत में कब्रिस्तान ले जाने से पहले एक कैथोलिक मास का आयोजन विला बेल्मिरो स्टेडियम में होगा। ब्राजील के नव निर्वाचित राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा के स्टेडियम से ताबूत को हटाए जाने से कुछ समय पहले विला बेल्मिरो आने की उम्मीद है। कैंसर से जूझने के बाद पेले का गुरुवार को 82 साल की उम्र में निधन हो गया। वह तीन विश्व कप जीतने वाले एकमात्र खिलाड़ी थे।

# गांगुली निदेशक के रूप में दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ने को तैयार

भाषा। नई दिल्ली



**भारतीय क्रिकेट** बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली अप्रैल में शुरू होने वाले आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र से दिल्ली कैपिटल्स टीम के क्रिकेट निदेशक के रूप में इस लीग में वापसी करेंगे। आईपीएल से जुड़े सूत्रों ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की।भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान ने अक्टूबर में बीसीसीआई अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। वह दिल्ली कैपिटल्स के अलावा इस फ्रेंचाइजी से जुड़ी आईएलटी20 की टीम दुबई कैपिटल्स और दक्षिण अफ्रीका की टी20 लीग की टीम प्रिटोरिया कैपिटल्स के क्रिकेट से जुड़े कार्यों को देखेंगे। इस मामले की जानकारी रखने वाले आईपीएल के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई-भाषा से कहा, जी हां, सौरव इस साल से दिल्ली कैपिटल्स के साथ वापसी करेंगे। फ्रेंचाइजी और उनके बीच इसे लेकर चर्चा हुई है। सूत्र ने कहा, उन्होंने इस फ्रेंचाइजी के साथ काम किया है, इसके मालिकों के साथ उनकी अच्छी समझ है। अगर वह आईपीएल में काम करना चाहेंगे तो हमेशा दिल्ली कैपिटल्स के साथ ही करेंगे। यह पुष्टि नहीं की जा सकी कि जीएमआर और जेएसडब्ल्यू समूहों के सह-स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी में गांगुली की कोई छोटी हिस्सेदारी होगी या नहीं। गांगुली 2019 में इस फ्रेंचाइजी के साथ अपने कार्यकाल के दौरान दिल्ली कैपिटल्स के मेंटर थे। यह समझा जाता है कि फ्रेंचाइजी ने हालिया नीलामी में मुख्य कोच रिकी पोंटिंग और गांगुली दोनों के सुझाव का पालन किया। आईपीएल फ्रेंचाइजी के मालिक अब अपने दायरे को बढ़ा रहे हैं और दूसरे देशों की फ्रेंचाइजी क्रिकेट में निवेश कर रहे हैं। फ्रेंचाइजी टीम पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों के लिए वैश्विक भूमिकाएं देख रही हैं।

### गांगुली ने पंत को लेकर कहा, उम्मीद करता हूं कि वह जल्द उबर जाएगा

**कोलकाता।** पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने मंगलवार को उम्मीद जताई कि ऋषभ पंत जल्द ही कार दुर्घटना मे लगी चोटो से उबर जाएंगे और वापसी करेंगे। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज पंत शुक्रवार को एनएच-58 पर गाड़ी चलाते समय अपनी कार से नियंत्रण खो देने के कारण भयानक दुर्घटना का शिकार हो गए। फिलहाल मैक्स देहरादून में उनका सिर, पीठ, घुटने और टखने की चोटो का इलाज चल रहा है। गांगुली ने यहां एक प्रचार कार्यक्रम के इतर कहा, मै उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं, बस इतना ही कह सकता हूं। आप जानते है कि जीवन में चीजें होती रहती है और आपको आगे बढ़ने की जरूरत है, इसलिए उम्मीद है कि वह जल्द ही ठीक हो जाएंगे और वापसी की राह पर लौटेंगे। पंत के मुख्य रूप से घुटने और टखने मे लगी चोटों के कारण कम से कम छह महीने तक क्रिकेट से दूर रहने की संभावना है। दिल्ली कैपिटल्स का क्रिकेट निदेशक बनने जा रहे भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि कतर ने फीफा विश्व कप की मेजबानी करके उल्लेखनीय काम किया है। गांगुली ने कहा, आप जानते है कि मै फुटबॉल को करीब से देखता हूं और मै इसे थोड़ा बहुत समझता भी हूं।

# मनिका विश्व रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 35वें स्थान पर



भाषा। नई दिल्ली

**भारत की** स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा आईटीटीएफ विश्व रैंकिंग में मंगलवार को तीन स्थान के फायदे से करियर की सर्वश्रेष्ठ 35वीं रैंकिंग पर पहुंच गईं। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने नवंबर में एशियाई कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को उसका अब तक का पहला पदक दिलाया था। बैंकॉक में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने के दौरान मनिका ने जापान की दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी हिना हयाता और चीन की दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी चेन शिंगटोंग को हराया। मनिका को इस प्रदर्शन से 175 रैंकिंग अंक मिले जिससे वह रैंकिंग में आगे बढ़ने में सफल रहीं। मनिका ने हंगरी और स्लोवेनिया में दो डब्ल्यूटीटी कंटेंडर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भी जगह बनाई। मनिका ने पीटीआई से कहा, एशियाई कप में मेरा प्रदर्शन राष्ट्रमंडल खेल 2018 के साथ मेरे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में शामिल है। मैंने अपने खेल का लुत्फ उठाया और बेहद आश्वस्त थी। बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों से खाली हाथ लौटने के बाद मनिका ने एशियाई कप में पदक जीता। मनिका ने इससे चार साल पहले गोल्ड कोस्ट में दो स्वर्ण पदक सहित चार पदक जीते थे।

# मनीष, हसमुद्दीन क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

## ● राष्ट्रीय मुक्केबाजी

भाषा। हिसार




**विश्व** चैंपियनशिप 2019 के कांस्य पदक विजेता मनीष कौशिक, 2022 एशियाई चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हसमुद्दीन और 2018 राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन गौरव सोलंकी छठे एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में मंगलवार को जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। सेना खेल नियंत्रण बोर्ड (एसएससीबी) का प्रतिनिधित्व करने वाले कौशिक (63.5 किग्रा) ने अपनी तकनीकी कौशल का प्रदर्शन करते हुए 2018 राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता आंध्र प्रदेश के संदीप डोनी को मात दी। कौशिक का दबदबा ऐसा था कि रेफरी को दूसरे दौर में ही मुकाबला रोकना पड़ा। राष्ट्रमंडल खेलों के दो बार के कांस्य पदक विजेता सेना के हसमुद्दीन (57 किग्रा) ने मिजोरम के लल्लवमावमा को सर्वसम्मत फैसले से हराया। हरियाणा के सोलंकी (60 किग्रा) ने प्री-क्वार्टर फाइनल में मध्य प्रदेश के हरेंद्र सिंह को 5-0 से मात दी। रेलवे का प्रतिनिधित्व करने वाले गोविंद साहनी (48 किग्रा) ने जम्मू-कश्मीर के मानसिंह को 5-0 से हराया। 2022 एशियाई चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता के सामने क्वार्टर फाइनल में अरुणाचल प्रदेश की हेली टाना तारा की चुनौती होगी। साहनी के टीम-साथी वरिंदर सिंह (60 किग्रा) ने सेना के इब्राहिम मोहम्मद के खिलाफ दमदार जीत दर्ज की।

# जोकोविच ने एकल वर्ग में 2023 में की जीत से शुरुआत



**एडीलेड।** नोवाक जोकोविच ने एडीलेड इंटरनेशनल के पहले दौर में मंगलवार को फ्रांस के कॉन्स्टेट लेस्टीन को 6-3, 6-2 से हराकर ऑस्ट्रेलिया मे एकल मैचो में अपनी जीत की लय को बरकरार रखा। शीर्ष वरीयता प्राप्त जोकोविच की यह ऑस्ट्रेलियाई सरजमी पर लगातार 30वी एकल जीत थी जो 2018 से जारी है। सोमवार को युगल मे हार का सामना करने के बाद जोकोविच का यह सत्र का पहला एकल मैच था। वह अगर अपनी जीत के सिलसिले को जारी रखते है तो सेमीफाइनल मे उनके सामने सातवें स्थान के खिलाड़ी डेनियल मेदवेदेव की चुनौती हो सकती है। मेदवेदेव के खिलाफ पहले दौर के मुकाबले मे इटली के लोरेंजो सोनेगो चोट के कारण बीच मैच से हट गए। जब खेल रोका गया तब मेदवेदेव 7-6, 2-1 से आगे चल रहे थे। एडीलेड मे दर्शको ने फिर से जोकोविच का गर्मजोशी से स्वागत किया गया, जहां उन्होंने 19 साल की उम्र मे यह टूर्नामेंट जीता। इस 21 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन को पिछले साल कोविड-19 के लिए टीकाकरण नही कराने के कारण ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले ऑस्ट्रेलिया से निर्वासित कर दिया गया था। जोकोविच ने ऑस्ट्रेलिया वापसी के बारे में पूछे जाने पर कहा, आप जिस पर ध्यान केंद्रित करते है, आप वैसे ही बन जाते है। अगर मै नकारात्मकता पर ध्यान दूंगा तो मै वही आकर्षित करूंगा, इसलिए मै ऐसा नही करना चाहता। मुझे कोई शिकायत नही है।

### रामकुमार और मुकुंद हारे, एकल में भारतीय चुनौती समाप्त



**पुणे।** रामकुमार रामनाथन तीसरे और निर्णायक सेट मे मौको का फायदा उठाने मे नाकाम रहे जबकि शशि कुमार मुकुंद को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा जिससे मंगलवार को यहां टाटा ओपन महाराष्ट्र के पुरुष एकल वर्ग मे पहले दौर में ही भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। क्वालीफायर के जरिए मुख्य ड्रॉ मे जगह बनाने वाले रामकुमार ने पहले सेट मे अपनी सर्व और वॉली से दुनिया के 62वे नंबर के खिलाड़ी पेड्रो मार्टिनेज पर दबदबा बनाया लेकिन इसके बाद उन्होंने स्पेन के खिलाड़ी को वापसी करने का मौका दे दिया जिसने दो घंटे और 28 मिनट मे 3-6 7-5 6-3 से जीत दर्ज की। दुनिया के 340वें नंबर के खिलाड़ी के साथ विश्व रैंकिंग मे देश का शीर्ष एकल खिलाड़ी होने के कारण मुकुंद को वाइल्ड कार्ड दिया गया था। उन्होंने फ्लावियो कोबोली को बेसलाइन पर कड़ी टक्कर दी लेकिन इटली के खिलाड़ी ने अहम मौको पर अंक जुटाते हुए एक घंटा और 38 मिनट मे 6-4 7-5 की जीत के साथ भारतीय खिलाड़ी को बाहर का रास्ता दिखा दिया। किशोर मानस धामने और सुमित नागल को भी वाइल्ड कार्ड से टूर्नामेंट मे प्रवेश मिला था। इन दोनों को भी सोमवार को पहले दौर के मुकाबले मे हार का समाना करना पड़ा। टाटा ओपन भारत का सबसे बड़ा एटीपी टूर्नामेंट है लेकिन मेजबान देश के खिलाड़ी प्रतियोगिता मे मौको का फायदा उठाने मे नाकाम रहे। दिन के अन्य मुकाबलों मे नीदरलैंड के टिम वान रिथोवेन ने मालदोवा के राडू अल्बोट को 6-4 6-4 से हराया जबकि आठवे वरीय रूस के अस्लान करात्सेव ने पाब्लो अंदुजार को 6-1 6-3 से शिकस्त दी। पुरुष युगल मे जीवन नेदुनचेझियान और श्रीराम बालाजी की जोड़ी ने मेजबान देश की दो जोड़ियों के बीच हुए पहले दौर के मुकाबले मे पूरव राजा और दिविज शरण की वाइल्ड कार्ड धारक जोड़ी को 6-4 6-3 से हराया। इससे पहले मार्टिनेज जब मैच जीतने के लिए सर्विस कर रहे थे तब दर्शको की हौसलाअफजाई के बीच रामकुमार ने वापसी की कोशिश की लेकिन 30-30 के स्कोर पर फोरहैंड शॉट बाहर मार गए। रामकुमार ने मैच प्वाइंट बचाया जब मार्टिनेज ने फोरहैंड नेट पर मारा। मार्टिनेज ने हालांकि वॉली पर अंक जुटाकर मुकाबला जीत लिया।

# उनादकट ने दिल्ली के खिलाफ पहले ओवर में हैट्रिक लेकर इतिहास रचा



## ● रणजी राउंडअप

भाषा। राजकोट

**बांग्लादेश** के खिलाफ मीरपुर में दूसरे टेस्ट में अपनी गेंदबाजी से प्रभावित करने वाले जयदेव उनादकट ने रणजी ट्रॉफी में वापसी करते हुए मंगलवार को यहां ग्रुप बी में दिल्ली के खिलाफ पहले ओवर में हैट्रिक लेकर इतिहास रचा। दिल्ली ने उनादकट की तूफानी गेंदबाजी से सिर्फ 10 रन पर ही सात विकेट गंवा दिए थे लेकिन रितिक शौकीन (68) की पारी से दिल्ली की टीम 133 रन तक पहुंचने में सफल रही। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सबसे कम स्कोर का रिकॉर्ड द बी टीम के नाम है जो इंग्लैंड के खिलाफ 1810 में आधिकारिक मैच में छह रन पर आउट हो गई थी। सौराष्ट्र ने इसके जवाब में सलामी बल्लेबाज हार्विक देसाई (नाबाद 104) के शतक और चिराग जानी (नाबाद 44) के साथ उनकी 120 रन की साझेदारी से एक विकेट पर 184 रन बनाकर दिल्ली पर 51 रन की बढ़त के साथ अपना पलड़ा भारी रखा। देसाई ने जय गोहिल (34) के साथ पहले विकेट के लिए 64 रन जोड़कर सौराष्ट्र को अच्छी शुरुआत दिलाई। उन्होंने अब तक 124 गेंद की अपनी पारी में 15 चौके जड़े हैं। इससे पहले उनादकट अपनी तीसरी, चौथी और पांचवीं गेंद पर क्रमश: ध्रुव शोरे (00), वैभव रावल (00) और कप्तान यश धुल (00) को आउट करके रणजी ट्रॉफी के 88 साल के इतिहास में पहले ओवर में हैट्रिक लेने वाले पहले गेंदबाज बने। इससे पहले रणजी में सबसे तेज हैट्रिक कर्नाटक के आर विनय कुमार ने पहले और तीसरे ओवर में मिलाकर ली थी।

### ईश्वरन के प्रथम श्रेणी में लगातार चौथा शतक जड़ा, उत्तराखंड के खिलाफ बंगाल की शानदार शुरुआत

**देहरादून।** भारतीय टेस्ट टीम के रिजर्व सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में लगातार चौथे शतक के साथ अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा जिससे बंगाल ने यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच के पहले दिन मंगलवार को उत्तराखंड के खिलाफ तीन विकेट पर 269 रन बनाए। ईश्वरन की नाबाद 141 की पारी और भी खास है क्योंकि यह उनके घरेलू मैदान अभिमन्यु क्रिकेट अकादमी स्टेडियम में आया था। इस स्टेडियम का नाम उनके नाम पर रखा गया था और इसका संचालन उनके पिता रंगनाथन परमेश्वरन ईश्वरन द्वारा किया जाता है। उत्तराखंड के कप्तान आदित्य तारे ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। ईश्वरन ने शानदार लय में चल रहे एक अन्य खिलाड़ी सुदीप घरामी (90) के साथ दूसरे विकेट के लिए 170 रन की साझेदारी कर बड़े स्कोर की नीव रखी।

### पाटीदार के शतक से मप्र ने विदर्भ के खिलाफ की वापसी

**इंदौर।** रजत पाटीदार के 121 रन से गत चैंपियन मध्य प्रदेश ने मंगलवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच के पहले दिन विदर्भ के खिलाफ वापसी करते हुए छह विकेट पर 234 रन बनाए। टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरे मध्य प्रदेश ने दोनों सलामी बल्लेबाजों और शुभम शर्मा के विकेट शुरुआती 10 ओवर मे गंवा दिए थे। यश दुबे (02) को यश ठाकुर ने पगबाधा किया जबकि दूसरे सलामी बल्लेबाज हिमांशु मंत्री (07) भी ललित यादव की गेंद पर पगबाधा हुए। शुभम शर्मा भी चार गेंद मे एक रन बनाने के बाद पवेलियन लौट गए। अगरतला में ग्रुप डी के एक अन्य मैच मे चंडीगढ़ ने मनन वोहरा (नाबाद 124) और कुणाल महाजन (नाबाद 103) के नाबाद शतक और दोनों के बीच तीसरे विकेट की 175 रन की अटूट साझेदारी से त्रिपुरा के खिलाफ दो विकेट पर 313 रन बनाए। मनन ने 215 गेंद की अपनी पारी में 16 चौके जड़े है।

### कर्नाटक के खिलाफ छत्तीसगढ खराब शुरूआत से उबरा

**बेंगलुरू।** आशुतोष सिंह (118) की नाबाद शतकीय पारी और अमनदीप खरे (93) के साथ चौथे विकेट के लिए 210 रन की साझेदारी के दम पर छत्तीसगढ़ ने मंगलवार को यहां कर्नाटक के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के पहले दिन पांच विकेट पर 267 रन बनाए। आशुतोष ने 273 गेंद की नाबाद पारी में 18 चौके और एक छक्का लगाया है। जयपुर में ग्रुप के एक अन्य मैच मे राजस्थान ने झारखंड को 47 ओवर मे 92 रन पर समेटने के बाद दिन का खेल खत्म होने तक चार विकेट पर 101 रन बना लिए। राजस्थान के लिए तेज गेंदबाज अनिकेत चौधरी और तनवीर उल हक ने चार-चार विकेट चटकाकर झारखंड की पारी को सस्ते मे समेटने मे मदद की।